✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 341 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 11 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



असम में राज्यपाल से मिल हिमंता बिस्वा सरमा ने सरकार बनाने का दावा पेश किया

# बिहार में 12 आइएएस-16 आइपीएस का तबादला

## कई विभागों के सचिव बदले, विकास वैभव बने मगध रेंज के आइजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सम्राट सरकार ने रविवार को 16 सीनियर आइपीएस एवं 12 आइएएस का तबादला किया गया है। अब विकास वैभव मगध रेंज के आइजी होंगे। वहीं नैयर हसनैन को इओयू से हटाकर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इओयू की जिम्मेदारी अमित जैन को दी गई है। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार कई आइपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। सरकार ने कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, तकनीकी सेवाएं और विशेष शाखा जैसे अहम विभागों में बदलाव किए हैं। अमित कुमार जैन को आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) में नई जिम्मेदारी मिली है। 1994 बैच के आइपीएस डॉ. परेश सक्सेना को महानिदेशक-सह-आयुक्त, असैनिक सुरक्षा बनाया गया है। निर्मल कुमार आजाद को पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) की जिम्मेदारी दी गई है। 1996 बैच के प्रमांशु कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक, विधि-व्यवस्था बनाया गया है। नैयर हसनैन खान को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। कमल किशोर सिंह को रेल विभाग का एडीजी बनाया गया है। 1997 बैच के अजीताभ कुमार को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो एवं आधुनिकीकरण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं संजय सिंह को बजट, अपील एवं कल्याण विभाग का एडीजी बनाया गया है और उन्हें सुरक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। 1998 बैच के अमित लोढ़ा को तकनीकी सेवाएं एवं संचार विभाग में भेजा गया है। अमृत राज को साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। कासे सुहिता अनुपम को कमजोर वर्ग अपराध अनुसंधान विभाग की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा क्षत्रनिल सिंह को गृह विभाग की विशेष शाखा में विशेष सचिव बनाया गया है। पी. कन्नन को आईजी प्रोविजनिंग और आधुनिकीकरण की जिम्मेदारी दी गई है। रंजीत कुमार मिश्रा को अपराध अनुसंधान विभाग में पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है और साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं संजय कुमार को विशेष शाखा, बिहार पटना का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। बिहार सरकार ने राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए बड़े स्तर पर आइएएस अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियां की हैं। इस फ़ेरबदल में शिक्षा, वित्त, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, ऊर्ज़ा, भवन निर्माण, पर्यटन और आपदा प्रबंधन जैसे कई विभागों में नए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सबसे पहले 1996 बैच के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी आनंद किशोर को वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। आनंद किशोर फिलहाल बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। 1996 बैच के ही एचआर श्रीनिवास को समाज कल्याण विभाग का नया अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। खास बात यह है कि वे पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव और सामान्य प्रशासन विभाग में जांच आयुक्त का अपना मौजूदा प्रभार भी संभालते रहेंगे। स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभाग में भी अहम बदलाव किए गए हैं। 1997 बैच के संतोष कुमार मल्ल को जल संसाधन विभाग से हटाकर आपदा प्रबंधन विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। वहीं 2005 बैच के कुमार रवि को स्वास्थ्य विभाग का नया सचिव नियुक्त किया गया है। कुमार रवि इससे पहले मुख्यमंत्री सचिवालय में सचिव के तौर पर काम कर रहे थे। 2003 बैच के लोकेश कुमार सिंह को पर्यटन विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही वे विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। ऊर्ज़ा विभाग की जिम्मेदारी 2005 बैच के अजय यादव को दी गई है। अजय यादव अब ऊर्ज़ा विभाग के सचिव होंगे। साथ ही मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग और बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त जिम्मा भी उनके पास रहेगा। 2007 बैच के संजय कुमार सिंह को वित्त विभाग का सचिव बनाया गया है और उन्हें विभाग का पूरा प्रभार सौंपा गया है। भवन निर्माण विभाग में 2008 बैच के प्रणव कुमार को नया सचिव बनाया गया है। वहीं 2010 बैच के चंद्रशेखर सिंह अब जल संसाधन विभाग के नए सचिव होंगे। इसके अलावा मनोज कुमार सिंह को नई दिल्ली स्थित बिहार भवन का स्थानिक आयुक्त नियुक्त किया गया है। रजनीश कुमार सिंह को कारा एवं सुधार सेवाएं विभाग में आइजी की जिम्मेदारी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 19 जिलों में आज आंधी-बारिश का येलो अलर्ट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में पुरवा के प्रभाव से नमी लगातार जारी है। अगले पांच-छह दिनों तक हवा के रुख में बदलाव के कुछ खास आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सोमवार 11 मई को पटना सहित दक्षिण बिहार में आंशिक बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। वहीं उत्तर बिहार के 19 जिलों में आंधी-पानी को लेकर चेतावनी जारी की गई है। इन स्थानों पर 50-60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। वहीं रविवार को पटना सहित 11 जिलों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### बीबीए एलएलबी की सेमेस्टर परीक्षा 19 से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-2030 के बीबीए एलएलबी सेमेस्टर एक की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं 19 मई से शुरू होंगी और 26 मई तक चलेंगी। सभी पेपर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होंगे। परीक्षा केंद्र बीएन कॉलेज में बनाया गया है। 19 मई को पहला पेपर प्रबंधन के सिद्धांत, 21 मई को दूसरा पेपर अंग्रेजी, 23 मई को तीसरा पेपर अनुबंध का कानून एक और 26 मई को चौथा पेपर संवैधानिक कानून पेपर की परीक्षा होगी।

### पीएनजी और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना में पीएनजी और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई है। नई दरें लागू हो गई हैं। कीमत बढ़ने का असर घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं पर भी पड़ेगा। नई दरों के अनुसार घरेलू पीएनजी की कीमत 49.44 रुपये से बढ़ाकर 49.94 रुपये प्रति एससीएम कर दी गई है।वहीं सीएनजी की कीमत 88.90 रुपये से बढ़कर 89.90 रुपये प्रति किलो हो गई है।

## सम्राट सरकार ने दिया तोहफा

# अब वेतन-पेंशन के बदले एडवांस पैसे ले सकेंगे कर्मचारी और पेंशनभोगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ी राहत देने की तैयारी की है। नई व्यवस्था के तहत कर्मचारी और पेंशनभोगी अब अपने वेतन और पेंशन के आधार पर अग्रिम राशि प्राप्त कर सकेंगे। खास बात यह है कि सरकार खुद ऋण नहीं देगी बल्कि गारंटर की भूमिका निभाएगी। बैंक और वित्तीय संस्थान इस योजना के तहत राशि उपलब्ध कराएंगे। वित्त विभाग के अनुसार सरकार ने इस योजना को अल्पावधि और दीर्घावधि दो श्रेणियों में विभाजित किया है। अल्पावधि श्रेणी के तहत अधिकतम 60 दिनों तक अग्रिम राशि दी जाएगी। यदि कर्मचारी तय समय के भीतर राशि लौटा देते हैं तो उन पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं लगेगा। वहीं दीर्घावधि श्रेणी में कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को उनके वेतन या पेंशन का 30 गुना तक अग्रिम मिल सकेगा। योजना में यह भी प्रावधान किया गया है कि मासिक वेतन या पेंशन के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ताकि कर्मचारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाएगा। इसके लिए वित्त विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है जो योजना के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी संभालेगा। वित्त विभाग की ओर से बताया गया कि अब बिहार सरकार के कर्मचारी और पेंशनर अपना वेतन और पेंशन की राशि को एडवांस के तौर पर ले पाएंगे। यह एडवांस राशि दो माह तक के लिए मिलेगी। अगर जल्दी (अगले माह) इसे वापस देते हैं तो इस पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह से पेपरलेस यानी डिजिटल होगी। सभी तरह के शुल्क और ब्याज की जानकारी भी सार्वजनिक रहेगी।

# मातृशक्ति हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : सीएम

## मदर्स डे पर सीएम सम्राट चौधरी ने मां पर किया भावुक पोस्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मातृ दिवस के अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी दिवंगत मां पार्वती देवी को भावुक संदेश के साथ याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए मां के त्याग, ममता और संस्कारों को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। इस दौरान उन्होंने अपनी मां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज जो भी संस्कार, संघर्ष और सेवा की भावना उनके भीतर है, वह मां की ही देन है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मां केवल एक रिश्ता नहीं होतीं बल्कि त्याग, ममता और संस्कारों की सबसे बड़ी शक्ति होती हैं। वह बिना किसी अपेक्षा के अपना संपूर्ण जीवन परिवार और बच्चों के लिए समर्पित कर देती हैं। उन्होंने कहा कि मां का स्नेह और आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है जो हर परिस्थिति में व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सम्राट चौधरी ने अपने संदेश में मातृशक्ति के सम्मान की बात भी कही। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार की नींव माताएं ही होती हैं। उनके योगदान को शब्दों में बांधा नहीं जा सकता। मातृशक्ति का सम्मान करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है और यही संस्कारित समाज की पहचान भी है। मुख्यमंत्री ने मातृ दिवस के अवसर पर राज्य और देश की सभी माताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हर मां अपने परिवार की सबसे बड़ी ताकत होती है और उनका आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। मातृ दिवस केवल एक दिन नहीं बल्कि मां के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।

# मैजिक-ऑटो की भीषण टक्कर में दो मजदूरों की मौत, पांच गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल।** एनएच-139 पर मेहंदिया स्थित मधु शर्मा मोड़ के पास रविवार की सुबह रफ्तार का ऐसा खौफनाक कहर देखने को मिला जिसने रोजी-रोटी कमाने निकले दो लोगों की जान ले ली। एक सवारी भरे ऑटो और तेज रफ्तार मैजिक वाहन के बीच हुई भीषण टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर भारी बवाल काटा। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो में सवार सभी लोग दिहाड़ी मजदूर थे। ये सभी मजदूर सुबह-सुबह अपने घरों से निकलकर मजदूरी दू करने के लिए मेहंदिया जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मैजिक गाड़ी ने उनके ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे मजदूर सड़क पर छिटक कर गिर पड़े। इस खौफनाक टक्कर के बाद मौके पर कोहराम मच गया। खून से लथपथ मजदूरों की दर्दनाक चीखें सुनकर आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। हादसे में गंभीर चोटें आने के कारण दो मजदूरों ने घटनास्थल पर ही तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। वहीं, पांच अन्य मजदूर बुरी तरह से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा। आक्रोशित ग्रामीणों ने शवों को सड़क पर रखकर एनएच-139 को पूरी तरह से जाम कर दिया। सड़क जाम होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को काफी समझा-बुझाकर शांत कराया और कार्रवाई का भरोसा दिया जिसके बाद सड़क से जाम हटाया जा सका। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नदी किनारे पड़े दो सूटकेसों में मिले कटे हुए शवों के टुकड़े

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब दुर्गावती नदी किनारे दो संदिग्ध सूटकेश बरामद किए गए। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब सूटकेश खोले तो उनमें कटे हुए शवों के टुकड़े मिले। घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। एसपी हरिमोहन शुक्ला ने बताया कि मोहनिया और रामगढ़ थाना क्षेत्र की सीमा के पास ग्रामीणों ने नदी किनारे कुछ शवों के टुकड़े पड़े होने की सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने अलग-अलग शवों के टुकड़े को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। एसपी के अनुसार कैमूर जिले में अब तक इस तरह की किसी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज नहीं हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के जिलों को भी सूचना भेजी जा रही है ताकि शवों की पहचान की जा सके। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारें : नीतीश

## नीतीश कुमार ने जदयू कोटे के नवनियुक्त मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने आवास पर जदयू कोटे के नवनियुक्त मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में जदयू के कद्दावर नेताओं और मंत्रियों की मौजूदगी रही। मंत्री अशोक चौधरी और लेशी सिंह ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। इसके अलावा जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी मुख्यमंत्री आवास पहुंचे जहां शासन और रणनीति को लेकर देर तक मंथन चला। मिली जानकारी के मुताबिक बैठक का मुख्य उद्देश्य नए मंत्रियों को उनकी जिम्मेदारियों का बोध कराना और सरकार की प्राथमिकताओं से अवगत कराना था। नीतीश कुमार ने मंत्रियों को निर्देश दिया कि वह अपने-अपने विभागों के कामकाज में तेजी लाएं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारें। बैठक में विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के विभागीय कामकाज और भविष्य की स्वास्थ्य रणनीतियों को लेकर नीतीश कुमार ने वरिष्ठ नेताओं के साथ फीडबैक साझा किया। उन्होंने सरकार और संगठन के बीच एक मजबूत सेतु बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि काम ऐसा कीजिए जिससे जनता के बीच सरकार की छवि और अधिक बेहतर हो सके। जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह और संजय झा एक दिन पहले ही कोलकाता में थे, जहां उन्होंने पश्चिम बंगाल के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया था। इस शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के कई राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शामिल हुए थे। कोलकाता से लौटने के तुरंत बाद इन दोनों नेताओं ने नीतीश कुमार को वहां की राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी दी। इन दिग्गजों के साथ लंबी चर्चा की।



# दो महीने में 95 लाख लाभुकों तक पहुंचा पूरक पोषाहार

**समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्वी चंपारण और मधुबनी जिले में सर्वाधिक लाभुकों की संख्या दर्ज की गई**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में पूरक पोषाहार योजना के तहत टेक होम राशन का वितरण किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आईसीडीएस निदेशालय के स्तर से संचालित 1 लाख 15 हजार 64 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर टीएचआर का वितरण किया जा रहा है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीएचआर का वितरण अब चेहरा पहचान प्रणाली के माध्यम से हो रहा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत फरवरी और मार्च महीने में 95 लाख 41 हजार 891 लाभुकों की संख्या दर्ज की गई है जिनमें गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं और 6 महीने से 3 वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं।

**इन जिलों में सबसे अधिक टीएचआर**

जिलेवार आंकड़ों के अनुसार समस्तीपुर जिले में सबसे अधिक 4 लाख 47 हजार 152 लाभुकों को एफआरएस के जरिए टीएचआर वितरित किया गया। इसके बाद मुजफ्फरपुर में 4 लाख 37 हजार 293, पटना में 4 लाख 35 हजार 801, पूर्वी चंपारण में 4 लाख 31 हजार 177 और मधुबनी में 4 लाख 12 हजार 342 लाभुकों को राशन प्रदान किया गया। आईसीडीएस निदेशालय के अधिकारी ने कहा कि फेस रिकग्निशन सिस्टम से न केवल वितरण प्रक्रिया पारदर्शी हुई है, बल्कि फर्जी लाभार्थियों की पहचान भी आसान हो गई है। इससे योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है। राज्य सरकार की यह पहल राष्ट्रीय स्तर पर भी सराही जा रही है जहां पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से ऐसी तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## हत्या की नीयत से अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोकामा।** मरांची थाना पुलिस ने हत्या की नीयत से अपहरण के मामले में फरार चल रहे आरोपी को शनिवार देर रात गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मरांची थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि 2 मार्च को गणेश निषाद और सोनू निषाद का अपहरण कर लिया गया था। आरोपियों ने दोनों को बुरी तरह पीटा। पुलिस की तत्परता से समय रहते दोनों की जान बच गई।इस मामले में पुलिस पहले ही दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चुकी थी। फरार चल रहे तीसरे आरोपी, दियारा के कुख्यात देवन सिंह के पुत्र विकाश कुमार उर्फ बिक्को को शनिवार देर रात दबोच लिया गया। आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह दिवस भारत की वैज्ञानिक क्षमता, तकनीकी आत्मनिर्भरता और नवाचार की भावना का प्रतीक है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 11 मई 1998 को राजस्थान के पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण कर भारत ने पूरी दुनिया में अपनी वैज्ञानिक और तकनीकी शक्ति का परिचय दिया था। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिवस का आयोजन पहली बार वर्ष 1999 में किया गया था। इसकी घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विकास परिषद द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि यह दिवस भारतीय प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों को समर्पित है। भारत आज विज्ञान, अंतरिक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिसमें देश के वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को नवाचार एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़कर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करना चाहिए।

# मंत्री श्रवण कुमार ने सुवेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने सुवेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्रवण कुमार ने अपने बधाई संदेश में कहा कि मुख्यमंत्री पद तक पहुंचना सुवेंदु अधिकारी के लंबे राजनीतिक अनुभव, जनसेवा के प्रति समर्पण और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने उनके नेतृत्व और कार्यशैली पर भरोसा जताते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल देश का एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य रहा है। राज्य ने साहित्य, कला, शिक्षा और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में देश को नई दिशा दी है। ऐसे महत्वपूर्ण राज्य का नेतृत्व संभालना बड़ी जिम्मेदारी है। श्रवण कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में सुशासन, विकास और जनकल्याण की योजनाओं को नई गति मिलेगी तथा आम लोगों की अपेक्षाएं पूरी होंगी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि सुवेंदु अधिकारी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और अपार ऊर्जा प्राप्त हो, ताकि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पश्चिम बंगाल की जनता की सेवा करते रहें। अंत में उन्होंने उनके सफल और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## इलेक्ट्रिक वाहनों के परिचालन को लेकर चार्जिंग पॉइंट का जाल बिछाया जाएगा : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** परिवहन मंत्री दामोदर राउत ने बताया कि पर्यावरण की रक्षा के लिए राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के परिचालन को लेकर चार्जिंग पॉइंट का जाल बिछाने का काम परिवहन विभाग द्वारा किया जाएगा। इससे इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के परिचालन को प्रोत्साहन मिलेगा और लोगों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि पहले से चलाये जा रहे मुख्यमंत्री परिवहन योजना के माध्यम से सभी प्रखंड के पांच-पांच युवाओं को अनुदानित दर पर वाहन खरीद के योजना को जारी रखा जाएगा। इसके अलावा बसों के परिचालन को लेकर परिवहन विभाग गांव तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है जिससे दूर देहात गांव के लोगों को भी आवागमन में सुविधा हो। परिवहन मंत्री आज पटना से सड़क मार्ग के माध्यम से जमुई जाने के क्रम में शेखपुरा के सरकारी अतिथि शाला में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पत्रकार वार्ता में अपने विभाग की प्राथमिकताओं को विस्तार से गिनाया।

# मां बनी संघर्ष से सफलता तक की प्रेरणा

**डॉ. आनंद रंजन झा की भावनात्मक कविता ने लोगों का दिल जीता**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**वैशाली।** प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा द्वारा लिखी गई भावनात्मक कविता 'मां : मेरे संघर्ष से सफलता तक की ताकत' इन दिनों लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। इस कविता में उन्होंने अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा, जीवन के कठिन दौर तथा सफलता के पीछे अपनी मां के त्याग, संस्कार और आशीर्वाद को अत्यंत मार्मिक शब्दों में व्यक्त किया है। कविता में डॉ. झा ने बताया है कि किस प्रकार सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उनकी मां ने उन्हें कभी हार नहीं मानने दी। मां के विश्वास, त्याग और प्रेरणा ने ही उन्हें संघर्षों से लड़ने की शक्ति दी तथा समाज और युवाओं के लिए कार्य करने की प्रेरणा प्रदान की। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि जीवन में जो भी उपलब्धियां उन्हें प्राप्त हुई हैं, वह केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि उनकी मां की तपस्या, आशीर्वाद और संघर्ष का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि एक मां ही वह शक्ति होती है जो अपने बच्चों के सपनों को अपने त्याग से सींचती है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिन परिस्थितियां क्यों न आए, यदि माता-पिता का आशीर्वाद और आत्मविश्वास साथ हो तो हर मंजिल हासिल की जा सकती है। कविता को सुनने एवं पढ़ने वाले लोगों ने इसे अत्यंत प्रेरणादायक और भावनात्मक बताते हुए कहा कि यह केवल एक कविता नहीं, बल्कि हर उस मां के त्याग को सम्मान देने वाली अभिव्यक्ति है जो अपने बच्चों के भविष्य के लिए स्वयं संघर्ष करती है।

# बोधगया में जल निकासी की होगी बेहतर व्यवस्था, बिजली व्यवस्था पर भी काम : डॉ प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बोधगया अतिथिगृह में कार्यपालक अभियंता बुडको और अंचलाधिकारी बोधगया के साथ विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर परिषद बोधगया क्षेत्र में चल रहे साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं और विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बोधगया अंतरराष्ट्रीय धार्मिक और पर्यटन स्थल है, इसलिए यहां स्वच्छता, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर परिषद बोधगया के पुराने 16 वार्डों में साफ-सफाई का कार्य विभागीय स्तर पर कराया जा रहा है, जबकि विस्तारित 17 वार्डों में एजेंसी के माध्यम से सफाई कार्य हो रहा है। इस कार्य में लगभग 450 कर्मी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि गया हवाई अड्डा से दुर्गेशन होते महाबोधि मंदिर तक बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभागीय निर्देश पर निविदा प्रकाशित कर दी गई है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि नगर परिषद बोधगया में तीन हजार नई लाइट लगाने की स्वीकृति बोर्ड की बैठक में दी गई है। इसके साथ ही बंद पड़ी पुरानी लाइटों की मरम्मत के लिए भी निविदा प्रकाशित कर कार्य कराने का निर्देश दिया गया है। नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए गया हवाई अड्डा से महाबोधि मंदिर तक श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु दस आधुनिक सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि बोधगया में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम निर्माण के लिए विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए 10 करोड़ रुपये बुडको, पटना को हस्तांतरित कर दिए गए हैं, जिससे जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि बोधगया को स्वच्छ, व्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

# मां की ममता का कोई मोल नहीं : महापौर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू ने कहा कि मां की ममता की कोई मोल नहीं होता और इस ऋण से संतान कभी मुक्त नहीं हो पाता है और खासकर सुपर मॉम या सिंगल मॉम जो अपने बच्चों को मां और पिता दोनों का प्यार देकर उनकी जिंदगी संवारती है उनका सम्मान सबसे बड़ा सम्मान है। महापौर राजधानी पटना में जन भारत शिक्षा स्माईल फाउंडेशन के द्वारा आयोजित सुपर मॉम सम्मान को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि माता बच्चे के लिए पहली शिक्षक व गुरु होती है उनका बच्चों की सफलता में योगदान होता है। इस मौके पर नमामी गंगे की ब्राड एम्बेस्डर नीतू नवगीत ने कहा कि मां बढ़कर दुनिया में कोई नहीं होती है इसलिए मां सर्वदा पूज्यनीया है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ जूली बनर्जी ने मां की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो मां अपने बच्चे को माता पिता दोनों बनकर अपने भविष्य को सुधारने में योगदान दे रही है वह वंदनीय है और हम उन 23 माताओं को सम्मानित कर अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह आयोजन मातृत्व, शक्ति, त्याग, धैर्य और महिला सशक्तिकरण का एक सुंदर उत्सव बन गया। कुल 24 प्रेरणादायक माताओं को उनके परिवार, समाज, पेशे और मानवता के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्वेता कुमारी, शायकदेव मुखर्जी, श्वेता भास्कर, सुनैना सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बिहार में एनआरपी दिवस पर 18 हजार स्वास्थ्यकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**एम्स पटना में यूनिसेफ समर्थित नवजात देखभाल कार्यक्रम का आयोजन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** एम्स पटना, रविवार को देश के सबसे बड़े नवजात शिशु देखभाल प्रशिक्षण अभियानों में से एक का केंद्र बना जहां राष्ट्रीय नवजात जीवनरक्षक कौशल दिवस में देशभर से स्वास्थ्यकर्मियों, सरकारी अधिकारियों और नवजात शिशु विशेषज्ञों ने भाग लिया। राष्ट्रीय नवजात विज्ञान फोरम की ओर से आयोजित इस राष्ट्रव्यापी पहल को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, बिहार सरकार के राज्य स्वास्थ्य समिति, यूनिसेफ, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) और ट्रेंड नर्सेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएनएआई) के सहयोग से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारत में नवजात पुनर्जीवन प्रशिक्षण के 35 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अभियान की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि एक ही दिन में 18 हजार से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों को नवजात पुनर्जीवन तकनीकों का प्रशिक्षण देना रहा। आयोजकों ने इसे नवजात शिशु देखभाल के क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े क्षमता-विकास अभियानों में से एक बताया। इस पहल को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल करने के लिए भी प्रस्तावित किया गया है। यह कार्यक्रम भारत के न्यूबॉर्न एक्शन प्लान (आईएनएपी) के अनुरूप है जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक नवजात मृत्यु दर को एकल अंक तक लाना है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रीय गीत, दीप प्रज्वलन समारोह का आयोजन किया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. संजय अग्रवाल ने प्रत्येक मां और नवजात को समय पर एवं समान स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रेफरल और स्टेबलाइजेशन सिस्टम को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नवजात मृत्यु दर कम करने में प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका सबसे अहम है। साथ ही उन्होंने 'कंगारू मदर केयर' जैसी वैश्विक सर्वोत्तम पद्धतियों और डब्ल्यूएचओ मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण नवजात देखभाल को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने एनएनएफ, यूनिसेफ और एम्स पटना के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षण और क्षमता विकास से जुड़े सामूहिक प्रयास बिहार में नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यूनिसेफ बिहार की चीफ ऑफ फील्ड ऑफिस मोनिका नील्सन ने कहा कि वर्ष 2030 तक नवजात मृत्यु दर को एकल अंक तक लाने के भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों में नवजात जीवनरक्षक कौशल को मजबूत करना बेहद जरूरी है।

# तानसेन फेस्टिवल में बप्पी लहरी को संगीतमय श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक एंड डांस द्वारा आयोजित तानसेन 10वां मेगा म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल 2025-26 के दूसरे दिन ए एन कॉलेज के सत्येंद्र नारायण सिन्हा ऑडिटोरियम में लाइव बैंड कॉन्सर्ट एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का पूरा आयोजन महान संगीतकार बप्पी लहरी को संगीतमय श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित रहा। कार्यक्रम में तानसेन के विद्यार्थियों ने गिटार, कीबोर्ड, ड्रम्स एवं मधुर गायन के माध्यम से बप्पी लहरी के लोकप्रिय गीतों की शानदार लाइव प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत संध्या की शुरुआत कन्हैया भजन से हुई जिसने पूरे सभागार को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देकर तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। दर्शकों ने विद्यार्थियों की मंच प्रस्तुति, अनुशासन, तालमेल और संगीत प्रतिभा की जमकर सराहना की। इस अवसर पर तानसेन के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार ने कहा कि संस्थान बच्चों को केवल संगीत और नृत्य की शिक्षा ही नहीं देती, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में तैयार करने का भी कार्य करती है।

## सिक्स लेन पुल से कूदने जा रही मां और दो बच्चों को पुलिस ने बचाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोकामा।** रविवार देर रात औटा-सिमरिया सिक्स लेन पुल पर एक दिल दहला देने वाली घटना होते-होते टल गई। घरेलू कलह से परेशान एक महिला अपने दो मासूम बच्चों के साथ गंगा नदी में छलांग लगाने जा रही थी, तभी पुलिस की तत्परता ने तीनों की जान बचा ली।जानकारी के अनुसार मरांची निवासी विनोद यादव की पत्नी सरिता देवी रविवार रात करीब 8 बजे अपने 8 वर्षीय बेटे और 10 वर्षीय बेटी को लेकर सिक्स लेन पुल पर पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने जब महिला को बच्चों समेत रेलिंग पर चढ़ते देखा तो तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी।सूचना मिलते ही हाथीदह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि कंट्रोल रूम से अलर्ट मिलते ही टीम तुरंत पुल पर पहुंची। महिला पुल की रेलिंग पर खड़ी थी और कूदने ही वाली थी। पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ से महिला को समझा-बुझाकर नीचे उतारा और दोनों बच्चों समेत उसे सुरक्षित हिरासत में ले लिया।

## आपरेशन मुस्कान के फेज आठ के तहत 73 मोबाइल फोन बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सहरसा।** जिले में आपरेशन मुस्कान के फेज आठ के तहत कुल 73 मोबाइल फोन बरामद कर कोशी क्षेत्र के उपमहानिरीक्षक कुमार आशीष और एसपी हिमांशु ने वास्तविक मोबाइल धारकों को सौंपा जिसकी अनुमानित कीमत लगभग पंद्रह लाख तैंतालीस हजार सात सौ चौहत्तर रुपया है। जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत अब तक कुल 425 मोबाइल फोन बरामद कर वास्तविक मोबाइल धारकों को दिया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग इकहत्तर लाख चौरासी हजार नौ सौ तेईस रुपया है।

## वन बिहार नेवल यूनिट के एनसीसी कैडेट्स ने मनाया 'गौरव दिवस'




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एन.आई.टी. पटना परिसर स्थित 1 बिहार नेवल यूनिट के नेवल एनसीसी कैडेट्स द्वारा भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के प्रतीक 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ सप्ताह उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने कहा कि भारतीय सेना का पराक्रम सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए गर्व एवं प्रेरणा का स्रोत है। 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की सैन्य शक्ति, साहस एवं राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है।

# विलाक्राफ्ट्स ने किया तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी 'कला संगम' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** 'बिहार ललित कला अकादमी', पटना में 10 मई से 12 मई 2026 तक बिहार की समृद्ध लोक एवं पारंपरिक कलाओं-टिकुली कला, मधुबनी लोक कला, तांत्रिक कला, गोदना कला एवं मंजूषा कला पर आधारित एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। पटना में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय समूह कला प्रदर्शनी में देश भर से 56 कलाकारों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में इन कलाकारों की विविध कलाकृतियां प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी को देखने के लिए अधिक संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इस प्रदर्शनी में सोनी कुमारी, साधना, बुलबुल कुमारी, शिवानी गुप्ता व अन्य कलाकारों की एक से बढ़कर एक कलाकृतियों को लगाया गया है जिसे कला प्रेमी खूब सराह रहे हैं। तीन दिनों तक चलने वाली यह प्रदर्शनी कला प्रेमियों के लिए कला के विविध आयामों से रूबरू होने का एक सुनहरा मौका है। प्रदर्शनी में भाग लेने वाली मधुबनी पेंटिंग की कलाकार सोनी कुमारी ने बताया कि वह पटना के खगौल की रहने वाली हैं और पेंटिंग के प्रति बचपन से ही अपने लगाव के कारण उन्होंने कोरोना काल में मधुबनी पेंटिंग को अपना करियर बना लिया।

## जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था सामान्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** जिलाधिकारी अमृषा बैंस के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सतत अनुश्रवण एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में यह सूचित किया जाता है कि अरवल जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता पूर्णतः सामान्य है। 10 मई, 2026 की स्थिति के अनुसार जिले में कुल 4146 एलपीजी गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं। आम लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। जिले के सभी 14 गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलिंडर उपलब्ध है। आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 24 घंटे संचालित है। उपभोक्ता निम्नलिखित दूरभाष संख्याओं पर संपर्क कर अपनी शिकायत/सुझाव दर्ज करा सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि एलपीजी गैस की बुकिंग प्राप्त होने के उपरांत गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से उनके घर तक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों पर जाने की आवश्यकता नहीं है और वे घर बैठे ही बुकिंग कर सकते हैं।

# कांग्रेस के 53 सांगठनिक जिलों के लिए 155 नेताओं की जंबो सूची जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने संगठन सृजन साथी अभियान को लेकर 53 सांगठनिक जिलों के लिए 155 नेताओं की जंबो सूची जारी की है। पार्टी की ओर से जारी सूची में विभिन्न जिलों के लिए जिला ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं जिन पर अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी होगी। यह सूची बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के निर्देशन में जारी की गई। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जारी सूची में कई वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को भी शामिल किया गया है। इन नेताओं को अलग-अलग सांगठनिक जिलों में जाकर संगठन सृजन साथी अभियान की निगरानी, समन्वय और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी का मानना है कि इस अभियान से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार अभियान के तहत सांगठनिक गतिविधियों को तेज किया जाएगा तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को गांव और पंचायत स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि संगठन सृजन साथी अभियान पार्टी के विस्तार और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सभी नियुक्त ऑब्जर्वर अपने-अपने जिलों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत बिक्रमगंज में 410 वादों का समाधान, 1.76 करोड़ की वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर कुल 410 मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान विभिन्न पक्षकारों से कुल 1 करोड़ 76 लाख 90 हजार रुपये की राशि की वसूली की गई। न्यायिक प्रक्रिया को गति देने और लंबित वादों का शीघ्र निपटारा करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया था। निष्पादित मामलों में सबसे बड़ा हिस्सा बैंक ऋण से जुड़े वादों का रहा। बैंकों से संबंधित 263 मामलों का समाधान किया गया जिससे 56 लाख 40 हजार रुपये की वसूली हुई। इसके अलावा 59 आपराधिक सुलह योग्य मामलों का भी निपटारा हुआ। बिजली विभाग से जुड़े 61 वादों को सुलझाया गया और विभाग को इनसे 40 लाख 37 हजार 662 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। शेष मामलों में दीवानी, पारिवारिक विवाद और अन्य सुलह योग्य प्रकृति के वाद शामिल थे। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ न्यायिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला जज के निर्देश पर इस आयोजन के लिए कुल आठ बेंचों का गठन किया गया था। पहले बेंच की अध्यक्षता जिला अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ओम सागर ने की। दूसरे बेंच के पीठासीन पदाधिकारी जिला अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय कृष्ण प्रताप राना रहे। तीसरे बेंच में एसीजेएम प्रथम राजेश कुमार, चौथे बेंच में मुंसफ स्वयं श्रीवास्तव और पांचवें बेंच में एसडीजेएम जन्मजय चौधरी पीठासीन अधिकारी थे। छठे बेंच की जिम्मेदारी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी राकेश रंजन ने संभाली। सातवें बेंच में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सावा सकिल और आठवें बेंच में एडिशनल मुंसफ प्रतीक शैल पीठासीन पदाधिकारी थे। सभी बेंचों ने गंभीरता से मामलों की सुनवाई की और पक्षकारों को आपसी सहमति से समाधान के लिए प्रेरित किया। लोक अदालत में सुबह से ही पक्षकारों और अधिवक्ताओं की भारी भीड़ देखी गई। बैंक अधिकारी, बिजली विभाग के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में वादकारी अपने मामलों के निपटारे के लिए पहुंचे थे। कई वर्षों से लंबित मामलों का मौके पर ही निपटारा होने से पक्षकारों के चेहरे पर संतोष दिखा। न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ कम करना और पक्षकारों को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। इसमें न कोई हारता है और न कोई जीतता है बल्कि दोनों पक्षों की सहमति से विवाद समाप्त होता है। आयोजन को सफल बनाने में न्यायालय के कर्मचारियों, पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वॉलंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लोक अदालत के माध्यम से समय और धन दोनों की बचत होती है और आपसी सौहार्द भी बना रहता है।

# सासाराम आगमन पर पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के सासाराम आगमन के दौरान डिहरी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनका भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के वरिष्ठ नेता बनारसी कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने मंत्री को अंगवस्त्र पहनाकर तथा फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पार्टी समर्थक मौजूद रहे। मंत्री के आगमन पर समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में स्वागत नारों की गूंज सुनाई दी। इस अवसर पर राम परीखा सिंह, डब्लू कुशवाहा, वीरेंद्र शर्मा, जितेंद्र सिंह, बिजेंदर बैठा एवं दीपक कुमार सहित कई लोगों ने मंत्री दीपक प्रकाश का गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं आशु सिंह, राजू कुशवाहा, पप्पू यादव और कुंदन रजवार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों ने मंत्री के पक्ष में जोरदार नारेबाजी की तथा क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। स्वागत कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# युवक ने लौटाया 5 लाख के गहनों से भरा बैग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भभुआ।** मोहनियां के देवकली निवासी संदीप कुमार ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। उन्होंने सड़क पर मिला लगभग 5 लाख रुपये मूल्य का गहनों और नकदी से भरा बैग उसके असली मालिक को लौटा दिया। यह कार्य मोहनियां पुलिस के सहयोग से संपन्न हुआ। यह घटना 9 मई को हुई जब भिट्ठी गांव की संगीता कुमारी अपने मायके से ससुराल जा रही थीं। आरकेटी होटल के पास उनकी मोटरसाइकिल से बैग फिसलकर गिर गया। बैग में सोने का हार, मंगलसूत्र, अंगूठियां, चेन, एक मोबाइल फोन और 4500 रुपये नकद थे। संगीता ने तुरंत मोहनिया थाने को इसकी सूचना दी। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि संदीप कुमार को यह बैग मिला था। उन्होंने बिना देर किए बैग पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बैग की पहचान कर उसे संगीता कुमारी को वापस कर दिया। अपना कीमती सामान वापस पाकर संगीता कुमारी ने संदीप और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। मोहनियां पुलिस ने संदीप की इस ईमानदारी के लिए उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों से पुरस्कृत करने की सिफारिश की है।

# सरैया में पांच जोड़े वर-वधुओं का हुआ सामूहिक निकाह

## नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचीं विधायक स्नेहलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम/तिलौथू।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के सरैया गांव स्थित खेताराम मैदान में शनिवार की रात इज्तिमाई निकाह कमेटी के बैनर तले पांच जोड़ी वर-वधुओं का सामूहिक निकाह बड़े ही धूमधाम और सामाजिक सौहार्द के माहौल में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कमेटी के सचिव नीतीश कुमार ने बताया कि समाज में बढ़ती दहेज प्रथा जैसी कुरीति को समाप्त करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में पहली बार मुस्लिम समुदाय की पांच बेटियों का सामूहिक निकाह आयोजित किया गया। काजी की मौजूदगी में विधिवत निकाहनामा तैयार कर सभी जोड़ों का निकाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने फीता काटकर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल है। तिलौथू में लगातार इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिससे आने वाले दिनों में यह क्षेत्र सामाजिक बदलाव के लिए ऐतिहासिक पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि दहेज आज समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप बन चुका है। ऐसे सामूहिक विवाह और निकाह कार्यक्रम समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इससे लोगों में यह संदेश जाएगा कि दहेज और लोभ-लालच को त्यागकर सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल केवल रोहतास ही नहीं बल्कि पूरे बिहार और देश के लिए मिसाल बनेगी। कार्यक्रम में हजारों लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई थी। खेताराम मैदान को गोल्डन एवं सिल्वर लाइटों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भव्य पंडाल और मनमोहक सजावट लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। सेहरा बांधे पांचों नवासों के महफिल में पहुंचते ही माहौल खुशनुमा हो उठा। इस अनोखे निकाह समारोह को देखने के लिए बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। इस अवसर पर कपिल कुमार कुशवाहा, डॉ. बैजनाथ सिंह बटोही, संजय चौधरी, अमित कुमार, रजनीश कुमार, नारायण शर्मा, खलील कुरैशी, विमल कुंवर, सांवली सिन्हा, मधु उपाध्याय एवं शेखर सिंह सहित कई गणमान्य लोगों को कमेटी की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमेटी के उप सचिव बशीर अहमद, दिलीप कुमार गुप्ता एवं वकील अहमद ने संयुक्त रूप से किया।

# लाठी चार्ज के विरोध में भगत सिंह छात्र नौजवान सभा ने फूंका सरकार का पुतला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** भगत सिंह छात्र नौजवान सभा (रोहतास इकाई) द्वारा रविवार 10 मई 2026 को सासाराम पोस्ट ऑफिस चौक पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम पटना में रोजगार एवं नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-नौजवानों पर हुए कथित पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में आयोजित किया गया।

सभा के नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक हमला किया जिसमें कई छात्र घायल हुए। संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि रोजगार और नौकरी की मांग करना कोई अपराध नहीं है, लेकिन सरकार युवाओं की आवाज दबाने के लिए पुलिसिया दमन का सहारा ले रही है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा शासन मुर्दाबाद, डबल इंजन सरकार मुर्दाबाद, पुलिसिया दमन बंद करो, सभी बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दो, सरकारी क्षेत्र में निजीकरण बंद करो और ठेकेदारी प्रथा खत्म करो जैसे नारे लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के प्रांतीय सचिव अशोक बैठा ने कहा कि पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में भ्रष्टाचार और परिवारवाद हावी हो चुका है तथा आम जनता, किसान, मजदूर और युवाओं की आवाज को दबाया जा रहा है। वहीं भगत सिंह छात्र नौजवान सभा के राज्य कमेटी सदस्य राहुल सम्राट ने कहा कि छात्र-नौजवान अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने परीक्षा पेपर लीक, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं को लेकर सरकार की आलोचना की। राहुल सम्राट के नेतृत्व में आयोजित इस पुतला दहन कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-नौजवान शामिल हुए। कार्यक्रम में नागेश्वर कुमार, महेंद्र पासी, मनोज राम, विनोद राम, राधेश्याम चंद्रवंशी, दीनानाथ पंडित, सुनील प्रभाकर, आकाश जॉन, नसीम अहमद, समीर खान, ओम प्रकाश, प्रभाकर पासी, विशाल कुमार, राजकुमार, लक्ष्मण कुमार, अजय कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नदी किनारे युवती का अधजला शव मिलने से सनसनी, प्रेमी हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**करगहर (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के खनेठी गांव की एक युवती का अधजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। युवती शुक्रवार की रात रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी जिसका शव शनिवार को कोहकर होकर गुजरने वाली धर्मावती नदी के किनारे बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान खनेठी गांव निवासी सुरेन्द्र पासवान की पुत्री चंचल कुमारी के रूप में हुई है। परिजन युवती के गायब होने के बाद रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान शनिवार को स्थानीय लोगों ने नदी किनारे अधजली अवस्था में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही करगहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवती की हत्या कर शव को जलाने का प्रयास किया गया ताकि साक्ष्य मिटाया जा सके। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर कथित प्रेमी को हिरासत में लिया जो परसथुआ क्षेत्र का निवासी बताया जाता है।

# सासाराम भाजपा जिला मंडल की बैठक में बंगाल, असम, पांडिचेरी की जीत पर जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** भारतीय जनता पार्टी जिला मंडल की बैठक शनिवार को सासाराम स्थित जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री संतोष पटेल ने की। बैठक में प्रदेश समिति सदस्य, पूर्व जिला अध्यक्ष, सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री तथा मंच-मोर्चा के अध्यक्ष सहित अपेक्षित कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। उपस्थित सदस्यों ने पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में पार्टी को मिली सफलता के लिए जनता जनार्दन, कार्यकर्ताओं एवं केंद्रीय नेतृत्व को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में बताया गया कि बिहार से रोहतास जिले के कार्यकर्ता श्री विजय सिंह, पंकज सिंह एवं नवीन चंद्र साह ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा सदर जिले के बाली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार - प्रसार का कार्य किया। इस योगदान के लिए पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सुशील कुमार चंद्रवंशी ने तीनों कार्यकर्ताओं को विशेष शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बाली से निर्वाचित विधायक श्री संजय सिंह को भी जीत की बधाई दी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने श्री नवीन चंद्र साह को अंग वस्त्र एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। नवीन चंद्र साह काराकाट विधानसभा के विक्रम प्रखंड स्थित घुसिया खुर्द गांव के निवासी हैं। वे पार्टी में जिला प्रवक्ता तथा काराकाट लोकसभा के संयोजक का दायित्व भी निभा चुके हैं।जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने बैठक में जानकारी दी कि 23 एवं 24 मई को डेहरी ऑन सोन में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# चंवरी ग्राम में मां काली की प्राण प्रतिष्ठा के लिए महायज्ञ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दावथ (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दावथ प्रखंड अंतर्गत चवरी ग्राम में श्री काली जी मंदिर परिसर में मां काली की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त आयोजित महायज्ञ में रविवार से परिक्रमा प्रारंभ हो गई। अरणीमंथन की वैदिक प्रक्रिया के बाद यज्ञ कुंड से पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलित की गई जिसके साथ ही श्रद्धालुओं ने परिक्रमा शुरू की। क्षेत्र के प्रसिद्ध संत श्री विनोद जी महाराज के सान्निध्य में यह महायज्ञ संपन्न हो रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सप्त दिवसीय अनुष्ठान 8 मई से चल रहा है। अरणीमंथन के बाद यज्ञ मंडप में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन किया जा रहा है। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु 'जय मां काली' के जयकारे लगाते हुए यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर रहे हैं। महायज्ञ में भजन-कीर्तन का दौर भी जारी है। दिन और रात दोनों समय कलाकारों द्वारा देवी जागरण और भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी जा रही है। श्रद्धालुओं के बीच नियमित रूप से प्रसाद वितरण किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदि शर्बत एवं प्रसाद बांटा जा रहा है। यज्ञ स्थल अब भव्य मेले का रूप ले चुका है। बिजली की झालरों और रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा परिसर जगमगा रहा है। आसपास के गांवों से महिलाएं, बच्चे और पुरुष बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, चाट-पकौड़ी की दुकानें, श्रृंगार प्रसाधन और खिलौनों की दुकानें सज गई हैं। मेले में घरेलू सामान से लेकर पूजन सामग्री तक की दुकानें लगी हैं।

# डीआरएम के निर्देश पर डीडीयू मंडल में रेलकर्मियों के स्वास्थ्य संरक्षण की पहल

## हीट वेव प्रबंधन संबंधी हेल्थ एडवाइजरी पैंफलेट तथा ओआरएस पैकेट का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के निर्देशानुसार रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य संरक्षण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा गर्मी एवं हीट वेव से बचाव के प्रति जागरूकता हेतु मंडल चिकित्सा विभाग द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर लगातार स्वास्थ्य जांच शिविर, चिकित्सकीय परामर्श एवं जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इन अभियानों का आयोजन विभिन्न विभागों के समन्वय से किया जा रहा है, ताकि कार्यस्थल पर रेलकर्मियों के स्वास्थ्य की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/डीडीयू डॉ. केसब द्वारा जपला, सिगसिगी, करकट्टा, मोहम्मदगंज एवं हैदर नगर स्टेशनों पर समर हीट वेव प्रबंधन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलकर्मियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों की जानकारी देते हुए जागरूकता पैंफलेट (हीट वेव प्रबंधन संबंधी हेल्थ एडवाइजरी) तथा ओआरएस पैकेट वितरित किए गए। इसके पूर्व 07 मई 2026 को चंदौली मझवार स्टेशन पर आयोजित मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप में 34 रेलकर्मियों की रक्तचाप, ब्लड शुगर सहित अन्य प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच की गई। 4 मई 2026 को डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर आयोजित विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में मंडल के चिकित्सकों द्वारा 85 रेलकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 22 अप्रैल 2026 को जाखिम स्टेशन पर आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 32 रेलकर्मियों की रक्तचाप, ब्लड शुगर सहित अन्य प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच की गई। इसी प्रकार 13 अप्रैल 2026 को रफीगंज स्टेशन पर आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 51 रेलकर्मियों की रक्तचाप, ब्लड शुगर सहित अन्य प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच की गई। आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविरों के दौरान मंडल के चिकित्सकों द्वारा आवश्यकतानुसार रेलकर्मियों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया तथा हीट वेव के लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई।

# ठगी के एक लाख चालीस हजार लौटाए




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर पुलिस ने ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के एक लाख 40 हजार 250 रूपये शनिवार को वापस कराया। पूर्व में भी चार लाख रूपये वापस हुई थी। साइबर डीएसपी व थानाध्यक्ष गौरव कुमार यादव के अनुसार काराकाट थाना क्षेत्र के सकला निवासी अभिमन्यु कुमार सिंह से गत 26 जुलाई 2024 को ऑन लाइन ट्रेडिंग के नाम पर नौ लाख रूपये ठगी हुई थी। प्राथमिकी होने के बाद पांच लाख 40 हजार रूपये होल्ड हुए थे। पूर्व में चार लाख रूपये वापस कराये गए था। आज एक लाख 40 हजार 250 रूपये वापस कराये गए।

# संगठन सृजन को लेकर नगर एवं प्रखंड कांग्रेस की संयुक्त बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** रविवार को गांधी स्मारक में नगर अध्यक्ष कार्यालय में नगर एवं प्रखंड कांग्रेस की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन सृजन करते हुए नए कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने तथा संगठन को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श करना था। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजाराम पासवान ने की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा पार्टी की मजबूती को लेकर अपने-अपने विचार रखे। बैठक में नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, अकोढ़ी प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय, जिला कमेटी सदस्य मनीष चौबे, राधा बाबू, पीयूष भारद्वाज, कमलनयन द्विवेदी, प्रदेश प्रतिनिधि रोहन लाल मेहता, विनोद सिंह यादव, प्रदेश सचिव ओबीसी कांग्रेस विनय बाबा, रविशंकर पांडेय, रवि रंजन वर्मा, आलोक वर्मा, लियाकत अंसारी, समीर रहमान, मुमताज कुरैशी, देव मुन्नी राम, नारायण चौधरी, राजेंद्र सिंह, रामचंद्र सेठ, ललित सिंह, अनिरुद्ध सिंह, रसूल अंसारी, हरिवंश सिंह, शशि मिश्रा, वकील मनोज पाण्डेय, खलील अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं डिहरी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय, अधिवक्ता रवि कुमार तथा धनंजय वर्मा भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में सभी नेताओं ने कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, नए युवाओं एवं कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा कांग्रेस के हाथ को मजबूत करने की अपील की।

# छापेमारी कर फर्जी आधार कार्ड बनाने का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर पुलिस ने नासरीगंज थाना के बलिया कोठी धुस स्थित एक साइबर दुकान में छापेमारी कर फर्जी आधार कार्ड बनाने के एक आरोपी दुधेश्वर कुमार प्रिय को भारी मात्रा में फर्जी आधार, पैन, एपिक के साथ गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार सुपौल साइबर पुलिस थाना के अन्तर्गत पंजीकृत कांड में जांच के क्रम में अवैध फर्जी वेबसाइट का उपयोग कर जिला के विभिन्न स्थानों पर फर्जी ढंग से आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, राशन कार्ड तथा अन्य सरकारी दस्तावेज बनाने का काम किया जा रहा है। ऐसी अवैध गतिविधियों में रोहतास जिले के कुछ व्यक्ति संलिप्त है।

# डिहरी ऑन-सोन में इमारत-ए-शरीया के नुकबा का विशेष प्रशिक्षण सम्मेलन संपन्न

## अमीर-ए-शरीअत ने कर्म, चरित्र और जिम्मेदारी निभाने पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के डिहरी ऑन-सोन स्थित इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्ट्स क्लब, जक्की बिगहा में रविवार को इमारत-ए-शरीया की ओर से नुकबा एवं नायबीन का विशेष प्रशिक्षण सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिले भर से बड़ी संख्या में नुकबा और नायबीन ने भाग लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमीर-ए-शरीअत बिहार, ओडिशा, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी ने कहा कि मानव जीवन में कर्म, चरित्र, संघर्ष और निरंतर प्रयास का विशेष महत्व है। मेहनत और लगन से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने नुकबा और नायबीन से अपील की कि वे अपने दीनि दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ निभाएं, ताकि इमारत-ए-शरीया की सोच समाज तक पहुंचे और लोगों में जागरूकता बढ़े।

उन्होंने सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षणात्मक चर्चा, विचार-विमर्श एवं प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित कराया जिसका उपस्थित लोगों ने लाभ उठाया। इमारत-ए-शरीया के सदर मुफ्ती एवं नाजिम-ए-आला मौलाना मुफ्ती मोहम्मद सईदुर्रहमान कासमी ने कहा कि इमारत-ए-शरीया की बुनियाद कुरआन और सुन्नत पर आधारित है तथा इसका उद्देश्य समाज को शरीअत के अनुसार मार्गदर्शन देना है। वहीं सदर काजी मौलाना मुफ्ती मोहम्मद अंजार आलम कासमी ने दारुल कजा की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक और पारिवारिक मामलों के समाधान के लिए दारुल कजा की ओर रुख करना एक अहम जिम्मेदारी है। नायब नाजिम एवं संगठन विभाग के प्रभारी मौलाना मुफ्ती मोहम्मद सोहराब नदवी कासमी ने नुकबा और नायबीन को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए जनगणना कार्य एवं सामाजिक सर्वेक्षण को गंभीरता से पूरा करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सहायक नाजिम मौलाना अहमद हुसैन कासमी मदनी एवं मौलाना कमर अनीस कासमी ने भी इमारत-ए-शरीया के इतिहास, उद्देश्य और सेवाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला काजी मौलाना एहसानुल हक कासमी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

# जब तक शरीर में खून का एक कतरा रहेगा, जनता की सेवा करता रहूंगा : श्रवण





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले के नूरसराय में रविवार को उस समय राजनीतिक उत्साह और जनसैलाब देखने को मिला, जब बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार के पुनः कैबिनेट मंत्री बनने पर जदयू एवं एनडीए कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया। पूरे क्षेत्र में जुलूस, आतिशबाजी, फूलों की वर्षा और नारों के बीच शक्ति प्रदर्शन का माहौल बना रहा। चौहान मोड़ से शुरू हुए स्वागत जुलूस में दर्जनों घोड़े, जेसीबी मशीनें और भारी संख्या में वाहन शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने करीब तीन क्विंटल फूल बरसाकर मंत्री का अभिनंदन किया। नूरसराय बाजार से लेकर अंधना मोड़ तक हजारों समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। "श्रवण कुमार जिंदाबाद" और "नीतीश निशांत जिंदाबाद" के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। मंत्री श्रवण कुमार नूरसराय हिलसा मोड़ से पैदल ही कार्यकर्ताओं के साथ अंधना मोड़ तक पहुंचे और रास्ते भर लोगों ने का अभिवादन स्वीकार किया। जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में नालंदा सांसद कौशलेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने भावुक अंदाज में कहा कि नालंदा और नूरसराय की जनता ने उन्हें आठ बार विधायक और मंत्री बनने का अवसर देकर जो विश्वास जताया है, वह जीवनभर उसके ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा, "जब तक मेरे शरीर में खून का एक-एक कतरा रहेगा, मैं जनता की सेवा करता रहूंगा। बिहार और नालंदा के विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करता आया हूं और आगे भी करता रहूंगा।" उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, आवास, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। इस मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार, देव सोनी लाल, पूर्व प्रमुख राकेश कुमार, कार्यक्रम संयोजक नवीन कुमार निश्चल, प्रखंड प्रमुख रेखा देवी, बंटी यादव, समाजसेवी बबलू कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू मुखिया, चंद्रभूषण कुशवाहा, डॉ. सुनील दत्त, शैलेन्द्र गराई, सन्नी महतो, अविनाश कुमार उर्फ सिक्कू मुखिया सहित बड़ी संख्या में जदयू एवं एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चेन चोर गिरोह का खुलासा, दो गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज थाना पुलिस ने बाजार क्षेत्र में सक्रिय महिला चेन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के जेवरात बेचकर रखी गई नकदी एवं अन्य आभूषण भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई को वारिसलीगंज पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 मई 2026 को वारिसलीगंज थाना में नीलम देवी नामक महिला ने लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वारिसलीगंज बाजार में टोटो पर बैठने के दौरान अज्ञात महिला अपराधियों ने उनके सोने की चेन चोरी कर ली। मामले को गंभीरता से लेते हुए वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 291/26 दर्ज किया गया तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जांच शुरू की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए महिला चेन चोर गिरोह की दो सदस्याओं को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों महिलाओं ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने उनके निशानदेही पर चोरी की चेन बेचकर रखी गई राशि तथा अन्य जेवरात बरामद किए। बरामद सामानों में करीब 2 लाख 88 हजार 500 रुपये नकद, सोने का लॉकेट, सोने का मांग टीका, सोने की नथिया तथा सोने की कान की बाली शामिल है। पुलिस के अनुसार चोरी के जेवर बेचकर प्राप्त कुल दो लाख अठासी हजार पांच सौ रुपये बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के मोहसीनपुर निवासी अंजली देवी तथा नालंदा जिले के ताजुबिगहा मिल्कीपुर निवासी कविता देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों महिलाएं लंबे समय से बाजार एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में महिलाओं को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देती थी। इस अभियान में वारिसलीगंज थाना के थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी, एसआई पप्पू कुमार, एसआई मनोज कुमार राय, महिला पुलिसकर्मी रुक्मण कुमारी एवं पूजा कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस गिरफ्तार दोनों महिलाओं से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है।

# कतरीसराय पुलिस ने चार साइबर ठगों को किया गिरफ्तार



**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** कतरीसराय थाना पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 9 मई को पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर के नेतृत्व में की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कतरीसराय थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव में कुछ लोग संगठित गिरोह बनाकर ऑनलाइन ठगी का धंधा चला रहे हैं। सूचना के आधार पर छापेमारी कर चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में अंकित कुमार (19 वर्ष), बॉबी कुमार (24 वर्ष), सूरज कुमार (25 वर्ष) तथा अमन कुमार (18 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपी सुंदरपुर गांव के निवासी बताए गए हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। गिरोह के सदस्य खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर चारधाम यात्रा, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर, बस एवं ट्रेन टिकट बुकिंग का झांसा देते थे। आरोपी पहले कुल राशि का 30 प्रतिशत अग्रिम के रूप में वसूलते थे और बाद में टिकट बुकिंग के नाम पर लोगों से ठगी करते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से साइबर अपराध में प्रयुक्त छह स्मार्ट मोबाइल फोन, एक की-पैड मोबाइल फोन तथा साइबर ठगी से संबंधित कई दस्तावेज बरामद किए हैं। इस संबंध में कतरीसराय थाना में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह अंचल निरीक्षक सुमंत कुमार गिरियक अंचल, थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, मुकुंद भारती, संजय दास एवं कतरीसराय थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# सीएचसी में स्वास्थ्य समीक्षा सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां के सभागार में शनिवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि भूषण कुमार की अध्यक्षता में एक स्वास्थ्य समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के स्वास्थ्य मानकों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई और आगामी लक्ष्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मुख्य रूप से सीएचओ, एएनएम और आशा फैसिलिटेटर की उपस्थिति रही। समीक्षा के क्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और संस्थागत प्रसव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने क्षेत्र में तैनात कर्मियों को निर्देश दिया कि वे आम जनमानस तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करें और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। इस बीच फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज का प्रशिक्षण दिया गया।

# पेड़ गिरने से वृद्ध की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** नवादा-जमुई पथ पर रोहुआ के पास शनिवार को पेड़ की टहनी गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब पीपल के पेड़ की भारी टहनी अचानक टूटकर गिर गई। टहनी की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहुआ गांव निवासी स्वर्गीय शौखी सिंह के पुत्र गंगा सिंह के रूप में की गई है। घटना के बाद इलाके में मातम पसर गया। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक शनिवार की दोपहर को पकरीबरावां बाजार से सामान खरीदकर अपना घर लौट रहा था। वह पैदल ही सड़क किनारे चल रहा था। इस दौरान अचानक सड़क किनारे पुराने पीपल के पेड़ की एक बड़ी शाखा तेज आवाज के साथ टूटकर सड़क पर गिर गई। अचानक हुई इस घटना से वहां अफरातफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक गंगा सिंह (60 वर्ष) टहनी के नीचे दब चुका था। ग्रामीणों ने तुरंत उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। हादसे से गुस्साए लोगों ने शव को सड़क के बीचोंबीच रखकर जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क किनारे कई पुराने और जर्जर पेड़ हैं, जिनकी टहनियां अक्सर टूटती रहती हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा उनकी छंटाई नहीं कराई जाती। लोगों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने और सड़क किनारे खतरनाक पेड़ों की छंटाई कराने की मांग की। वहीं, सड़क पर गिरी बड़ी टहनी के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर पकरीबरावां के एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर एवं पकरीबरावां के थानाध्यक्ष रंजन चौधरी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया गया। पुलिस ने वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में स्थानीय लोगों की मदद से सड़क से टहनी हटाने का प्रयास शुरू किया ताकि यातायात सामान्य हो सके।

# शराब व नकदी बरामद, 30 अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस ने जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर अपराध एवं शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 9 मई 2026 को चलाए गए अभियान में कुल 30 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में शराब तस्कर, वारंटी, चोरी एवं अन्य आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपी शामिल हैं। अभियान के दौरान भारी मात्रा में महुआ शराब, नकदी, जेवरात तथा वाहन भी बरामद किए गए। जारी रिपोर्ट के अनुसार पॉक्सो एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि एससी-एसटी एक्ट से संबंधित चार अभियुक्त पकड़े गए। हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। इसके अलावा मद्य निषेध अधिनियम के तहत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य मामलों में 18 अपराधियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान कुल 696 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। वाहन जांच अभियान में करीब 250 वाहनों की जांच की गई तथा नियम उल्लंघन करने वालों से 26 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने अन्य बरामदगी में एक मोटरसाइकिल, दो अवैध हथियार, करीब 2 लाख 88 हजार 500 रुपये नकद, सोने जैसे कान के टॉप, मोती का माला लगा लॉकेट, नथिया एवं अन्य आभूषण भी जब्त किए हैं। सिरदला थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रतनपुर जंगल क्षेत्र में छापेमारी कर 660 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। मौके से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। इस मामले में बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं नेमदारगंज थाना पुलिस ने गोनावां क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 36 लीटर महुआ शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर वारिसलीगंज थाना पुलिस ने चोरी के मामले में दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब 2 लाख 88 हजार 500 रुपये नकद, सोने जैसे आभूषण एवं अन्य सामान बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार दोनों महिलाएं बाजार क्षेत्र में महिलाओं को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देती थीं।

नवादा पुलिस ने कहा है कि अपराध एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संगठन की मजबूती, कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर चर्चा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भाजपा युवा मोर्चा की संगठनात्मक बैठक भाजपा जिला कार्यालय मेहनौर में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास कुमार के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार उपस्थित रहे। वहीं जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल एवं जिला मंत्री सह युवा मोर्चा जिला प्रभारी प्रवीण सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी एवं मंडल स्तर पर युवा मोर्चा को सक्रिय करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राजवीर राजपूत, राजू कुमार, महामंत्री ललन कुमार, आईटी सेल राहुल कुमार सहित सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। इसी दौरान आरजेडी के पूर्व छात्र नेता विक्की यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा नेताओं ने उन्हें पार्टी का अंगवस्त्र एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं। भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि विक्की यादव के पार्टी से जुड़ने से संगठन को और मजबूती मिलेगी।

# श्रद्धालुओं के लिए पटेल धर्मशाला बनेगी सहारा : श्रवण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** मलमास मेला के दौरान राजगीर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी पटेल धर्मशाला खोली जाएगी, जहां सभी धर्म एवं समाज के लोगों के लिए रहने और खाने की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। इसे लेकर रविवार को धुर्वा मोड़ स्थित ममता होटल में तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने धर्मशाला संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि मलमास मेला आगामी 17 मई से शुरू होगा और उसी दिन से धर्मशाला भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि धर्मशाला को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए अभी से तैयारी शुरू करनी होगी ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल में मलमास मेला को नई पहचान दिलाई और राजगीर को विश्व पटल पर उभारने का काम किया। इसी का परिणाम है कि हर वर्ष लाखों श्रद्धालु राजगीर पहुंचते हैं। उन्होंने धर्मशाला से जुड़े लोगों एवं समाजसेवियों से कमेटी बनाकर सामूहिक रूप से कार्य करने की अपील की। साथ ही राजगीर से हिसुआ तक होर्डिंग लगाने और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर समाजसेवी सह रोटेरियन रामकृष्णा प्रसाद, रोटेरियन डॉ. बिमलेन्द्र कुमार सिन्हा, जदयू नेता मुन्ना कुमार, प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, अरुण कुमार चंचूल, पंकज कुमार, अलेन्द्र कुमार सिन्हा, कुमार वेदनिधि, रामजी यादव, तारकेश्वर प्रसाद, अनिल कुमार शशि, देवेन्द्र कुशवाहा, अजीत कुमार वर्मा, किशोरी रविदास, कुमार बिरेन्द्र प्रियदर्शी, अरुण कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक मन्नु प्रसाद, मनोज कुमार, रामचन्द्र प्रसाद सिन्हा, विजय कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जेपी सेनानी संपूर्ण क्रांति मंच की बैठक में अध्यक्ष का चयन

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय में जेपी सेनानी संपूर्ण क्रांति मंच की जिलास्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने की। बैठक में वारिसलीगंज प्रखण्ड के लिए जेपी सेनानी संपूर्ण क्रांति मंच का अध्यक्ष सुंदर प्रसाद को बनाया गया। उन्हें प्रखण्ड की कमेटी का विस्तार करने को कहा गया। उन्हें जिलाध्यक्ष ने अध्यक्ष पद का प्रमाणपत्र भी दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री परमेश्वर मंडल, उपाध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद सिंह, संगठन मंत्री विष्णुदेव प्रसाद यादव, सचिव दशरथ मिस्त्री, सूर्यकांत पांडेय, रामकेश्वर प्रसाद, मो.इफ्तेखार, अंबिका प्रसाद, अयोध्या महतो, राजेन्द्र प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

# कार पुल के नीचे गिरी, चोटिल हुए लोग

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** पकरीबरावां- रूपौ पथ पर कचना कौड़िहारी पुल के पास शुक्रवार की देर रात को कार पुल के नीचे गिर गई। बताया जाता है कि कार बुधौली की ओर से आ रही थी। इस दौरान पुल के पास अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। हादसे में कार पर सवार लोग चोटिल हो गए। कचना गांव निवासी धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि इस स्थान पर हर हमेशा हादसा होते रहता है। पुल की मरम्मत नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

# स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं की हुई जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमौल में विशेष जांच शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान दोनों स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 199 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई।

साथ ही ओपीडी में कुल 52 मरीजों का इलाज किया गया। अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान कर समय रहते उचित उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। बताया गया कि बेहतर गर्भ, बेहतर जन्म के संकल्प के साथ यह अभियान प्रत्येक माह 9, 15 एवं 21 तारीख को आयोजित किया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में कुल 182 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि भूषण कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच से प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम किया जा सकता है। जांच के दौरान खून की अत्यधिक कमी से पीड़ित पांच महिलाओं को आयरन सुक्रोज चढ़ाया गया। वहीं डॉ. जेबा प्रवीण ने महिलाओं को गर्भावस्था में पौष्टिक आहार, आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों के नियमित सेवन तथा संस्थागत प्रसव के महत्व की जानकारी दी। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमौल में कुल 17 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शाकिब अहमद ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच बेहद जरूरी है। यहां जांच के दौरान दो महिलाओं में गंभीर एनीमिया पाए जाने पर उन्हें आयरन सुक्रोज दिया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पकरीबरावां में लेखाप्रबंधक मोहन कुमार, प्रधानलिपिक पूनम कुमारी, रेणुका कुमारी, सौरव कुमार, सूर्यमणि कुमार, कुश कुमार, प्रभात कुमार, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, धमौल में जीएनएम अमित गुप्ता, एएनएम बीना कुमारी, उपासना सिन्हा, धनजीत कुमार एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मलमास मेला की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आरआईसीसी राजगीर में मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन हेतु पूर्व तैयारियों की संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने समीक्षा बैठक की। आगामी मलमास मेला का आयोजन 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक राजगीर में निर्धारित है। इस अवसर पर आस्था के साथ भारी तादाद में ब्रह्म कुंड में स्नान करने लिए लोग यहां दूर-दूर से पहुंचते हैं। इस बैठक में मलमास मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ तंत्र पर नियंत्रण, आपातकालीन सेवाओं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाओं, शरण स्थली, शौचालय, चेंजिंग रूम,साफ सफाई, नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क,आवासन, खानपान, मैकिंग, हाई मास्ट लाइटिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट, श्रद्धालुओं की सेवा के लिए निर्धारित शुल्क पर बस, ई रिक्शा से परिवहन की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, अग्निशमन से सुरक्षा व्यवस्था, मोबाइल शौचालय आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैतरणी घाट पर भारी तादाद में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस घाट की साफ सफाई, मरम्मती सौंदर्यीकरण का कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। शाही स्नान में लगने वाली भीड़ तंत्र पर नियंत्रण हेतु विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, श्रद्धालुओं का प्रवेश एवं निकास द्वार पर विशेष चौकसी बरती जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मलमास मेला के अवसर पर वे अपने कार्यों का स्वयं उपस्थित रहकर संपादन सुनिश्चित करेंगे साथ ही अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का ससमय निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

# कृषि नीतियों के विरोध में किसान महासभा का प्रतिरोध मार्च, सरकार पर साधा निशाना




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** अखिल भारतीय किसान महासभा के 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को किसानों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रतिरोध मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व जिला सचिव मुनी लाल यादव और प्रखंड सचिव दिनेश कुमार यादव ने किया। भाकपा माले के पार्टी कार्यालय से शुरू हुआ यह मार्च काली स्थान, वरुण ताल, सिनेमा मोड़ होते हुए जोगीपुर मोड़ पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद ने की। वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि आजादी के आठ दशक बाद भी किसानों के लिए सिंचाई और फसल खरीद की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां कॉरपोरेट और विदेशी हितों के पक्ष में हैं, जिससे देश की खेती और किसान प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने मांग की कि फसलों की खरीद के लिए मंडी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाए तथा बाढ़ और सुखाड़ की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। साथ ही नालंदा में लोकाइन नदी के दोनों किनारों पर तटबंध निर्माण और फल्गु क्षेत्र की नदियों की समुचित सफाई व जल प्रवाह बहाल करने की मांग भी उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान स्थिति में किसान बिचौलियों के शोषण का शिकार हो रहे हैं और प्राकृतिक आपदाओं के नाम पर सरकारी लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने किसानों और मजदूरों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, जनार्दन प्रसाद, दुलारचंद यादव, नवीन कुमार, उपेंद्र ठाकुर सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे।

# बोधगया में 21.79 करोड़ की लागत से बन रहा भव्य इको-टूरिज्म पार्क, तीन माह में पूरा होने की संभावना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को बोधगया के सिलौंजा स्थित निर्माणाधीन इको-टूरिज्म पार्क का स्थल निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से परियोजना पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. कुमार ने बताया कि गया वन प्रमंडल द्वारा लगभग 40 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा यह इको-टूरिज्म पार्क राज्य की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसकी कुल लागत करीब 21.79 करोड़ रुपये है। इस परियोजना की घोषणा फरवरी 2025 में मुख्यमंत्री द्वारा 'प्रगति यात्रा' के दौरान की गई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है और अगले तीन माह में इसके पूर्ण होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पार्क को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां मजबूत बाउंड्री वॉल, भव्य प्रवेश द्वार, टिकट काउंटर, बैठने की समुचित व्यवस्था, आधुनिक लाइटिंग सिस्टम और सुन्दर प्रकाश व्यवस्था का निर्माण किया जा रहा है जिससे रात्रि में भी पार्क की आकर्षण क्षमता बनी रहेगी।

पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिसर में कैफेटेरिया, आधुनिक शौचालय, विस्तृत पार्किंग क्षेत्र, बच्चों के लिए अत्याधुनिक खेल क्षेत्र तथा आकर्षक चीजों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही हरियाली बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर लॉन, वृक्षारोपण एवं सजावटी पौधों का विकास किया जा रहा है। इस परियोजना का विशेष आकर्षण विश्व के सात अजूबों की प्रतिकृतियां होंगी। इनमें ताजमहल, ग्रेट वॉल ऑफ चाइना, क्राइस्ट द रिडीमर, ईस्टर आइलैंड मोआई, पेट्रा तथा कोलोसियम जैसी विश्व प्रसिद्ध संरचनाओं की झलक एक ही स्थान पर देखने को मिलेगी जो इसे पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनाएगी। डॉ. कुमार ने कहा कि बोधगया पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है जहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। ऐसे में इस इको-टूरिज्म पार्क के विकसित होने से क्षेत्र में पर्यटन को नई गति मिलेगी और पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के व्यापक अवसर भी सृजित होंगे। पार्क के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा, सफाई, उद्यान प्रबंधन एवं कैफेटेरिया संचालन में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही आसपास के छोटे व्यापारियों, होटल व्यवसायियों एवं दुकानदारों को भी आर्थिक लाभ होगा। अध्यक्ष ने कहा कि यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक विकास का उत्कृष्ट उदाहरण है। बड़े पैमाने पर हरियाली विकास से क्षेत्र में पर्यावरणीय संतुलन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को प्राकृतिक वातावरण में समय बिताने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण कार्य समय पर पूर्ण होने के बाद यह इको-टूरिज्म पार्क बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल होगा और गया जिला सहित पूरे राज्य के पर्यटन विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# गया में 'उम्मीद की पाठशाला' अभियान का शुभारंभ, केजी से पीजी तक निःशुल्क शिक्षा देने का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया के शिक्षाविद् एवं एजुकेशन टाइम्स वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक मो. जावेद सलीम के नेतृत्व में रविवार को एक विशेष शैक्षणिक एवं सामाजिक अभियान 'उम्मीद की पाठशाला' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस महत्वाकांक्षी अभियान का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बच्चों को केजी से पीजी तक निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने किया है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने 'उम्मीद की पाठशाला' पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास सामाजिक परिवर्तन की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी को प्राथमिकता देने की अपील भी की है। इस कार्यक्रम का संचालन श्वेता श्रीवास्तव एवं कुमार अमित ने संयुक्त रूप से किया है। इस अवसर पर प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. नवनीत निश्चल, अमरनाथ मेहरवार, मुस्तकीम अख्तर, रामपुर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार बहादुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, मीडिया, खेल, समाजसेवा और सोशल मीडिया के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. मनीष कुमार एवं गौतम सिंह को सम्मानित किया गया। मीडिया क्षेत्र में कुमुद रंजन, रंजन सिन्हा एवं प्रदीप रंजन को सम्मान मिला। खेल के क्षेत्र में मंगल महरौर, प्रशासनिक सेवा में ट्रैफिक डीएसपी सुधीर कुमार, साइबर डीएसपी साक्षी राय, ट्रैफिक थानाध्यक्ष अजीत कुमार एवं रामपुर थानाध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह को सम्मानित किया गया। समाजसेवा के क्षेत्र में कौशलेन्द्र कुमार सिंह, ममता किरण, मनीष कुमार कश्यप, अवकाश कुमार, अमित कुमार एवं डॉ. राजेश कुमार को सम्मान प्रदान किया गया। वहीं गरीब बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए रिलायंस दीनी एकेडमी के प्राचार्य सीएम आरफीन सैफी और नुसरत हसन को विशेष सम्मान दिया गया। 60 बच्चों को निःशुल्क वोकेशनल कोर्स उपलब्ध कराने हेतु रिलायंस मैनेजमेंट कॉलेज की निदेशक नसीमा नाज को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वाहिद सलीम, गुंजा वर्मा, विकास कुमार मिश्रा, मो. इश्तियाक तथा एडमिनिस्ट्रेटर इकबाल सलीम को भी उनके सामाजिक एवं शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में मो. जावेद सलीम ने कहा कि 'उम्मीद की पाठशाला' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज के वंचित बच्चों के भविष्य को संवारने का एक संकल्प है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में यह पहल लगातार आगे बढ़ती रहेगी।

# गया कॉलेज में 16-17 मई को होगा राष्ट्रकवि दिनकर स्मृति सह सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** मां निर्दोष सेवा केंद्र एवं हिंदी विभाग, गया कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 16 एवं 17 मई को गया कॉलेज स्थित प्रेमचंद सभागार में 'राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सह सम्मान समारोह' का आयोजन किया जाएगा। आयोजक हिमांशु शेखर ने बताया कि कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता के रूप में डॉ प्रेम कुमार ने अपनी उपस्थिति की सहमति प्रदान की है। समारोह में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से शोधार्थी एवं साहित्यकार भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान गया जी के कई निजी एवं सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रामधारी सिंह दिनकर की रचित कविताओं का पाठ भी किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य डॉ सत्येंद्र सिंह चंद्र एवं संजय अथर्व ने बताया कि युवाओं में साहित्य के प्रति रुचि एवं संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। आयोजन समिति से गहरे रूप से जुड़े उड़ीसा में प्राध्यापक के रूप में कार्यरत डॉ रुद्रचरण मांझी ने कहा कि इस कार्यक्रम में पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश, झारखंड और उड़ीसा से कई शोधार्थियों ने शामिल होने की सहमति प्रदान की है। समारोह को लेकर साहित्य प्रेमियों एवं शिक्षाविदों में उत्साह का वातावरण है।

# गांव-गांव पहुंच रही स्वास्थ्य सेवा, चमंडी में लगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** भारतीय चिकित्सा संघ गया के बैनर तले 'आओ गांव चले' अभियान के तहत चाकंद के चमंडी गांव में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई तथा चिकित्सकों से परामर्श लिया। मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध कराई गईं। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाना एवं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर आईएमए गया के अध्यक्ष डॉ. विश्व विजय सिंह ने कहा कि संस्था लगातार गांवों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। वहीं सेक्रेटरी डॉ. विमलेंदु विमल ने बताया कि 'आओ गांव चले' कार्यक्रम के तहत आगे भी विभिन्न गांवों में चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में प्रेसिडेंट इलेक्ट स्टेट ब्रांच बिहार डॉ. एल.एम. सिंह, गया जी ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. वी.वी. सिंह, उपाध्यक्ष डॉ प्रांशु कुमार, सेक्रेटरी डॉ.विमलेंदु विमल एवं हेल्थ कैंप कोऑर्डिनेटर डॉ. उमेश कुमार वर्मा सहित कई चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान डॉ. रामसेवक प्रसाद सिंह, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. प्रभात कुमार सिन्हा, डॉ. डी.के. सहाय, डॉ. राकेश कुमार चंदेल, डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. अबू नोआमान, डॉ. शाएस्ता इकबाल, डॉ. रिचा कुमारी, डॉ. सतेंद्र कुमार, डॉ. नीरज लाल, डॉ.उमेश कुमार, डॉ. ए.एन. सिंह एवं डॉ. ऋषिकेश समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्था के विनोद कुमार, राहुल रोशन, प्रकाश कुमार गुप्ता ने भी सक्रिय सहयोग किया। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव के लोगों को काफी राहत और लाभ मिल रहा है।

# सड़क हादसे में नवविवाहित युवक की मौत, शादी के 15 दिनों बाद पसरा मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के बरई गांव निवासी तपलेश्वर यादव के 18 वर्षीय पुत्र संटू कुमार की शनिवार शाम करीब 6 बजे सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार संटू कुमार बाइक से गुरारू से अपने गांव बरई लौट रहा था। इसी दौरान बरई सूर्य मंदिर से कुछ दूरी पर पुल के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट लगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए गुरारू ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया। हालांकि गया ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि संटू कुमार की शादी 25 अप्रैल 2026 को हुई थी। शादी के महज 15 दिन बाद ही उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार तिलक में उसे उपहार स्वरूप बाइक मिली थी और उसी बाइक से वह गांव लौट रहा था। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। नम आंखों से उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# मां अपने त्याग, ममता से परिवार को सशक्त बनाती है : डा. प्रेम कुमार

## मातृ दिवस पर देश एवं प्रदेश की सभी माताओं को अध्यक्ष ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मातृ दिवस के अवसर पर देश एवं प्रदेश की सभी माताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति होती हैं। अपने संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि एक मां अपने त्याग, ममता, संस्कार और समर्पण से परिवार को सशक्त बनाती है तथा बच्चों को नैतिक मूल्यों एवं मानवता का पाठ पढ़ाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और मातृ शक्ति का सम्मान हमारी परंपरा की पहचान है। उन्होंने आगे कहा कि माताएं समाज में प्रेम, सहनशीलता और सेवा की भावना को विकसित करती हैं। आज के समय में महिलाओं एवं माताओं का योगदान प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय है और देश की प्रगति में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों से मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया तथा मातृ दिवस पर सभी माताओं के उत्तम स्वास्थ्य, सुख एवं समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में, डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी स्थित ब्राह्मवन पार्क में मातृ दिवस के अवसर पर महिलाओं के बीच साड़ी वितरण कर उन्हें सम्मानित भी किया।

# आपसी विवाद में दो पक्षों के नौ लोग गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के ददरेजी गांव में दो पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद और मारपीट मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को दोनों पक्षों के कुल नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि इस मामले में कांड संख्या 123/26 दर्ज कर अमरेन्द्र पासवान, संतोष पासवान, धर्मेंद्र पासवान एवं कमलेश पासवान, सभी निवासी ददरेजी गांव को गिरफ्तार किया गया। वहीं कांड संख्या 124/26 दर्ज कर दीपक पासवान, अंकित कुमार, मुरारी पासवान, अरविंद पासवान तथा भोला पासवान, सभी निवासी ददरेजी गांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# उत्तरी कोयल नहर निर्माण में अनियमिता, बनते ही ढलाई में आई दरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** गुरुआ प्रखंड क्षेत्र में चल रही उत्तरी कोयल नहर परियोजना के तहत उड़ाही एवं पक्कीकरण कार्य में निर्माण के तुरंत बाद ही दर्जनों दरारें जगह-जगह दिखाई देने लगी है। ढलाई में आई दरारों को लेकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री मानक के अनुरूप नहीं है जिसके कारण नई बनी संरचना कमजोर साबित हो रही है।

गौरतलब है कि एक ओर विधानसभा अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा लगातार परियोजना कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर निर्माण कार्य में घोर अनियमितता सामने आने से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि निगरानी के बावजूद कार्य एजेंसी द्वारा गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषी एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि करोड़ों की लागत से बन रही परियोजना में यदि शुरुआत में ही दरारें आने लगी है तो भविष्य में बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है।

# बालू माफिया का तांडव, पुलिस की गश्त और सीसीटीवी पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** थाना क्षेत्र में इन दिनों बालू माफियाओं का दबदबा इस कदर बढ़ गया है कि प्रशासन के सारे दावे खोखले नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि श्रीपुर घाट सहित कई अन्य स्थानों पर रात के अंधेरे में धड़ल्ले से अवैध बालू खनन का खेल चल रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि खिजरसराय बाजार में सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे माफियाओं के खौफ या मिलीभगत के कारण रात में बंद कर दिए जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ समय पहले ही खिजरसराय बाजार और नदी के किनारे चौराहे पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे जिसकी मॉनिटरिंग थाने से होती है। इसके बावजूद बालू माफिया बेखौफ होकर रात में कैमरों को बंद करवा देते हैं और अवैध बालू से लदे ट्रैक्टरों को चला रहे हैं। ऐसे में पुलिस की रात्रि गश्ती पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जिस इलाके में यह अवैध धंधा चल रहा है। आने वाले समय ही बताएगा।

# घोड़ाघाट में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डोभी/गया जी।** प्रखंड क्षेत्र के घोड़ाघाट पंचायत अंतर्गत घोड़ाघाट गांव में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा घोड़ाघाट बाजार स्थित लक्ष्मी मंदिर से निकाली गई जो गांव का भ्रमण करते हुए निरंजना नदी पहुंची। वहां श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान के साथ जलभरण किया गया। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ यात्रा में भाग लिया। मौके पर शेरघाटी विधानसभा विधायक उदय कुमार सिंह की पत्नी बबीता देवी का आगमन हुआ। इनके अलावा राजेन्द्र दुबे, महेंद्र ठाकुर, विष्णु साव, गौतम बाजपेयी, प्रियम कुमार, मिथिलेश पटेल, राजेन्द्र पासवान, सुरेंद्र यादव और अन्य शामिल हुए। उन्होंने कलश यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं के साथ भ्रमण किया तथा यज्ञ की सफलता की कामना की। कथा वाचक ने श्रद्धालुओं को यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े एवं जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

# रोटरी गया सिटी ने नेशनल विजेता तीरंदाजों को किया सम्मानित

## सांसद खेल महोत्सव में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी किया प्रोत्साहित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया जी।** शहर के गया कॉलेज खेल परिसर स्थित आर्ची ग्राउंड में रविवार को नेशनल विजेता तीरंदाजों को सम्मानित किया गया। रोटरी गया सिटी की ओर से नेशनल में पदक जीतकर लौटे तीरंदाजों को सचिव राजकुमार दुबे, संरक्षक डा रतन कुमार व वर्ष 2026-27 के होने वाली अध्यक्ष रोटेरियन डा अंजूम ने सम्मानित किया। इस दौरान सभी को स्पोर्टस शू दिया गया जिसे पहन वह और फिजिकल करें। इसके साथ पिछले दिनों आयोजित सांसद खेल महोत्सव के दौरान अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये पदक जितने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया और कहा कि आगे आपलोग ओलंपिक तक खेले और पदक जीतें। इस दौरान क्लब की ओर से हर संभव मदद करने की बात कही। वहीं आरर्ची कोच जयप्रकाश ने बच्चों के हौसला बढ़ाने के लिए रोटरी गया सिटी के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अंजय कुमार सिंह, संतोष कुमार, अनामिका भारती, सतीश कुमार, श्याम कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिंदेश्वरी घाट पर सफाई, श्रमदान हेतु चला जनजागरण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गयाजी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गयाजी स्थानीय किरानी घाट रोड स्थित राय बिंदेश्वरी घाट पर स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के बैनर तले स्वच्छता एवं जागरुकता अभियान चला कर स्थानीय लोगों के बीच जनजागरण तथा प्रत्येक रविवार को घंटा, दो घंटा श्रमदान कर फल्गु नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर उपस्थित अभियान समिति के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू, सह संयोजक बैजू प्रसाद, टिंकू गिरी, अंश उपाध्याय, रवि कुमार सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, मुरारी प्रसाद, मिथिलेश तिवारी, मोहम्मद एहतेश्याम आदि ने कहा कि हम गयाजीवासी विश्व प्रसिद्ध अंतसलीला, मोक्षदायिनी फल्गु नदी को घनी आबादी के बीच प्रत्येक रविवार को श्रमदान कर साफ सुथरी रखने का काम निरन्तर छह रविवार से चलाया जा रहा है जिसका परिणाम भी सामने आना शुरू हो गया है। नेताओं ने कहा गया नगर निगम, स्थानीय लोगों, विभिन्न एनजीओ, सामाजिक संगठनों द्वारा अब फल्गु सफाई हेतु जागरुकता आई है। नेताओं ने कहा कि फल्गु नदी के दोनों छोरों पर मैरीन ड्राइव जिसमें पश्चिमी छोर पर बोधगया से चाकन्द तक तथा पूर्वी छोर पर गुरियावां से खिजरसराय तक सड़क का निर्माण कराने से घानी आबादी के बीच फल्गु नदी अतिक्रमण से बचेगा तथा यातायात की सुविधा सुदृढ़ होगी।

# करंट से मिस्त्री की मौत मामले में आश्रितों को मिला चार लाख का मुआवजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के परसावां पंचायत अंतर्गत रूपसपुर गांव निवासी संतोष कुमार (30 वर्ष), पिता शालिग्राम यादव की शनिवार को करंट लगने से मौत हो गई थी। घटना मुंडेरा गांव के बधार में बिजली संबंधी कार्य के दौरान हुई थी। मृतक बिजली विभाग में ठेकेदार के माध्यम से मीटर लगाने का कार्य करता था। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये का चेक सौंप दिया गया है। वहीं कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत मुखिया दिलीप कुमार ने तीन हजार रुपये दिए। पारिवारिक लाभ योजना की राशि अब तक नहीं मिली है।

संपादकीय

# चुनाव हारने पर नेता का कद छोटा हो जाता है

कोई भी राजनीतिक दल हो या उसका बड़ा नेता हो, वह चुनाव पार्टी को जिता नहीं पाता है या खुद जहां-जहां से चुनाव लड़ता है, वहां चुनाव जीत नहीं पाता है तो उसका राजनीतिक कद पार्टी,राज्य व देश में कम हो जाता है क्योंकि राजनीति में सीधा सा गणित होता है जो चुनाव खुद जीतता है और पार्टी को भी जिताता है, वह बड़ा नेता होता है, उसका राजनीतिक कद पार्टी में.प्रदेश में व देश में ऊंचा हो जाता है।वह जितने चुनाव खुद जीतता है और अपनी पार्टी को जिताता है, उसका राजनीतिक कद उतना ही ऊंचा होता है लेकिन कई चुनाव जिताने वाला नेता यदि एक चुनाव हार जाता है तो उसका जितना भी ऊंचा कद हो वह कम हो जाता है और उसे कोई बड़ा नेता नहीं मानता है क्योंकि वह अब हराने वाला नेता नहीं रह जाता है,वह चुनाव हारने वाला नेता बन जाता है और हारने वाले नेता को कोई बड़ा नेता नहीं मानता हैं। पार्टी के लोग नहीं मानते,राज्य के लोग नहीं मानते और देश में भी बड़ा नेता कोई नही मानता है। पं.बंगाल चुनाव हारने के पहले ममता बैनर्जी पार्टी के सबसे बड़ी नेता थी,राज्य की सबसे बड़ी नेता थी और विपक्ष में देश की भी सबसे बड़ी नेता थी। वह खुद को विपक्ष का बड़ा नेता मानती थीं और विपक्ष के नेता उनको देश का बड़ा नेता मानते थे। क्योंकि विपक्ष के तमाम नेताओं के बीच वही एकमात्र ऐसी विपक्ष की नेता थी जिसने एक नहीं दो नहीं तीन चुनाव में पीएम मोदी व अमित शाह को पं.बंगाल में हराया था। विपक्ष में पीएम मोदी व शाह को किसी राज्य में तीन बार हराने वाला कोई और नेता नहीं था इसलिए ममता विपक्ष की मोदी व शाह को हरानेवाली नेता थी बाकी सब मोदी व शाह से चुनाव हारने वाले नेता थे। जब भी मोदी व शाह को किसी चुनाव में हराने की बात होती थी तो विपक्ष का कोई नेता यह कहे या न कहे ममता जरूर कहती थी कि उन्होंने मोदी व शाह को पं.बंगाल में तीन बार हराया है तो वही देश के चुनाव में भी उनको हरा सकती थी।यानी वह विपक्ष से चाहती थीं कि राहुल गांधी की जगह उनको विपक्ष का नेतृत्व सौंपा जाता है तो वह पीएम मोदी को देश मे हरा सकती हैं। 26 के विधानसभा चुनाव मे पं.बंगाल में वह हुआ जिसकी कल्पना तक ममता नहीं करती थी यानी मोदी और शाह से पं.बंगाल में चुनाव हार जाना।वह भी बुरी तरह। इतनी बुरी तरह की वह खुद दो सीटो पर चुनाव लड़कर दोनों सीटों पर चुनाव हार गई और उनकी पार्टी जिसके दो सौ सीटों पर जीतने की कल्पना कर वह खुश हो रही थी,वह 100 सीट भी नहीं जीत सकीं। इससे ममता को बहुत राजनीतिक नुकसान हुआ। राज्य की सत्ता तो गई ही, देश के बड़ी नेता की जगह,देश की मोदी व शाह को हराने वाली व हरा सकने वाली नेता की जगह अब वह भी विपक्ष के सभी नेताओं की तरह मोदी शाह से हारने वाली नेता रह गई थीं।वह सत्ता के नशे में भूल गई थी कि पीएम मोदी व शाह भी तीन बार हारने पर भी हार मानने नही है और उसको हराकर कर दम लेने वाले हैं। पीएम मोदी व शाह को ममता को हराने में 15 साल लगे लेकिन आखिरकार उन्होंने वह काम कर दिखाया जिस देश की राजनीति में ऐतिहासिक माना जाएगा। चुनाव हारने से ममता को सबसे बड़ा राजनीतिक रूप से नुकसान क्या हुआ, वह भी विपक्ष के तमाम नेताओं जैसा हो गई. उनका राजनीतिक कद भी कम हो गया और वह भी राज्य व देश की सबसे बड़ी राजनीतिक नेता नहीं रह गई है।ऐसे में उनके सामने खुद को विपक्ष से अलग व बड़ा नेता दिखाने के लिए कुछ ऐसा करना था जो विपक्ष के किसी नेता ने न किया हो। चुनाव हारने पर विपक्ष के तमाम नेताओं ने सहज इस्तीफा दे दिया था, ममता भी चुनाव हारने पर ऐसा करती तो वह विपक्ष के तमाम नेताओं जैसी हो जाती इसलिए उन्होंने हारने के बाद भी सीएम पद से इस्तीफा देने से मना कर दिया ताकि वह विपक्ष के तमाम नेताओं से अलग दिखें। वह कह सकें कि तुम लोग जो काम नहीं कर सके मैंने किया है।मैं हारी नहीं हराई गई इसलिए मैंने विरोध मे सीएम पद से इस्तीफा नहीं दिया।ममता ने सीएम पद से इस्तीफा न देकर खुद को विपक्ष के तमाम नेताओं के अलग बताने का प्रयास किया यानी वह विपक्ष के तमाम नेताओं को यह बताने का प्रयास किया कि मैं पहले भी तुम लोगों जैसी नहीं थी और बंगाल हारने के बाद भी नहीं हूं।यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि ममता ने राहुल गांधी के बनाए हुए रास्ते पर चलने से क्यों मना नहीं किया क्योंक राहुल गांधी ही देश के पहले ऐसे नेता जिन्होंने यह माना और कहा कि हम हारे नहीं है,हम हराए गए है। अब ममता ऐसा कर रही है। इसकी वजह यह है कि राहुलगांधी, ममता दोनो पीएम मोदी को कमजोर,डरपोक,कायर नेता कहते रहे हैं।

# सोमनाथ से सिंदूर तक: पुनरुत्थानशील भारत की भावना



श्री पीयूष गोयल

75 वर्ष पहले किया गया भव्य सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सभ्यतागत गौरव की पुनर्स्थापना का निर्णायक क्षण था। इसने भारत की उस दृढ़ता और संकल्प को पुनः स्थापित किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' मिशन का मूल आधार है।

इस पवित्र उपलब्धि की 75वीं वर्षगांठ राष्ट्र को भारतीय सभ्यता की मजबूत नींव और शक्ति पर सर्वोच्च विश्वास प्रदान करती है, जो 1,000 वर्षों तक कट्टरपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए भीषण हमलों को झेलने के बाद भी और अधिक सशक्त होकर उभरी।

गुजरात के शांत समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर हर आक्रमण के बाद खंडहरों से अपनी पूरी भव्यता के साथ फिर उठ खड़ा हुआ। कई मायनों में इसका इतिहास भारत के अतीत का प्रतिबिंब है, जहाँ हमारे शांतिप्रिय लोगों ने अपनी आस्था, संस्कृति और विरासत पर हुए क्रूर हमलों के बाद फिर से मजबूती से वापसी की।

जैसा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, जिस प्रकार सोमनाथ को नष्ट करने के लिए बार-बार षड्यंत्र और प्रयास हुए, उसी प्रकार विदेशी आक्रमणकारियों ने सदियों तक भारत को समाप्त करने की कोशिश की। फिर भी न तो यह पूजनीय तीर्थ नष्ट हुआ और न ही भारत।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सोमनाथ पर हमलों का उद्देश्य लूटपाट से ज़्यादा खतरनाक था। उन्होंने कहा, ÷यदि हमले केवल लूट के लिए होते, तो एक हजार वर्ष पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही रुक गए होते। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ की पवित्र मूर्ति को अपवित्र किया गया, मंदिर के स्वरूप को बार-बार बदला गया। और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को केवल लूट के लिए नष्ट किया गया था। घृणा, उत्पीड़न और आतंक का यह क्रूर इतिहास हमसे छिपाया गया।÷

नेहरू का विरोध- स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण के मिशन का नेतृत्व किया। यह नवस्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय आत्मविश्वास की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में से एक था। लेकिन इस प्रयास की राह में भी मुश्किलें आईं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसके ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने का औपचारिक तौर पर विरोध किया। इसके बावजूद राष्ट्रपति ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया।

सदियों के क्रूर उत्पीड़न के बाद इस पुनर्निर्माण ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सभ्यता पर गर्व के बीज बोए। काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुनरुद्धार से लेकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर तक; केदारनाथ के पुनर्जीवन से लेकर असंख्य धरोहर स्थलों के संरक्षण तक – भारत अपनी सभ्यता की कहानी को गरिमा और उद्देश्य के साथ पुनः स्थापित कर रहा है। इन प्रयासों से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं व्यापार के अनेक अवसरों का सृजन हो रहा है।

वैश्विक पहचान- सोमनाथ की ही भांति भारत भी और अधिक सशक्त होकर उभरा है। यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ अपनी समृद्ध विरासत और आधुनिकता के अद्वितीय संगम के लिए वैश्विक पहचान बना रहा है। 2014 में जब देश भारी बहुमत से मोदी सरकार को सत्ता में लाया, तो संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 175 देशों के समर्थन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया। योग आज एक वैश्विक वेलनेस मुहिम बन चुका है, जिसने दुनिया की सभी संस्कृतियों के लोगों को लाभ पहुंचाया है।

एक दशक बाद, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पश्चिम एशिया में संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा उपहार में दी गई भूमि पर बने एक भव्य मंदिर का लोकार्पण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बहरीन में 200 वर्ष पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। वह नियमित रूप से प्रवासी भारतीयों से संवाद करते हैं जिससे वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली दूत बन जाते हैं।

आयुष और योग का वैश्वीकरण-भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों से जुड़े पेशेवरों के लिए वैश्विक अवसरों का सृजन करना, हाल के वर्षों में भारत द्वारा विकसित देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। हमारे कारीगरों, श्रमिकों, किसानों, मछुआरों, छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए लाभकारी वैश्विक अवसरों का सृजन करने के साथ-साथ ये समझौते प्रधानमंत्री के ÷विकास भी, विरासत भी÷ के विजन को आगे बढ़ाते हैं।

हाल ही में न्यूजीलैंड के साथ संपन्न एफटीए पारंपरिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य सेवाओं में भारत की वैश्विक पहुँच में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसमें आयुष चिकित्सकों और योग प्रशिक्षकों के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक एवं ज्ञान-आधारित पेशेवरों को न्यूजीलैंड में कार्य करने के लिए वीजा कोटा प्रदान किया गया है। यह एफटीए आयुर्वेद, योग और अन्य पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं के व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करता है तथा आयुष को समकालीन और वैश्विक रूप से प्रासंगिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में स्थापित करता है।

ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए व्यापार समझौतों में भी इसी प्रकार के प्रावधान हैं। यूरोपीय संघ के साथ एफटीए आयुष चिकित्सकों को भारत में प्राप्त व्यावसायिक योग्यता के आधार पर यूरोपीय देशों में सेवाएँ देने की अनुमति देगा। यह यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में आयुष वेलनेस सेंटर और क्लीनिक बनाने में भी मदद करता है।

नई चुनौतियों पर विजय-जहाँ एक ओर भारत की सांस्कृतिक विरासत दुनिया का ध्यान आकृ?ट कर रही है, वहीं देश कट्टरपंथियों के निशाने पर बना हुआ है, जो आतंकवाद और घुसपैठ के माध्यम से भारत की सामंजस्यपूर्ण विरासत को बिगाड़ रहे हैं।



प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत ऐसी चुनौतियों का ज़ोरदार जवाब देता है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत ने आतंकवादियों और सीमा पार मौजूद उनके संरक्षकों को करारा सबक सिखाया। हाल के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने उन दलों को नकार दिया, जो घुसपैठियों का समर्थन कर रहे थे, वोट-बैंक की राजनीति कर रहे थे और भारत की सांस्कृतिक विरासत को कमजोर कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर और सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, दोनों की वर्षगांठ में कुछ ही दिनों का अंतर है। ये दोनों ही भारत की दृढ़ता और शक्ति को दर्शाती हैं।

सोमनाथ की कहानी अंततः राजनीति से कहीं आगे है। यह एक ऐसी सभ्यता की दास?तान है, जिसने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। अपने पुनर्निर्माण के 75 वर्ष बाद, आज सोमनाथ केवल मंदिर नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ता, निरंतरता और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का कालजयी प्रतीक बनकर खड़ा है।

**(लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं।)**

अध्यात्म

# आलसी का भला कोई नहीं कर सकता

किसी गांव में एक ब्राह्मण रहा करता था। वह बड़ा भला आदमी था, लेकिन साथ ही काम को टाला करता था। वह यह मानकर चलता था कि जो कुछ होता है, भाग्य से होता है, वह अपने हाथ-पैर नहीं हिलाता था। वह बहुत आलसी था। एक दिन एक साधु उसके घर आये। ब्राह्मण और उसकी घरवाली ने उसका खूब आदर-सत्कार किया।

साधु ने खुश होकर चलते समय ब्राह्मण से कहा - 'तुम बहुत गरीब हो! लो मैं तुम्हें पारस पत्थर देता हूं। सात दिन के बाद मैं आऊंगा और इसे ले जाऊंगा। इस बीच तुम जितना सोना बनाना चाहो, बना लेना। '

ब्राह्मण ने पत्थर ले लिया। साधु चले गये। उनके जाने के बाद ब्राह्मण ने घर में लोहा खोजा, उसे बहुत थोड़ा लोहा मिला। वह उसी को सोना बनाकर बेच आया और कुछ सामान खरीद लाया।

अगले दिन स्त्री के बहुत जोर देने पर वह लोहा खरीदने बाजार में गया तो लोहा कुछ महंगा था। वह घर लौट आया। दो-तीन दिन बाद फिर वह बाजार गया तो पता चला कि लोहा तो अब पहले से भी महंगा हो गया है।

'कोई बात नहीं।' उसने सोचा - 'एकाध दिन में भाव जरूर नीचे आ जाएगा, तभी खरीदेंगे।'

किंतु लोहा सस्ता नहीं हुआ और दिन निकलते गए। आठवें दिन साधु आये और उन्होंने अपना पत्थर मांगा तो ब्राह्मण ने कहा - 'महाराज, मेरा तो सारा समय यों ही निकल गया। अभी तो मैं कुछ भी सोना नहीं बना पाया। आप कृपा करके इस पत्थर को कुछ दिन मेरे पास और छोड़ दीजिए। '

लेकिन साधु राजी नहीं हुवे। उन्होंने कहा - 'तुझ जैसा आदमी जीवन में कुछ नहीं कर सकता। तेरी जगह और कोई होता तो कुछ-का-कुछ कर डालता। जो आदमी समय का उपयोग करना नहीं जानता वह कभी सफल नहीं होता।'

ब्राह्मण पछताने लगा, पर अब क्या हो सकता था। साधु पत्थर लेकर जा चुके थे। उसे अपने आलस और भाग्य पर जरूरत से ज्यादा यकीन की कीमत चुकानी पड़ी।

आलस आदमी का सबसे बड़ा दुश्मन होता। ईश्वर प्रदत्त अनेक अवसर प्रायः इस टालमटोल और आलस के रवय्ये के भेंट चढ जाते हैं।

# कोई चमत्कारी महाराष्ट्र को भी मिले

**दक्षिण में अनेक अभिनेता और अभिनेत्रियां, उत्तर में सामाजिक आंदोलनों से जुड़े नेता सत्ता को पाने में सफल हुए हैं. यह बात और है कि उन्हें अधिक अवसर नहीं मिले, किंतु एक मौका तो हर एक को मिला. महाराष्ट्र के गठन के बाद कांग्रेस का बोलबाला रहा, लेकिन जब अवसर आया तो समझौतावादी राजनीति को अपनाया गया. राज्य में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(राकांपा) के नेता शरद पवार, शेतकरी कामगार पक्ष के नेता शरद जोशी, समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीस, मधु लिमये, शिवसेना के बालासाहब ठाकरे, वर्तमान में वंचित बहुजन मोर्चे के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे जैसे अनेक नेताओं ने अपने उदय के साथ अपना एक समय बनाया, जिसमें उनका प्रभाव और लोकप्रियता चरम पर थी. किंतु उससे उन्हें सत्ता की सीढ़ी नहीं मिली. कहीं गठबंधन और समझौता करना ही एक मजबूरी के रूप में सामने आया.**

**अमिताभ श्रीवास्तव**

यह सिर्फ दो साल पुरानी कहानी है, जिसमें दक्षिण भारत के एक और कलाकार ने अपनी लोकप्रियता भुनाते हुए तमिलनाडु की सत्ता के दरवाजे पर दस्तक दे दी है. चंद्रशेखरन जोसेफ विजय यानी थलापति विजय, जिनके बारे में एग्जिट पोल तक सही भविष्यवाणी नहीं कर सके और उन्होंने तमिल जनता का राजनीतिक 'हीरो' बनने में भी सफलता पा ली.

माना यह जाता है कि उनके मन में राजनीति के प्रति उस समय से रुझान था, जब उन्होंने एक 'फैन क्लब' बनाया था और बाद में स्थानीय निकायों का चुनाव लड़ा था. यही नहीं, एआईएडीएमके को चुनाव में सहायता भी की थी. किंतु स्वतंत्र दल बनाकर दो साल की तैयारी में 108 सीटें जीतना कोई मामूली बात नहीं है. वह भी तब जब राज्य की सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ कोई वातावरण नहीं बना और उसकी वापसी तय मानी जा रही हो.

अब सवाल यही है कि यदि उत्तर से दक्षिण के अनेक राज्यों में कोई एक करिश्माई नेता अपनी ताकत से सत्ता बदल देता है तो महाराष्ट्र में कोई शक्तिमान क्यों नहीं तैयार हो पाया. 66 साल के इतिहास में एक दर्जन नेता उभरे और सामने आए, लेकिन सत्ता समझौते से ही मिली. ग्लैमर की दुनिया में सितारे सबसे अधिक महाराष्ट्र में ही थे, किंतु उन्होंने प्रचार से अधिक कभी कोई सामाजिक अथवा राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं निभाई.

महाराष्ट्र, जहां बॉलीवुड से लेकर क्रिकेट की दुनिया का मुख्यालय 'बीसीसीआई' तक है. राज्य में भारत रत्नों की संख्या सबसे अधिक है. इस परिक्षेत्र में सबसे ज्यादा सामाजिक जागरुकता के आंदोलन हुए और स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख केंद्रों में से एक यही राज्य था. फिर भी राजनीति के स्तर पर कोई करिश्माई नेता इतना बड़ा कद नहीं बना सका, जिसके नाम पर सत्ता का शिखर पाया जा सका हो.

दक्षिण में अनेक अभिनेता और अभिनेत्रियां, उत्तर में सामाजिक आंदोलनों से जुड़े नेता सत्ता को पाने में सफल हुए हैं. यह बात और है कि उन्हें अधिक अवसर नहीं मिले, किंतु एक मौका तो हर एक को मिला. महाराष्ट्र के गठन के बाद कांग्रेस का बोलबाला रहा, लेकिन जब अवसर आया तो समझौतावादी राजनीति को अपनाया गया. राज्य में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(राकांपा) के नेता शरद पवार, शेतकरी कामगार पक्ष के नेता शरद जोशी, समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीस, मधु लिमये, शिवसेना के बालासाहब ठाकरे, वर्तमान में वंचित बहुजन मोर्चे के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे जैसे अनेक नेताओं ने अपने उदय के साथ अपना एक समय बनाया, जिसमें उनका प्रभाव और लोकप्रियता चरम पर थी. किंतु उससे उन्हें सत्ता की सीढ़ी नहीं मिली. कहीं गठबंधन और समझौता करना ही एक मजबूरी के रूप में सामने आया.

दक्षिण की तरह ही महाराष्ट्र कला और खेल दोनों में अग्रणी स्थान पर रहा. राज्य में हिंदी के साथ मराठी फिल्मों का प्रभाव रहा. उनके कलाकारों की सामाजिक चेतना हमेशा ही प्रबल रही. किंतु उसका लाभ राजनीतिक परिवर्तन के रूप में नहीं हुआ. वह प्रचार और समर्थन के लिए उपयोग में लाए जाते रहे, लेकिन जनप्रतिनिधि बनने का न किसी कलाकार में साहस दिखा और न ही उन्हें आजमाने की किसी राजनीतिक दल ने कोशिश की.



बॉलीवुड के अमिताभ बच्चन, सुनील दत्त, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी, सनी देओल, स्मृति ईरानी, कंगना रनौत तक राजनीति में आए, लेकिन हेमा मालिनी और स्मृति ईरानी को छोड़कर सभी अपने गृह राज्य से ही चुनाव मैदान में उतरे और वहीं सीमित रहे.

केंद्र सरकार ने अनेक कलाकारों और खिलाड़ियों को राज्यसभा के लिए नामित किया, मगर उन्होंने उसमें कोई रुचि नहीं दिखाई. बस छह साल का समय काट लिया. विधानसभा के दृष्टिकोण से भी न हिंदी और न मराठी कलाकार जनप्रतिनिधि बनने के लिए सामने आया. मराठी टीवी कलाकार अमोल कोल्हे ने संसदीय चुनाव लड़ा और राकांपा के सांसद बने रहे. स्पष्ट यही रहा कि दक्षिण की तरह किसी कलाकार ने अपना दल बनाकर और स्थापित नेताओं को हराकर कभी विजय प्राप्त नहीं की. न ही राजनीतिक संभावना को जन्म दिया. संभव है कि इसकी वजह आत्मविश्वास में कमी रही हो या फिर राजनीतिक दलों का दबाव रहा हो. किंतु महत्वाकांक्षा को भी कोई स्थान नहीं मिला.

यह कहा जा सकता है कि राज्य में राजनीति जातिगत समीकरण में काफी उलझी हुई है और कला क्षेत्र में हमेशा ही जाति विशेष का दबदबा रहा है. उससे बाहर निकलने का प्रयास नहीं हुआ. जिस प्रकार दक्षिण के नेताओं ने उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और जातिगत समीकरणों से ऊपर अपनी छवि बनाई, उस प्रकार की संरचना को तैयार करने में महाराष्ट्र के सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्र के नेता विफल रहे.

वे हमेशा ही एकतरफ बंध कर रह गए. राज्य के नए और उभरते नेताओं ने अपनी शुरुआत तो बहुत आक्रामक की, लेकिन जनमानस को जीतने में असफल रहे. या चुनावी गणित में जनता को जोड़ पाने में उन्हें सफलता नहीं मिली. इसी कारण राज्य में कोई थलापति अकेले विजय हासिल नहीं कर पा रहा है. दूसरे शब्दों में, कोई भी जनता का 'हीरो' अपनी व्यापक या सर्वमान्य छवि बनाने में विफल है. उलझे हुए समीकरणों में राजनीति के पैंतरों में उलझना ही जनसामान्य के लिए एकमात्र विकल्प है. हालांकि यही वह राज्य है, जहां स्वराज से लेकर दलित चेतना, महिला उत्थान को लेकर और अंधविश्वास के खिलाफ जमकर संघर्ष हुआ. समाज को शिक्षा से लेकर आर्थिक सामर्थ्य के अनेक पाठ पढ़ाए गए. मगर उनसे राजनीतिक चेतना नहीं बदली. किसी सीमा तक उसे बदला या फिर ध्रुवीकृत रहने दिया गया.

कुछ नेताओं के प्रयास में कमी और इच्छाशक्ति का भी अभाव रहा. फिलहाल व्यक्ति केंद्रित राजनीति का दक्षिण में लंबा इतिहास है, लेकिन खिचड़ी राजनीति से ऊपर इधर-उधर भटकता महाराष्ट्र भी किसी चमत्कारी नेता को देखना चाहता है, जो उसका कल्याण ईमानदारी से कर सके.

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कामकाज में सफलता मिलेगी जो मेहनत आप कर रहे थे, असर अब साफ दिखेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में भी जीत की खुशखबरी मिल सकती है।

**वृषभ**
सामाजिक कार्यक्रम में आपकी मौजूदगी खास बना सकती है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मिठास घुलेगी और छोटी-मोटी दूरियां भी खत्म होंगी।

**मिथुन**
आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। काम में लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए पूरा ध्यान अपने टारगेट पर रखें।

**कर्क**
आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। मनोरंजन और मस्ती के मौके मिलेंगे, जिससे मन हल्का रहेगा। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला थोड़ा तनाव दे सकता है।

**सिंह**
आज आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने में पूरी ताकत लगा देंगे और सफलता भी मिलेगी। बिजनेस में नई पार्टनरशिप के योग बन रहे हैं।

**कन्या**
आज आपका आत्मविश्वास और साहस दोनों चरम पर रहेंगे। कुछ नया करने की चाह आपको आगे बढ़ाएगी और बिजनेस में बदलाव के विचार आएंगे।

**तुला**
घर के बड़े आपका पूरा साथ देंगे। अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है, इसलिए अपने सामान का ध्यान रखें। उधार दिया पैसा वापस मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक**
आपकी समझदारी ही आपको आगे बढ़ाएगी। घर-परिवार की जिम्मेदारियों को नजरअंदाज न करें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी खटास आ सकती है।

**धनु**
गुस्से में आकर कोई फैसला न लें, वरना नुकसान हो सकता है। विरोधी सक्रिय रहेंगे, इसलिए सतर्क रहें। नया घर खरीदने की योजना में कागजातों की जांच जरूर करें।

**मकर**
आज का दिन मिला-जुला रहेगा। काम में तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं, जिससे रुकावट महसूस होगी। किसी भी काम में जल्दबाजी न करें। जिम्मेदारियां बढ़ेंगी और तनाव भी हो सकता है।

**कुंभ**
आय बढ़ाने के नए रास्ते खुलेंगे। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने के संकेत हैं। कोई पुराना कानूनी मामला आपके पक्ष में जा सकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। कामकाज में सुधार आएगा और मन हल्का रहेगा। कोई पुराना मित्र अचानक मिलकर आपको खुश कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**पालीगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के महाबलीपुर मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शनिवार के देर रात ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने हुई टक्कर के कारण हुई। मृतक की पहचान दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के खपुरी गांव निवासी रामेश्वर यादव के 21 वर्षीय पुत्र अभय नारायण के रूप में की गई है। बताया जाता है कि अभय नारायण अपनी मोटरसाइकिल से गुजर रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### जप्त 307 लीटर शराब की गई नष्ट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न कांडों में जप्त विदेशी शराब को शनिवार को दंडाधिकारी की उपस्थिति में विनिष्टिकरण किया गया है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि मसौढी थाने में लगातार चल रहे



ऑपरेशन शराब के तहत है जप्त विदेशी शराब को जिला प्रशासन के निर्देश पर उसे विनिस्ट्रीकरण किया जाता है। ऐसे मे शनिवार को मजिस्ट्रेट की स्थिति में 307 लीटर विदेशी शराब को वशिष्ठ किया गया है।मसौढ़ी थाना कांड सं0 35/26 बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संशोधन) अधिनियम, 2022 मे जप्त कुल 06 लीटर विदेशी शराब, कांड सं0 13/26 मे 02 लीटर विदेशी शराब, कांड सं0 170/26, कुल 283 लीटर विदेशी शराब, कांड सं0 667/25 जप्त कुल 2.88 लीटर विदेशी शराब,कांड सं0 952/25 कुल 15.75 लीटर विदेशी शराब शामिल है बहरहाल कुल मिलाकर 307.63 लीटर अंग्रेजी शराब का विनष्टीकरण किया गया ।

### नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 4 तस्कर गिरफ्तार

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदी थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विशेष अभियान के तहत भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, फतुहा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 9 और 10 मई 2026 की रात



नदी थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में गहन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से करीब 7.54 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई में 12 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक बाइक, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 33,030 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। बरामद मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। फतुहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई में नदी थाना के कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि नशे के कारोबार में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर आगे भी लगातार छापेमारी की जाएगी। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रों ने किया हंगामा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में फाइनल ईयर के परीक्षा फॉर्म भरने को लेकर प्रबंधन और छात्रों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया है। वंचित छात्रों ने परिसर के गेट पर हंगामा भी किया। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने शुक्रवार की रात को मौके पर पहुंच कर उत्तेजित छात्रों को शांत कराया ।परीक्षा 11 मई से शुरू हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार पॉलिटेक्निक कॉलेज में फिलहाल फाइनल ईयर का फॉर्म भरा जा रहा है। छात्रों का आरोप है कि 80 से अधिक छात्र प्रबंधन की मनमानी के कारण फॉर्म भरने से वंचित हो गए हैं। वहीं दूसरी तरफ कॉलेज का कहना है कि योग्य छात्रों का ही फॉर्म भराया गया है। गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा फॉर्म भर गया है। वंचित छात्र फॉर्म भरने को लेकर अनुचित दबाव दे रहे हैं। पुलिस ने बताया कि कम उपस्थिति वाले छात्रों का फॉर्म रोक दिया गया है जिसके कारण हंगामा हुआ है। पुलिस को कोई भी लिखित शिकायत नहीं मिली है। बहरहाल वंचित छात्र परेशान हैं।

### सिविल कोर्ट में 129 मामलों का निष्पादन

**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ सिविल कोर्ट में शनिवार को लगाए गए लोक अदालत में 129 मुकदमों का निष्पादन पक्षकारों की आपसी सहमति के बाद किया गया। इसमें सात बेंच का गठन किया गया था। मौके पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम वीरेंद्र कुमार चौबे, एसीजेएम राम मनोहर चौधरी,डी पतंजलि, एसडीजेएम स्वाति प्रियदर्शी आदि मौजूद रहे।

### असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की जांच शुरू

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ नगर के भुनेश्वरी चौक स्थित कोचिंग संस्थानों के आसपास असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने को लेकर पुलिस टीम गठित की गई है। सुबह में इन संस्थाओं के आसपास मौजूद असामाजिक तत्वों पर पुलिस कर्मी जांच पड़ताल कर रहे हैं ।इसको लेकर लगातार अभियान चल रहा है।

### एटीएम फंसा कर 70 हजार रुपये की निकासी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को मनेर गांधी मैदान के समीप एसबीआई एटीएम में एक व्यक्ति के एटीएम कार्ड को फंसा कर साइबर अपराधी ने 70000 रुपए की निकासी कर ली। निकासी का मैसेज आने के बाद पीड़ित ने मनेर थाने में अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार सादिकपुर पंचायत स्थित जमुनीपुर गांव निवासी जयनाथ सिंह रविवार की दोपहर गांधी मैदान, मनेर पोस्टऑफिस के बगल में स्थित एसबीआई के एटीएम में पैसा निकालने गए थे। कार्ड डालने के बाद कार्ड मशीन में फस गया, तभी दूसरी एटीएम मशीन पर पैसा निकाल रहे एक व्यक्ति ने बोला कि शायद एटीएम मशीन पर लिखे हुए नंबर पर फोन करके देख लीजिए। जब उन्होंने एटीएम मशीन पर चिपके हुए नंबर पर कॉल किया तो उधर से किसी आदमी ने जयनाथ सिंह को एटीएम के कैंसिल का बटन 2 मिनट तक दबाए रखने की बात कही। एटीएम कार्ड को मशीन में छोड़कर बगल में यूनियन बैंक के पास एक मैकेनिक रहता है उसको बुला लीजिए। वह आपका फंसा हुआ कार्ड निकाल देगा। जैसे ही वह मैकेनिक को लेने गए तभी उसके मोबाइल पर बारी-बारी से चार मैसेज आए और 68,700 रुपए की निकासी हो गई।पीड़ित जयनाथ सिंह ने एसबीआई के एटीएम संचालक व एसबीआई कर्मियों की मिली भगत का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस एटीएम एवं आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज के सहारे रुपए की अवैध निकासी करने वाले अपराधियों की तलाश में लगी है।

### जीजा के भाई पर दुष्कर्म का आरोप, हुआ गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के एक गांव की युवति ने अपने मौसेरा जीजा के भाई पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है, जिसको लेकर पुनपुन थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है, दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि हमें। बहला फुसलाकर पटना होटल में ले गया और हमारे साथ दुष्कर्म किया प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर लिया है आरोपी का नाम सहेंद्र कुमार पिता अरुण ठाकुर कटेसर बिहटा थाना क्षेत्र का बताया जाता है।जहां पुनपुन पुलिस ने उसके घर पर से ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, वही पुलिस ने पिडिता का मेडिकल करवा कर ब्यान न्यायालय में करवाया गया है जहां पिडीत ने बताया है कि हमारे मौसेरा जीजा के भाई ने गलत काम किया है।

### गर्भवती महिला के साथ मारपीट, ससुराल पक्ष पर प्राथमिकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के मालिकाना मोहल्ले के रहने वाली पीड़िता अफसाना प्रवीत पति मोहम्मद लड्डू मियां ने अपने तीन ननद समेत सभी ससुराल पक्षों पर आवेदन देकर थाने में कार्रवाई की गुहार लगाई है, आवेदन में लिखा है कि हमारे पांच ननद है जिसमें तीन ननद जो बराबर तंग तबाह मारपीट किया करती है पिछले दो वर्षों से ससुराल पक्ष के लोग परेशान कर रखा है हमारे शादी वर्ष 2020 में हुई थी हमारे पति पटना काम करते हैं ऐसे में बीते 7 जून को जब हम किचन में काम कर रहे थे उसे वक्त तिनो ननद आई और बाल पकड़कर मारपीट करने लगी और हमारे पेट में 6 मा का गर्भ था जिसे पेट पर लात मार कर उसे बर्बाद करने की कोशिश की है लोग हमेशा जान मारने की नीयत से मारपीट किया करती है दिये गये आवेदन पर पुलिस जांच में जुटी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत पालीगंज में 87 वादों का निपटारा

## 41.73 लाख की समझौता राशि तय





**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों एवं विभागों से जुड़े मामलों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निपटारा किया गया। लोक अदालत में कुल 87 वादों का निष्पादन करते हुए 41,73,772 रुपये की समझौता राशि तय की गई, जिसमें 11,09,823 रुपये की राशि मौके पर ही प्राप्त हुई। साथ ही 4 आपराधिक वादों का भी निष्पादन किया गया। लोक अदालत की कार्यवाही सब जज रवि पांडे, न्यायिक पदाधिकारी मो. नदीम अहमद तथा गैर न्यायिक पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार उपाध्याय की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान कोर्ट कर्मी मुकेश कुमार चौहान, मो. रियाजुद्दीन खान, चंदन कुमार, नीपू कुमारी, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। बैंकों से जुड़े वादों में भारतीय स्टेट बैंक के 8 मामलों में 19,30,039 रुपये की समझौता राशि के विरुद्ध 5,55,500 रुपये वसूल किए गए। पंजाब नेशनल बैंक के 43 मामलों में 8,04,720 रुपये की समझौता राशि तय हुई, जिसमें 3,27,300 रुपये प्राप्त किए गए। बिहार ग्रामीण बैंक के 8 मामलों में 2,56,000 रुपये में 1,09,500 रुपये प्राप्त हुए। इंडियन बैंक के 19 मामलों में 1,17,800 रुपये की समझौता राशि में 1,22,500 रुपये प्राप्त किए गए। वहीं बीएसएनएल के 5 मामलों में 5,023 रुपये की पूरी राशि मौके पर ही वसूल की गई। न्यायिक पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वादों का त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण समाधान कर आमजनों को राहत प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर पालीगंज एसडीएम चंदन कुमार, वरीय अधिवक्ता हृषिकेश, सभी बैंकों के पदाधिकारी व कर्मी, बिजली विभाग तथा बीएसएनएल के कर्मी उपस्थित रहे। वही लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय मिलने पर वादकारियों ने संतोष व्यक्त किया।

# नर्सिंग उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए जॉब का अवसर



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सासाराम में पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग, बी. एससी. नर्सिंग, जीएनएम. एवं एम.एससी. नर्सिंग उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष जॉब प्लेसमेंट अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत योग्य अभ्यर्थियों को अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए दिनांक 14 जून 2026 को अम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन में साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं, जहां उम्मीदवार अपनी योग्यता के अनुसार चयन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। यह साक्षात्कार कार्यक्रम अंम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अमरातालाब, सासाराम, रोहतास वेबसाइट में आयोजित होगा, विस्तृत जानकारी, आवेदन हेतु प्रपत्र वेबसाइट पर उपलब्ध है। विदित हो की अम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन का संचालन अंबेडकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, पटना के अंतर्गत किया जाता है। यह ग्रुप विगत 26 वर्षों से राज्य के शैक्षणिक उत्थान हेतु बिहार में सक्रिय है। विदित हो की अम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन का संचालन अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, गोला रोड मोड, बेली रोड, पटना के द्वारा किया जाता है। अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन राज्य का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान समूह है जिसके द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में प्रोफेशनल एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है। अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन द्वारा प्रतिवर्ष 5 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को व्यवसायिक एवं वोकेशनल शिक्षा प्रदान करने हेतु नर्सिंग, पारामेडिकल, फामेर्सी, मैनेजमेंट मासकॉम तथा कम्प्यूटर सायंस, लॉ एवं पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रम का संचालन विगत कई दशक से किया जा रहा है। संस्थान के चेयरमैन डॉ. कौशल कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नर्सिंग शिक्षा प्राप्त कर चुके युवा-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा उनके करियर को सशक्त दिशा देना है। इच्छुक अभ्यर्थी सभी आवश्यक दस्तावेज शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो एवं अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो) के अभिप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ साक्षात्कार हेतु समय से उपस्थित हों। साक्षात्कार हेतु इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन व्हाट्सऐप्प पर अधिकृत प्रपत्र में अथवा सादे पेपर पर भेज सकते हैं। आवेदन हेतु प्रपत्र वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## पत्नी को जान मारने की नीयत से मारपीट करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपने पति के खिलाफ थाने में पत्नी प्रताड़ना और जान मारने की नीयत से मारपीट करने के मामले में विवाहिता द्वारा दिये गये आवेदन के उपरांत पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सुधीर कुमार पिता नागेश्वर प्रसाद साकिन सेवनन टोला रघुनाथपुर थाना करोना जिला जहानाबाद है। दरअसल इस मामले में पिडित महिला जूली कुमारी ने थाने में आवेदन लिखकर जान मारने की नीयत से मारपीट करने के मामले में अपने पति पर कार्रवाई के लिए गुहार लगाई थी, दर्ज आवेदन में लिखा कि हमारे शादी 2023 में सुधीर कुमारके साथ हुई थी लेकिन शादी के कुछ दिन ठीक रहा बाद में लगातार प्रताड़ित करने लगा, जिसको लेकर हम मायके चले गए मायके की तरफ से काफी समझौता भी हुआ, फिर पूजा के पैसे ले जाने के नाम पर बहाने करके बुलाया और जान मारने की नीयत से मारने पीटने लगा।

## श्री साई कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में नए छात्र-छात्राओं के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी आयोजित




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री साई कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल, पटना में नए छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद आयोजित रंगारंग कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। फ्रेशर्स ने रैंप वॉक, डांस, गेम्स एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में रेड एफएम पटना के लोकप्रिय आरजे RJ Saras एवं RJ Mahima मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के साथ संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा कहा कि कॉलेज जीवन केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने का भी महत्वपूर्ण समय होता है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक अशुतोष सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, मैं सभी छात्रों को उनके शैक्षणिक सफर के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी केवल कुशल प्रोफेशनल ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और सेवा भाव से परिपूर्ण स्वास्थ्यकर्मी बनें। नर्सिंग और पैरामेडिकल क्षेत्र में करुणा, देखभाल और समर्पण सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं।

# किसान सभा की जिला कमेटी की बैठक

## 29 मई को मसौढ़ी में होगा जिला सम्मेलन



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य किसान सभा की पटना जिला कमेटी की बैठक शनिवार को मसौढ़ी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता शिवकुमार विद्यार्थी ने की। बैठक में आगामी 29 मई 2026 को मसौढ़ी के साई उत्सव हॉल, बिरंची में जिला सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सोना लाल प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, राम प्रकाश चौधरी, महेंद्र प्रसाद, रामजी प्रसाद, सीपी मंडल, अवधेश कुमार, विद्यानंद सिंह, रामनारायण प्रसाद, उमेश प्रसाद, रविंद्र कुमार, रविंद्र कुमार सिंह सहित 50 से अधिक किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में तय हुआ कि 29 मई के जिला सम्मेलन में किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा होगी। इसमें खाद-बीज की किल्लत, फसल का उचित मूल्य, सिंचाई, कर्ज माफी और भूमि अधिग्रहण जैसे मुद्दे शामिल रहेंगे। सम्मेलन में नई जिला स्तरीय कमेटी का गठन भी किया जाएगा।बैठक में आरोप लगाया गया कि कॉर्पोरेट घराने किसानों की खेती को हड़पने की नीति पर काम कर रहे हैं। किसान सभा जिला सम्मेलन में इसके विरोध में प्रस्ताव पारित करेगी। साथ ही सरकार से एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की मांग उठाई जाएगी। सम्मेलन की तैयारी के लिए 21 सदस्यीय स्वागत समिति बनाई गई है। इसमें स्वागत मंत्री रविंद्र सिंह, स्वागत अध्यक्ष रविंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेश शाह, उप स्वागत मंत्री राम प्रकाश चौधरी तथा उप स्वागताध्यक्ष मधेश शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है।

# दिवंगत राजद प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव के ब्रह्म भोज में पहुंचे तेजस्वी, शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

## संजय पार्टी के मजबूत स्तंभ थे, उनकी कमी कभी पूरी नहीं होगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव श्रद्धांजलि देने उमड़ा जनसैलाब





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड राजद अध्यक्ष स्व. संजय यादव के दशकर्म में रविवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव शामिल हुए। मसौढी के श्रीनगर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर तेजस्वी यादव ने स्व. यादव के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी, मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, सांसद अभय कुशवाहा, पूर्व विधायक रेखा देवी आदी शामिल हुए। पिछले 28 मई को सडक हादसे मे ईलाज के दौरान राकेश कुमार ऊर्फ संजय यादव का असामयिक निधन हो गया था। ब्रहमभोज के अवसर पर आयोजित शोक सभा में मसौढ़ी, धनरूआ, समेत पूरे जिले से राजद कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।शोक संतप्त पत्नी,और उनके पुत्र सन्नी कुमार से मिलकर तेजस्वी यादव भावुक हो गए। उन्होंने कहा, संजय जी राजद के सच्चे सिपाही और संगठन के मजबूत स्तंभ थे। पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी को खड़ा करने में उनकी अहम भूमिका थी। उनका असमय जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। लालू जी और पूरा राजद परिवार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। पूर्व विधायक रेखा देवी ने कहा, संजय भाई ने 2005 से राजद का झंडा बुलंद रखा। हर चुनाव में पार्टी को लीड दिलाई। वे जमीन से जुड़े नेता थे। पूर्व विधायक रेखा देवी ने कहा कि संजय यादव ने हमेशा सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी।शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान जिलाध्यक्ष देवमुनि सिंह यादव, जहानाबाद पूर्व विधायक सुदय यादव, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अरविंद कुमार सिंह की 5वीं बरसी पर स्मृति सभा, संघर्ष के रास्ते पर चलने का संकल्प



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षाविद एवं भाकपा माले के दिवंगत नेता कॉमरेड अरविंद कुमार सिंह की 5वीं बरसी पर शनिवार को धनरूआ प्रखंड के बारा गांव में स्मृति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा माले प्रखंड सचिव कॉमरेड अकलू पासवान ने की। सभा की शुरूआत कॉमरेड अरविंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। सभा को भाकपा माले केंद्रीय कमेटी एवं पोलित ब्यूरो सदस्य अमर, राज्य कमेटी सदस्य व ऐपवा की बिहार राज्य सचिव अनीता सिंह, राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार, कॉमरेड मोहन, सामाजिक कार्यकर्ता वंदना निगम, रत्नेश वर्मा तथा दिवंगत नेता के पुत्र अमन कुमार ने संबोधित किया।वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड अरविंद कुमार सिंह का निधन कोरोना काल में हुआ था। उन्होंने कहा कि अरविंद सिंह संकट के समय में भी संघर्ष करते रहे और शिक्षा, हक-अधिकार और बराबरी के सवाल पर हमेशा छात्रों व गरीबों के साथ खड़े रहे। वक्ताओं ने मौजूदा केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी और अपराध जैसे मुद्दे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में सरकार गरीबों के घर और किसानों की जमीन से जुड़े मामलों पर ध्यान नहीं दे रही है। वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड अरविंद के बताए रास्ते पर चलकर ही इन समस्याओं से मुकाबला किया जा सकता है और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस मौके पर पटना जिला कमेटी सदस्य आनंदी पासवान, निरंजन वर्मा, जगदीश मांझी, खुर्शीद अंसारी, कमलेश यादव, पंचायत समिति सदस्य चितरंजन पासवान समेत सैकड़ों ग्रामीण, किसान, मजदूर और महिलाएं उपस्थित रहीं।

## फरार आरोपी के घर पर जहानाबाद जाकर मसौढी पुलिस ने साटा इश्तेहार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्कॉर्पियो लूट कांड के फरार आरोपी के घर पर मसौढी पुलिस जहानाबाद जाकर इश्तिहार चश्मा किया है और उसे सरेंडर करने की चेतावनी दी है। दरअसल पुलिस ने मसौढ़ी थाना कांड संख्या 65/19 के अभियुक्त उपेंद्र कुमार ग्राम इस्लामचक थाना जिला जहानाबाद के घर पर विधिवत तौर पर इश्तिहार का तमिल किया गया है। थानाध्यक्ष विवेक भारती है कि यह मामला बीते 24 1 2019 की है जहां पीड़ित मधुकर कुमार कुमार पिता अनूप लाल सिंह ने मसूरी थाने में अज्ञात चार व्यक्तियों पर स्कॉर्पियो लूट कांड का मामला दर्ज किया गया था, यह घटना बीते 24. 1.2019 की है,जहाँ बैरीचक गांव से सुबह में स्कॉर्पियो से नौबतपुर जा रहे थे वहीं जब नूरा बाजार से आगे कावर पर पुल के पास पहुंचे तो पीछे से एक ऑल्टो कार आकर ठोकर मार दिया जहां ऑटो कार से चार व्यक्ति निकले और पिस्तौल का भय दिखाते हुए हमारी गाड़ी के चाबी छीन लिए और नौबतपुर की ओर लेकर भाग गए थे।

## मोकामा में पश्चिमी रेलवे फाटक बंद कर सोया गेटमैन, तत्काल निलंबित

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे फाटक पर रविवार सुबह एक बड़ी लापरवाही सामने आई। ड्यूटी पर तैनात गेटमैन शिव कुमार फाटक बंद कर अपने कक्ष में सो गया, जिसके चलते रेल और सड़क यातायात दोनों बुरी तरह प्रभावित हो गए।जानकारी के अनुसार, सुबह के समय गेटमैन ने पश्चिमी फाटक को नीचे कर दिया और खुद कक्ष में जाकर सो गया। इस दौरान पटना-झाझा मेमू, 13287 डाउन साउथ बिहार एक्सप्रेस और 12024 जन शताब्दी एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों का परिचालन कुछ समय के लिए बाधित हो गया। सिर्फ रेल यातायात ही नहीं, सड़क मार्ग पर भी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यात्रियों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मोकामा स्टेशन प्रबंधक हरि शंकर कुमार ने त्वरित कार्रवाई की।

# मसौढ़ी की बेटी डॉ. जया भारती ने जर्मनी में लहराया परचम, 'बेस्ट रिसर्चर अवार्ड' से सम्मानित

## सुल्तानपुर के सरकारी स्कूल से निकलकर पेरिस-जर्मनी तक का सफर, अब आईआईटी में सेवा देने की इच्छा









**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती" इसे साबित कर दिखाया है धनरूआ प्रखंड के सुल्तानपुर गांव की बेटी डॉ. जया भारती ने। गांव के प्राथमिक विद्यालय से पढ़ाई शुरू करने वाली जया को जर्मनी के ब्राडेनबर्ग राज्य में 'नेचुरल साइंस एंड इंजीनियरिंग' श्रेणी में 'बेस्ट रिसर्च अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें जर्मनी के साइंस एंड कल्चर मंत्री ने प्रदान किया। डॉ. जया भारती की प्रारंभिक शिक्षा धनरूआ के विजयपुरा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय, ग्राम सुल्तानपुर वार्ड-10 से हुई। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा के लिए पटना गईं। वहां से 10+2 (आईएससी) करने के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से केमिस्ट्री ऑनर्स में ग्रेजुएशन किया। आईआईटी गांधीनगर से एमएससी करने के बाद फ्रांस सरकार की स्कॉलरशिप पर पेरिस यूनिवर्सिटी से पीएचडी की डिग्री हासिल की पीएचडी के बाद जया ने दुनिया के प्रतिष्ठित मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट, जर्मनी से पोस्ट-डॉक्टरेट किया। वर्तमान में वह पॉट्सडैम यूनिवर्सिटी, जर्मनी में रिसर्च साइंटिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। उनका रिसर्च 'ग्रीन एनर्जी स्टोरेज मटेरियल' पर है, जो भविष्य में बैटरी तकनीक में क्रांति ला सकता है। डॉ. जया ने कहा भारत लौटकर सेवा करना चाहती हूं। मेरी जड़ें मसौढ़ी में हैं। मैं आने वाले दिनों में भारत लौटकर किसी आईआईटी में फैकल्टी के रूप में सेवा देना चाहती हूं। भारत के लिए रिसर्च साइंस में काम करना मेरा सपना है। मसौढ़ी के बच्चों से कहना चाहती हूं कि सरकारी स्कूल से पढ़कर भी आप दुनिया के किसी भी कोने में पहुंच सकते हैं। बस मेहनत और लगन चाहिए। सुल्तानपुर निवासी पिता मेजर विनय कुमार जो भागलपुर कॉलेज मे एनसीसी और पत्नी उषा रानी आईआईटी दिघा मे है,उन्होंने कहा, "बेटी बचपन से ही पढ़ाई में तेज थी। और न केवल बिहार की बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराणा प्रताप की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई

महाराणा प्रताप सिंह के सपनों के भारत को नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं : सचिंद्र प्रसाद सिंह

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाराणा प्रताप की जयंती शनिवार को समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज,कल्याणपुर विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह, उपमहापौर डॉ.लाल बाबू प्रसाद, अखिलेश कुमार सिंह, बसंत कुमार मिश्रा, सुधांशु रंजन, संजय चौधरी, सियावर सिंह, सनी सिंह, चंदन सिंह, ऋषभ झा, संजू निषाद, दिव्यांशु मिश्रा, अनंत झा, राकेश कुमार सिंह, विशाल सिंह, शिवम कुमार सहनी सहित सैकड़ों लोगों ने महाराणा प्रताप के मूर्ति पर पुष्पांजलि किए। इस अवसर पर महाराणा प्रताप के शौर्य गाथा पर चर्चा चिंतन किया गया एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो महाराणा प्रताप के सपनों के भारत को मजबूत एवं विकसित करने मे जो लगे हुए है के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।



### दो बाइकों पर लदी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

पुलिस और एसएसबी ने सैनिक रोड़ पर की करवाई

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएसबी 20वी बटालियन सीतामढ़ी एवं झरौखर पुलिस में गुप्त सूचना के आधार पर सुंदरपुर गांव स्थित सैनिक रोड से दो बाइक पर लदे 1200 बोतल नेपाली शराब को बरामद किया है। मौके से एक कारोबारी युवक को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। पकड़ा गया कारोबारी की पहचान घोड़ासहन थाना क्षेत्र के रजवाड़ा गांव निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। झरौखर थानाध्यक्ष असलम अंसारी ने बताया कि जब्त शराब की मात्रा 1200 बोतल है। बरामद दोनों बाइकों का सत्यापन कराया जा रहा है। आवश्यक कागजी प्रक्रिया के पश्चात उक्त युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

### एकमा में ट्रेन की चपेट में आए मृत व्यक्ति की पहचान

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-सिवान रेलखंड पर एकमा स्टेशन के आमडाढ़ी गांव स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप अज्ञात ट्रेन की चपेट में आकर मृत हुए व्यक्ति की पहचान पुलिस ने कर ली है। मृतक की पहचान मांझी थाना क्षेत्र के महुई गांव निवासी 45 वर्षीय अरुण कुमार सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शुक्रवार को रेलवे ट्रैक के समीप एक व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की। थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### नशे में हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के तिलकार गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में छपरा भेज दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। बताया गया है कि तिलकार गांव में एक युवक शराब के नशे में उत्पात मचा रहा था, जिससे आसपास के लोगों में भय और असुविधा का माहौल बन गया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने एकमा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान तिलकार गांव निवासी नन्दलाल महतो के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष राम बालक यादव ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी शराब से जुड़े मामलों में दो बार जेल जा चुका है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में छपरा भेज दिया।

### दनियावां मंडल भाजपा की बैठक सम्पन्न

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश की अध्यक्षता में रविवार को मंडल कार्यालय दनियावां में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आए जिला उपाध्यक्ष पुटू यादव एवं सुनील पासवान ने बैठक के दौरान पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक



मजबूत बनाने, कार्यकताओं के बीच समन्वय बढ़ाने तथा पार्टी से जुड़े कार्यकताओं की समस्याओं के समाधान की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश ने कार्यकताओं से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।बैठक में मंडल महामंत्री सियाराम शर्मा, नवलकिशोर प्रसाद, प्रदेश मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार मोदी, रामसागर जी, फुदन सिंह, दिलीप कुमार सहित मंडल के दर्जनों सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन मजबूती पर जोर

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा फतुहा नगर मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी की अध्यक्षता में रविवार को गोविंदपुर में हुआ।संचालन नगर महामंत्री सुरजीत कुमार ने किया।इस बैठक में मुख्य अतिथि बाढ़ विधानसभा प्रभारी गोपाल शर्मा और जिला उपाध्यक्ष भास्कर लाल पटवा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मंडल,शक्ति केन्द्र और



बुथ स्तर पर संगठन को मजबूती पर बल दिया और अगामी कार्य योजना की जानकारी दी। बैठक में जिला मंत्री प्रतिमा पाण्डेय, अंजु मिश्रा,पूनम केसरी, नगर उपाध्यक्ष सुनील वर्मा, नगर मंत्री अनामिका कुमारी,रूबी देवी,सुंदरी देवी, संतोष नोनिया, निरंजन गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ आनंद,राहुल सिंह,संजय तांती, शैलेश गुप्ता, दीलीप शाह,सूरज कुमार,प्रमोद प्रसाद,श्री भगवान, शिवनाथ यादव,राजेश कुमार,उमेश दास सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एसएसबी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

संकल्प 95 सुंदर सिंह व इंद्रासन सिंह ट्रस्ट की पहल को बताया प्रेरणादायी, हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएसबी के कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा ने संकल्प 95 सुंदर सिंह एवं इंद्रासन सिंह ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर की सराहना करते हुए संस्था को कोटि-कोटि बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में इस संस्था का कार्य अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी है। कमांडेंट ने कहा कि वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में इस संस्था के कार्यो की प्रशंसा किया जाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इससे स्पष्ट होता है कि संस्था समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि जहां भी आवश्यकता होगी, एसएसबी के चिकित्सक और टीम इस तरह के सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। हम लोग भी समाज और मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे में यदि आपका और हमारा सहयोग एक साथ हो जाए, तो सेवा का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जा सकता है, उन्होंने कहा। वहीं, स्थानीय स्तर पर आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भी जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने लोगों को जागरूक करते हुए सामाजिक एकता और सेवा भावना पर जोर दिया। कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य, खेल और सामाजिक सहभागिता के प्रति प्रेरित किया गया।

# प्रसव के दौरान नवजात की मौत पर एकमा सीएचसी में हंगामा

परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर लगाया लापरवाही का आरोप




**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान एक नवजात शिशु की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ। गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया तथा मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। बताया गया है कि एकमा प्रखंड क्षेत्र के रसूलपुर थाना क्षेत्र के लाकठ छपरा गांव निवासी संजीव कुमार राठौर की पत्नी कृतिका कुमारी को प्रसव के लिए शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान अपराह्न लगभग 1:50 बजे अस्पताल कर्मियों की लापरवाही के कारण नवजात शिशु की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों का कहना था कि सरकारी अस्पताल में बेहतर इलाज और सुरक्षित प्रसव की उम्मीद से वे मरीज को लेकर आए थे, लेकिन यहां लापरवाही के कारण उन्हें यह दुःखद स्थिति झेलनी पड़ी। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई और काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मामले को लेकर अस्पताल प्रशासन का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से संपर्क स्थापित नहीं हो सका। हालांकि लोगों की लगातार शिकायतें मिलती रहती हैं कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा अक्सर किसी का कॉल रिसीव नहीं किया जाता है। वहीं बीएचएम अवकाश पर हैं और उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। उधर स्वास्थ्य कर्मियों सहित ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक डॉ ज्योति गुप्ता ने बताया कि प्रसव के लिए लाई गई महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया था। सदर अस्पताल ले जाने के लिए परिवार के सदस्य लगातार असमर्थता जाता रहे थे। वे सीएससी में ही प्रसव कराना चाहते थे। जिसके लिए, यहां पर्याप्त सुविधा नहीं थी। सफल प्रसव के लिए काफी प्रयास किया गया। लेकिन लगभग 20 दिन पहले की ही रिपोर्ट थी कि नवजात के सफल प्रसव के लिए महिला के शरीर में पर्याप्त पानी का होना जरूरी था, जो नहीं था। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, अस्पताल प्रशासन की ओर से इस मामले में आधिकारिक बयान सामने आना अभी बाकी है।

## श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के नये प्राचार्य बने प्रो. शिवचंद्र सिंह

प्रो. अनिल कुमार का हुआ तबादला,राजकीय डिग्री महाविद्यालय बिंद भेजे गए

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददात।** समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा (नालंदा). में नये प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह की नियुक्ति की अधिसूचना पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, द्वारा जारी कर दी गयी है। वर्तमान में प्रो. शिवचंद्र बी एस कॉलेज, दानापुर में हिंदी के वरीय प्राध्यापक हैं। वे हिंदी साहित्य के मर्मज्ञ अध्यापक और कथा-साहित्य, काव्य के अध्येता और लेखक भी रहे हैं।पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में वे स्पोर्ट्स इंचार्ज के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को वे पदभार ग्रहण करेंगे। वहीं वर्तमान प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह का पदस्थापन नवसृजित राजकीय डिग्री कॉलेज, बिंद (नालंदा) में किया गया है।उन्होंने



करीब 7 महीने तक श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय (एस यू कॉलेज, हिलसा) में अपनी सेवा दी। उन्होंने महाविद्यालय के कीमती जमीन के अतिक्रमण हटाने की दिशा में अनुमंडल प्रशासन के साथ मिलकर सकारात्मक और सराहनीय प्रयास किया था।नवनियुक्त प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह को महाविद्यालय परिवर्तन ने बधाई और शुभकामनाएं दीं है।

## बेटी के तिलक की तैयारी के बीच उठी मां की अर्थी, रसोईया राजमुनी देवी के निधन से गांव में पसरा मातम





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** एकमा प्रखंड के गौसपुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय की रसोईया राजमुनी देवी का शनिवार को हृदय गति रुकने से उनके देकुली गांव स्थित आवास पर अचानक निधन हो गया। वह करीब 58 वर्ष की थीं। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि राजमुनी देवी की पुत्री का विवाह तय था और शनिवार को ही सिवान जिले के एक गांव में तिलक समारोह के लिए परिजनों को जाना था। घर में बेटी के तिलक की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। परिजन खुशियों के इस पल को लेकर व्यस्त थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। तिलक के लिए घर से निकलने की तैयारी के बीच ही अचानक राजमुनी देवी की तबीयत बिगड़ी और हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। खुशियों से गूंज रहा घर अचानक चीख-पुकार से भर उठा। बेटी के तिलक और डोली उठने से पहले ही मां की अर्थी उठने की खबर से हर आंख नम हो गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए। इसी गांव के दूसरे टोले में ब्याही उनकी बड़ी बहन भी छोटी बहन के निधन की खबर सुनकर बदहवास हालत में पहुंचीं। परिवार के सदस्यों के साथ गांव के लोग भी इस दुखद घटना से स्तब्ध दिखे। घटना की जानकारी मिलने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, शिक्षक योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, दिग्विजय कुमार गुप्ता, राज मोहम्मद अंसारी, मुखिया पति भरत सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापिका वीणा सिंह, सिंकु सिंह, विवेक सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि सुरेंद्र नाथ पंडित, उपेंद्र कुमार सिंह, राजू सिंह समेत कई लोग मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी और मुखिया पति भरत सिंह ने पीड़ित परिवार को अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। इस मार्मिक घटना ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया।

# मुख्य सड़क पर कब्जे से लोगों की बढ़ीं मुश्किलें

श्यामपुर मार्केट जाने वाले राहगीर परेशान



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्यामपुर मार्केट को जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर कथित अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। सड़क पर अवैध कब्जे के कारण आम लोगों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर वार्ड संख्या-10 निवासी अनुपम कुमार ने प्रशासन को लिखित आवेदन देकर मोहल्ले के ही अभय कुमार चौरसिया पर सड़क पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि सड़क पर वाहन एवं अन्य सामान रखे जाने से रास्ता काफी संकरा हो गया है। इससे राहगीरों को निकलने में कठिनाई हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग आदापुर प्रखंड के श्यामपुर मार्केट तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की आवाजाही होती है। बाजार जाने वाले व्यापारी, छात्र, मरीज और ग्रामीण इसी सड़क का उपयोग करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर कथित अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम जैसी स्थिति बन जाती है। बाइक और चारपहिया वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है, वहीं पैदल चलने वाले लोगों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने बताया कि कई बार इस समस्या को लेकर आपसी स्तर पर समाधान निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। आवेदन में केवल शिकायतकर्ता अनुपम कुमार ही नहीं, बल्कि कई अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर भी दर्ज हैं। इससे यह साफ जाहिर होता है कि सड़क पर कब्जे का मुद्दा पूरे मोहल्ले की समस्या बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक मार्ग पर इस प्रकार अतिक्रमण करना पूरी तरह गलत और गैरकानूनी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जल्द जांच कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और श्यामपुर मार्केट जाने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग पर आवागमन सामान्य हो सके। फिलहाल आवेदन सामने आने के बाद क्षेत्र में इस मामले की चर्चा तेज हो गई है।

## कोटवा के नए थानाध्यक्ष ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ की बैठक



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोटवा थाना परिसर में रविवार को क्षेत्र के गणमान्य लोगों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवपदस्थापित थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने की।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने अपना परिचय देते हुए बैठक में आए सभी लोगों का परिचय जाना तथा उनके साथ अपना निजी मोबाइल नंबर शेयर किया तथा लोगों से यह भरोसा दिलाया कि किसी भी परिस्थिति अपराधियों को छोडा नही जाएगा उन्हें जेल जाना होगा तथा एक भी निर्दोष व्यक्ति को फसाया नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष ने लोगों से सहयोग करने की अपील की ताकि क्षेत्र में शराब ,गांजा,अफीम के तस्करी पर रोक लगाई जा सके। क्षेत्र में अमन चैन शांति की बहाली के लिए पुलिस पूरी तरह तत्पर है। मौके पर पूर्व मुखिया राजेंद्र बैठा, पूर्व मुखिया रामभजन सिंह, पूर्व सरपंच लखींद्र यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार,शशि रंजन साहनी, राजेश्वर यादव,रविंद्र सिंह,मुखिया पप्पू कुमार यादव,कृष्ण बैठा, गुड्डू सिंह, मुखिया राजू ठाकुर, राम तपस्या ठाकुर, सत्येंद्र यादव, मो कलीमुल्लाह उर्फ लालबाबू, अरविंद तिवारी, विश्वनाथ सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई।गिरफ्तार आरोपी की पहचान लखौरा थाना क्षेत्र के झिटकहिया गाँव निवासी फूलमोहमद अंसारी पिता जुलुम मियां के रूप में हुई है।जितना थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी की बाइक के साथ घूम रहा है।इस सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की। जांच के दौरान फूलमोहमद अंसारी को रोका गया और जब उससे मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।इसके बाद पुलिस ने एचएचडी मशीन का उपयोग कर बरामद बाइक की जांच की। जांच में सामने आया कि मोटरसाइकिल का चेचिस नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर भिन्न थे। इससे पुष्टि हुई कि मोटरसाइकिल चोरी की है और उसके नंबरों के साथ छेड़छाड़ की गई है।थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बाइक कहां से चोरी की गई थी और क्या इसमें किसी गिरोह का हाथ है। इसके साथ ही, आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।गिरफ्तार फूलमोहमद अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है। बरामद मोटरसाइकिल को पुलिस ने जब्त कर लिया है।जितना पुलिस का सीमावर्ती क्षेत्रों में वाहन चोरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने कहा कि मोतिहारी पुलिस अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करती रहेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## सहयोग शिविर अभियान में जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालयों का लगातार निरीक्षण एवं समीक्षा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन द्वारा 'सहयोग शिविर' अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालयों का लगातार निरीक्षण एवं समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में भूमि सुधार उपसमाहर्ता, ढाका के न्यायालय का निरीक्षण किया गया तथा लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई । निरीक्षण के दौरान न्यायालय में लंबित पुराने मामलों, उनके निष्पादन की प्रगति, अभिलेख संधारण तथा सुनवाई की प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु नियमित सुनवाई सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त करें। 'सहयोग शिविर' के माध्यम से जिला प्रशासन का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के साथ आम नागरिकों को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि आगामी तीन माह के भीतर न्यायालयों में लंबित सभी पुराने मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी न्यायालयों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए ।

## युवाओं को रोजगार से जोड़ने को लेकर दो मंत्रियों से मिला एकमा का प्रतिनिधिमंडल






नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** बिहार के युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने की पहल को लेकर एकमा क्षेत्र से एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पटना में पहुंच कर राज्य सरकार के दो मंत्रियों से मुलाकात कर अपनी बात रखी। प्रतिनिधिमंडल ने युवाओं को अधिक से अधिक रोजगारपरक प्रशिक्षण और स्किल डेवलपमेंट योजनाओं से जोड़ने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने नगर विकास एवं आवास सह सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नीतीश मिश्रा और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान युवाओं के लिए चल रही कौशल विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में विश्व मानव कल्याण मिशन सह केवाईपी एकमा के संचालक जितेंद्र तिवारी, स्किल स्टेकहोल्डर बिहार के संरक्षक प्रभात कुमार सिन्हा, आशुतोष तिवारी, शशि रंजन और संजय कुमार शामिल रहे। एकमा में केवाईपी संचालक जितेंद्र तिवारी ने रविवार को बताया कि उनकी टीम लगातार इस दिशा में काम कर रही है ताकि अधिक से अधिक युवाओं को कौशल विकास योजनाओं से जोड़कर उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि यदि युवाओं को सही प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिले तो वे आत्मनिर्भर बनने के साथ राज्य के विकास में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

गंगवा में पुलिस की बड़ी छापेमारी

## झोपड़ीनुमा मकान से 82 लीटर देसी शराब बरामद, महिला गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के गंगवा गांव में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक झोपड़ीनुमा मकान से करीब 82 लीटर देसी शराब जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान मौके से एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि गंगवा गांव में अवैध रूप से शराब का कारोबार संचालित किया जा रहा है। इसके बाद एसआई शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान झोपड़ीनुमा मकान से बड़ी मात्रा में देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से गिरफ्तार महिला से पूछताछ की, जिसके बाद उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एकमा पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इलाके में अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

CMYK

# आरपीएफ ने डेढ़ घंटे में ट्रॉली बैग चोर को सामान सहित दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रेल सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज की टीम ने तत्परता और सक्रियता का परिचय देते हुए महज डेढ़ घंटे के भीतर ट्रॉली बैग चोरी करने वाले आरोपी को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई 09 मई 2026 को की गई।




रेल सुरक्षा पोस्ट रफीगंज के निरीक्षक प्रभारी राम सुमेर ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ रेलवे अधिनियम के तहत स्टेशन परिसर में जांच अभियान चला रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 12382 डाउन पूर्वा एक्सप्रेस रफीगंज स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 03 पर एसीपी का हॉर्न देते हुए अचानक रुक गई है। आरपीएफ टीम जब ट्रेन के कोच S-3 में पहुंची तो यात्रियों ने बताया कि लगभग एक किलोमीटर पहले एक युवक चलती ट्रेन से महिला यात्री का ट्रॉली बैग लेकर नीचे कूद गया। यात्रियों ने बताया कि बैग में सोने के आभूषण समेत अन्य कीमती सामान मौजूद था। सूचना मिलते ही निरीक्षक राम सुमेर ने तत्काल तीन जवानों को घटनास्थल की ओर रवाना किया तथा स्वयं मोटरसाइकिल से संभावित मार्गों पर निगरानी शुरू कर दी। टीम की सतर्कता के कारण करीब डेढ़ घंटे के भीतर आरोपी राजन (21 वर्ष), पिता उमेश कुमार यादव, निवासी परवेश विहार, नवादा, थाना जोगीवाला, जिला देहरादून (उत्तराखंड) को चोरी किए गए ट्रॉली बैग के साथ पकड़ लिया गया। आरपीएफ ने महिला यात्री मंदिरा मंडल से वीडियो कॉल के माध्यम से आरोपी और सामान की पहचान कराई। चलती ट्रेन से कूदने के दौरान आरोपी घायल हो गया था, जिसके बाद उसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में कराया गया। बाद में महिला यात्री मंदिरा मंडल, निवासी कानुपर, जिला वीरभूमि, रफीगंज पोस्ट पहुंची और बरामद सामान की पहचान की। जांच में ट्रॉली बैग से एक जोड़ी चूड़ी, दो जोड़ी कंगन, आर्टिफिशियल माला एवं कॉस्मेटिक सामान बरामद हुआ। महिला द्वारा बताए गए सोने के कंगन की जांच स्थानीय सोनार से कराई गई, जो नकली पाया गया। इस संबंध में महिला यात्री के आवेदन पर जीआरपी सोननगर थाना में कांड संख्या 21/2026 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# होटल में चोरी, व्यवसायियों में दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के हसपुरा बाजार स्थित कनाप रोड पर शनिवार की रात चोरों ने एक होटल को निशाना बनाते हुए दीवार तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना अनील मिष्ठान एवं चाय होटल की है, जहां से चोर मिठाई और नगदी सहित हजारों रुपये मूल्य के सामान लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, चोरों ने बगल की गली से सीढ़ी लगाकर करकट के छज्जे के नीचे दीवार तोड़ी और अंदर प्रवेश किया। होटल संचालक अनिल प्रसाद को घटना की जानकारी रविवार सुबह तब हुई, जब वे दुकान खोलने पहुंचे। दरवाजा खोलते ही अंदर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। जांच करने पर पाया गया कि मिठाई का काउंटर और गल्ला खाली था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इसी होटल में यह आठवीं बार चोरी की घटना हुई है। हर बार चोर मिठाई, नगदी और अन्य कीमती सामान ले जाते रहे हैं। शुरुआती घटनाओं में गैस सिलेंडर, पंखा और पूजा में उपयोग होने वाला चांदी का सिक्का भी चोरी हो चुका है। लगातार हो रही वारदातों से होटल संचालक और आसपास के व्यवसायी भयभीत हैं। घटना के बाद पुलिस गश्ती व्यवस्था पर भी सवाल



उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि नियमित गश्ती के बावजूद बाजार में चोरी की घटनाएं रुक नहीं रही हैं, जो पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि दीवार में बने छोटे छेद से किसी नाबालिग को अंदर भेजा गया होगा। क्षेत्र में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, खासकर ब्राउन शुगर की लत, को भी ऐसी घटनाओं का कारण बताया जा रहा है। आरोप है कि चोरी का सामान कबाड़ी दुकानों में बेचा जा रहा है। घटना की निंदा करते हुए भाकपा नेता राम एकबाल सिंह, समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. विपिन कुमार, रविंद्र यादव और मुन्ना पटेल ने कहा कि लगातार हो रही चोरी से छोटे व्यवसायियों का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर दोषियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है।

# जनप्रतिनिधियों व जीविका दीदियों को आग से बचाव के बताए गए तरीके

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** रविवार को दाउदनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण और शहरी इलाकों में अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी सोनाली कुमारी के निर्देशानुसार अग्नि सुरक्षा को लेकर सघन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत न केवल लोगों को आग से बचाव के तरीके सिखाए गए, बल्कि मॉक ड्रिल के माध्यम से आपातकालीन स्थितियों से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। अभियान की शुरुआत संसा पंचायत के रघु बिगहा स्थित वार्ड संख्या - 14 से हुई, जहाँ जनप्रतिनिधि और पंचों की



उपस्थिति में ग्रामीणों को आग लगने पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। इसके पश्चात टीम वैष्णवी क्लिनिक में अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, संसा पंचायत के वार्ड संख्या - 10 में स्थानीय वार्ड सदस्यों और जीविका दीदियों के साथ विशेष बैठक कर उन्हें 'अग्नि सखी' के रूप में जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पंपलेट का वितरण किया, जिसमें गैस सिलेंडर की आग बुझाने, बिजली के शॉर्ट सर्किट से बचाव और फसल को आग से सुरक्षित रखने के उपाय दर्ज थे। मौके पर मौजूद टीम ने स्पष्ट किया कि छोटी सी सावधानी बड़े हादसे को टाल सकती है। इस पूरे जागरूकता कार्यक्रम और मॉक ड्रिल को सफल बनाने में अग्नि चालक सूरज कुमार, प्रधान अग्निक बबलू कुमार तथा अग्निक आदित्य कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम ने दाउदनगर थाना क्षेत्र की जीविका दीदियों के साथ भी संवाद किया, ताकि संदेश घर-घर तक पहुंच सके।

## दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के उंचौली में दहेज में पलंग, सोफ़ा व बाइक नहीं मिलने पर एक विवाहिता को ससुराल वालों ने मारपीट कर घायल दिया तथा घर से बाहर निकाल दिया। यह आरोप उंचौली निवासी गौतम कुमार राय की पत्नी खुशबू कुमारी ने अपने पति और ससुर पर लगाई है। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के दौरान घायल खुशबू कुमारी ने बताया कि उसकी मायका गया जिले के टेनकुपा थाना क्षेत्र के चौआर गांव में पड़ता है। मेरी शादी उंचौली निवासी मदन राय के पुत्र गौतम कुमार राय से पिछले जून माह 2025 में हुई थी। तब से दहेज को लेकर पति व ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित की जा रही हूं। दहेज में बाइक, पलंग व सोफ़ा सहित अन्य सामग्रियों की मांग की जा रही है। मांग पूर्ति न होने पर ससुर मदन राय और पति गौतम कुमार राय द्वारा आज मारपीट कर घायल कर दी गई तथा घर से बाहर निकाल दिया हैं। घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी गई है।

# रफीगंज में अतिक्रमण हटाओ अभियान, फुटपाथी दुकानदारों में हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नगर पंचायत रफीगंज द्वारा रविवार को शहर एवं बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत रफीगंज थाना के पास से की गई, जिसके बाद मुख्य बाजार, बस स्टैंड, कलाली, कासमा पथ, महाराजगंज रोड तथा ब्लॉक रोड के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान सड़क किनारे दुकानदारों, ऑटो चालकों एवं अन्य लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए कई स्थानों से गुमटी, चौकी, बांस-बल्ला आदि जब्त किए गए। अचानक चले इस अभियान से फुटपाथी दुकानदारों में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने जल्दबाजी में अपना सामान समेट लिया। अभियान के दौरान कुछ स्थानों




पर अतिक्रमणकारियों ने विरोध भी किया, जिसे अधिकारियों ने समझा-बुझाकर शांत कराया। कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए शहर की छोटी-बड़ी नालियों की सफाई अत्यंत आवश्यक है। अतिक्रमण के कारण कई स्थानों पर नालियां बाधित हो गई थीं और सड़कों की चौड़ाई भी कम हो गई थी, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा था। उन्होंने बताया कि पूर्व में नगर पंचायत द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से अतिक्रमणकारियों को सूचना दी गई थी और स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने को कहा गया था। बावजूद इसके अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर प्रशासन को अभियान चलाना पड़ा। नगर पंचायत ने स्पष्ट किया है कि शहर को जलजमाव और यातायात समस्याओं से मुक्त रखने के लिए आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# प्रशिक्षु सिपाहियों ने पूरी की 16 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रन





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस केंद्र औरंगाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु सिपाहियों द्वारा शारीरिक दक्षता और मानसिक मजबूती को बढ़ाने के उद्देश्य से 16 किलोमीटर लंबी क्रॉस कंट्री रनिंग का आयोजन किया गया। इस दौड़ में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु सिपाहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कठिन मार्ग को सफलतापूर्वक पूरा कर अपने अनुशासन, सहनशक्ति एवं फिटनेस का परिचय दिया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में किया गया। सुबह निर्धारित समय पर पुलिस केंद्र परिसर से दौड़ की शुरुआत हुई। प्रशिक्षु सिपाहियों ने शहर एवं ग्रामीण मार्गों से गुजरते हुए निर्धारित दूरी तय की। इस दौरान सुरक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों ने बताया कि क्रॉस कंट्री रनिंग पुलिस प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे जवानों में शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता, टीम भावना और विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता विकसित होती है। प्रशिक्षण के दौरान नियमित रूप से शारीरिक अभ्यास, परेड, योग एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जाती हैं ताकि जवान हर परिस्थिति में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। दौड़ पूरी करने के बाद प्रशिक्षु सिपाहियों में काफी उत्साह देखा गया। अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासन और कठिन परिश्रम ही एक बेहतर पुलिसकर्मी की पहचान है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को भविष्य में भी इसी समर्पण और ऊर्जा के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। पुलिस केंद्र में आयोजित इस क्रॉस कंट्री रनिंग कार्यक्रम से प्रशिक्षु सिपाहियों के मनोबल में वृद्धि हुई तथा पुलिस विभाग की फिटनेस और अनुशासन के प्रति प्रतिबद्धता भी स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# नाबालिग अपहरण मामले में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के एक मोहल्ला से 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण मामले में किशोरी की मां ने रफीगंज थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में महिला ने बताया है कि औरंगाबाद जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हसौली मोड़ के युवक ने बहला-फुसलाकर उसकी पुत्री से तीन सोने की चेन, एक अंगूठी, दो बजरंगबली का लॉकेट एवं पांच हजार रुपये नकद ले लिया। महिला ने आवेदन में उल्लेख किया है कि 7 मई 2026 को करीब 11:30 बजे शादी का लालच देकर उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर लिया गया। घटना के बाद परिजन काफी परेशान हैं और बेटी की बरामदगी की मांग कर रहे हैं। इस मामले में रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

**नगरनौसा (नालंदा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दाहा बिगहा खेल मैदान में मातृ दिवस पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन स्टेट खिलाड़ी चंदन भारती, खेल संचालक बब्लू कुमार ने संजयुक्त रूप से मिलकर किया। अध्यक्षता सूरज आर्यन ने किया। टूर्नामेंट में एएस एकेडमी विशुनपुर नगरनौसा ने डीपीएस स्कूल हिलसा को 6 रन से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच आदित्य कुमार को दिया गया।

# बुलडोजर एक्शन की आड़ में गरीबों का आशियाना उजाड़ रही सरकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** आगामी 16 से 18 मई तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) का राज्य सम्मेलन दरभंगा के लहेरियासराय में आयोजित होने जा रहा है। इस सम्मेलन के माध्यम से पार्टी आगामी राजनीतिक दिशा और दशा तय करेगी। इस तीन दिवसीय सम्मेलन की तैयारियों में पार्टी के तमाम दिग्गज नेता और कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। रविवार को भखरुआं-पटना रोड स्थित पार्टी कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य सह काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थितियों में वामपंथ की भूमिका को और अधिक सक्रिय बनाने की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी का लक्ष्य एक ओर वामपंथी एकता को सुदृढ़ करना है, तो दूसरी ओर 'इंडिया' गठबंधन के भीतर भी एक निर्णायक और प्रभावी भूमिका निभाना है। तमिलनाडु



की राजनीति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच भी भाजपा विरोधी ताकतों को एकजुट रखना हमारी प्राथमिकता है। सांसद श्री सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा पूरे देश में लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा पैदा कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे संवैधानिक मूल्यों को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले दरवाजे से सत्ता का खेल चल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से 'बुलडोजर कार्रवाई' पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की हिम्मत बड़े भू-माफियाओं और सीलिंग से फालतू जमीन दबाए बैठे रसूखदारों पर कार्रवाई करने की नहीं है, बल्कि इनका निशाना सिर्फ गरीबों के आशियाने हैं। उन्होंने संकल्प दोहराया कि भाकपा माले गरीबों, दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और नौजवानों के हक-हुकूक की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने दोटूक शब्दों में कहा कि बिहार को किसी भी कीमत पर सांप्रदायिकता और फासीवाद की प्रयोगशाला नहीं बनने दिया जाएगा।

# महिलाओं के लिए निःशुल्क योगा क्लास बनी स्वास्थ्य और आत्मविश्वास का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के दानी बीघा पार्क में महिलाओं के स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन सुबह 6 बजे से निःशुल्क "आदर्श योगा क्लास" का आयोजन किया जा रहा है। मातृ दिवस के अवसर पर यह पहल महिलाओं के लिए प्रेरणा और स्वास्थ्य जागरूकता का प्रतीक बनकर सामने आई है। बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां इस योगा क्लास में शामिल होकर शारीरिक और मानसिक रूप से स्वयं को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बना रही हैं। सुबह की ताजी हवा और हरियाली के बीच आयोजित होने वाली इस योगा क्लास में महिलाओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाती हैं। प्रशिक्षकों द्वारा सरल और प्रभावी तरीके से योगाभ्यास कराया जाता है, जिससे हर आयु वर्ग की महिलाएं आसानी से इसमें भाग ले सकें। योगा क्लास से जुड़ी महिलाओं का कहना है कि नियमित योग करने से न केवल उनका स्वास्थ्य बेहतर



हुआ है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम हुआ है। गृहिणियों से लेकर छात्राओं और कामकाजी महिलाओं तक, सभी इस पहल का लाभ उठा रही हैं। महिलाओं ने बताया कि योग से शरीर में स्फूर्ति आती है और पूरे दिन सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में महिलाएं परिवार और जिम्मेदारियों के बीच अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पातीं। ऐसे में निःशुल्क योगा क्लास उनके लिए एक बेहतर मंच साबित हो रहा है, जहां वे कुछ समय स्वयं के लिए निकालकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ा रही हैं। मातृ दिवस के अवसर पर आयोजकों ने कहा कि मां परिवार की आधारशिला होती है और यदि मां स्वस्थ रहेगी तो पूरा परिवार स्वस्थ और खुशहाल रहेगा। इसी सोच के साथ महिलाओं को योग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाने और नियमित योग अपनाने की अपील की। योग विशेषज्ञों के अनुसार नियमित योगाभ्यास से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, तनाव और अनिद्रा जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। साथ ही मानसिक शांति, आत्मविश्वास और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

# अधिसूचना जारी होते ही संभावित उम्मीदवार मतदाताओं से संपर्क साधने में जुटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** विधि संघ के नए सत्र के पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिसके साथ ही कचहरी परिसर में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। निर्वाचन पदाधिकारी नंद कुमार सिंह द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, चुनाव की प्रक्रिया 11 मई से शुरू होगी। 11 से 13 मई तक नामांकन पत्रों की बिक्री और दाखिला किया जाएगा। इसके बाद 14 मई को नामांकन पत्रों की जांच, 15 मई को नाम वापसी और 16 मई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस बार विधि संघ के कुल 11 पदों के लिए आगामी 30 मई को मतदान होना सुनिश्चित हुआ है। मतदान के तुरंत बाद उसी दिन संध्या में मतगणना कर परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। चुनाव को लेकर मतदाता सूची का प्रकाशन पहले ही किया जा चुका है, जिसमें कुल 197 अधिवक्ताओं को मताधिकार प्राप्त है। अधिसूचना जारी होते ही संभावित उम्मीदवारों ने मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। चुनावी मैदान में वर्तमान अध्यक्ष और सचिव के साथ-साथ कई पूर्व पदाधिकारी और नए चेहरे भी अपनी किस्मत आजमाने की तैयारी में हैं। इस चुनाव में सबसे दिलचस्प मोड़ सचिव पद को लेकर आया है। हाल ही में नवनिर्वाचित अधिवक्ता कल्याण समिति के सचिव संजय कुमार सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और अब वे सामान्य सचिव पद के लिए चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। हालांकि, उनके अचानक इस्तीफे को लेकर अधिवक्ताओं के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म है, जिसे वे अब तक स्पष्ट नहीं कर पाए हैं। फिलहाल, सभी उम्मीदवार अपने-अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं।

## अखबार विक्रेता बाइक की ठोकर से घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर।** अज्ञात बाइक की टक्कर से एक अखबार विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना एनएच-139 पर दाउदनगर-पटना मुख्य पथ स्थित नीमा मोड़ की है। घायल की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के तरार निवासी 46 वर्षीय जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, जितेंद्र कुमार रविवार को अपनी स्कूटी से अखबार बांटने के लिए दाउदनगर से शमशेर नगर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नीमा मोड़ के समीप एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

# भारतीय सेवा दल में नई नियुक्तियां, आनंद रंजन मनीष बने औरंगाबाद जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय सेवा दल के संगठनात्मक विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के तहत विभिन्न जिलों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। संगठन द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार आनंद रंजन मनीष को औरंगाबाद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि रीता कुमारी को औरंगाबाद जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं डॉ. पूनम कुमारी को पटना जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

संगठन की ओर से कहा गया है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठा, समर्पण एवं



कुशल नेतृत्व के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेंगे। भारतीय सेवा दल ने उम्मीद जताई है कि इनके नेतृत्व में संगठन जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत होगा तथा समाजसेवा के कार्यों को गति मिलेगी। भारतीय सेवा दल के केंद्रीय अध्यक्ष विभांशु मिश्र रौशन ने कहा कि संगठन के विस्तार के इस महत्वपूर्ण चरण में योग्य एवं समर्पित साथियों को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी अपनी मेहनत, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण के बल पर भारतीय सेवा दल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाजसेवा, जनजागरण और युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करना है, जिसे लेकर भारतीय सेवा दल लगातार कार्य कर रहा है। नई नियुक्तियों से संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी तथा आम लोगों के बीच संगठन की पहुंच बढ़ेगी। भारतीय सेवा दल परिवार की ओर से सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। बैठक में प्रिंस कुमार, हिमांशु कुमार, प्रियांशु कुमार, अंकित कुमार, आशीष कुमार, धीरज कुमार, रवि कुमार, आकाश कुमार, बिट्टू अभिषेक कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं परिषद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से भड़के विधायक

## पोस्ट करने वालों के घर पर पहुंचकर मारपीट का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के बीजेपी विधायक के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट करना दो युवकों को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर टिप्पणी किए जाने के बाद नगर विधायक रंजन कुमार अपने कई समर्थकों के साथ पोस्ट करने वाले युवक के घर पहुंच गए, जहां दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं, इस मामले में पीड़ित पक्ष ने बीजेपी विधायक के खिलाफ थाने में आवेदन दिया है, जबकि नगर विधायक ने भी दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सोशल मीडिया पर विधायक समर्थकों और स्थानीय लोगों के बीच मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद विधायक ने पूरे मामले में सफाई भी दी है।

बीजेपी विधायक रंजन कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि कन्हौली निवासी मुकुंद कुमार फेसबुक अकाउंट के माध्यम से लगातार विधानसभा क्षेत्र-94 और उनकी छवि को लेकर भ्रामक पोस्ट कर रहा था। विधायक के अनुसार, बीती रात भी उनकी तस्वीर लगाकर चरित्र हनन करने का प्रयास किया गया।

### दोनों ओर से थाने में दिया गया आवेदन

विधायक ने कहा कि पूर्व में भी स्थानीय लोगों द्वारा कई बार आरोपी को समझाया गया था कि उनके बारे में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करें, बावजूद इसके वह लगातार ऐसा करता रहा। विधायक के मुताबिक, इसी सिलसिले में वह अपने समर्थकों और मोहल्ले के कुछ लोगों के साथ आरोपी के घर पूछताछ करने गए थे।

वहीं आरोप है कि आरोपी और उसके साथ मौजूद लोगों ने उग्र होकर गाली-गलौज की तथा विधायक के साथ गए लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। विधायक ने एक अन्य आवेदन में पताही जगन्नाथ निवासी ठाकुर दिव्य प्रकाश पर भी फेसबुक के माध्यम से भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप लगाया है। विधायक ने कहा कि पिछले एक वर्ष से आरोपी लगातार उनके नाम और विधानसभा क्षेत्र-94 का उल्लेख कर चरित्र हनन कर रहा है। चुनाव के दौरान भी उनके खिलाफ कई भ्रामक पोस्ट किए गए, जिससे उन्हें मानसिक तनाव झेलना पड़ा।

## विशेष अभियान में 103 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** बिहार में सारण जिले की पुलिस ने विगत 24 घंटा में विशेष अभियान चला कर कुल 103 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस अभियान के दौरान वारंट में 24, शराब सेवन में 10, शराब कारोबार में 18, हत्या के प्रयास में 32, दहेज अधिनियम में 02, डकैती में 01,खनन अधिनियम में 01, चोरी में 04, आर्म्स एक्ट में 01, पुलिस पर हमला में 01, एससी एसटी एक्ट में 01, अपहरण में 01, पास्को एक्ट में 03 तथा अन्य में 03 अभियुक्त शामिल हैं।

सूत्रों ने बताया कि इस अभियान के दौरान अपराध नियंत्रण तथा यातायात और सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिले में कुल 70 वाहनों से 1,20000(एक लाख बीस हजार) रुपया जुमार्ना भी वसूला गया है। इसके अलावा कुल 257.12 लीटर शराब बरामद करने के साथ ही ट्रेक्टर 02,कार 01और मोटरसाइकिल 01 पुलिस ने बरामद किया है।

## स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के तहत राय बिंदेश्वरी घाट की हुई सफाई




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को गयाजी स्थानीय किरानी घाट रोड स्थित राय बिंदेश्वरी घाट पर स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के बैनर तले स्वच्छता एवं जागरुकता अभियान चला कर स्थानीय लोगों के बीच जनजागरण तथा प्रत्येक रविवार को घंटा, दो घंटा श्रमदान कर फल्गु नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प दोहराया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अभियान समिति के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू, सह संयोजक बैजू प्रसाद, टिंकू गिरी, अंश उपाध्याय, रवि कुमार सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, मुरारी प्रसाद, मिथिलेश तिवारी, मोहम्मद ऐहतेश्याम आदि ने कहा कि हम गयाजीवासी विश्व प्रसिद्ध अंतसलीला , मोक्षदाहिनी फल्गु नदी को घनी आबादी के बीच प्रत्येक रविवार को श्रमदान कर साफ सुथरी रखने का काम निरन्तर छह रविवार से चलाया जा रहा है, जिसका परिणाम भी सामने आना शुरू हो गया है। नेताओं ने कहा गया नगर निगम, स्थानीय लोगों, विभिन्न एन जी औ ,सामाजिक संगठनों द्वारा अब फल्गु सफाई हेतु जागरुकता आई है।

नेताओं ने कहा कि फल्गु नदी के दोनों छोरों पर मैरीन ड्राइव जिसमें पश्चिमी छोर पर बोधगया से चाकन्द तक तथा पूर्वी छोर पर गुरियावां से खीजरसाराय तक सड़क का निर्माण कराने से घानी आबादी के बीच फल्गु नदी अतिक्रमण से बचेगा तथा, यातायात की सुविधा सुदृढ़ होगी।

## सामूहिक मानसिक जाप ध्यान हवन यज्ञ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राम लक्ष्मण जानकी गायत्री ट्रस्ट द्वारा राम जानकी गायत्री मंदिर में प्रत्येक रविवार को सामुहिक मानसिक जाप ध्यान गायत्री हवन यज्ञ कार्यक्रम आयोजित हो रही है। इस कार्यक्रम में सैंकड़ों माता बहनो बेटीयों भाईयों अपने जीवन को धन्य बनाने की उद्देश्य से भाग ले रहे हैं।

ट्रस्ट समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की कृपा करें। इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य सत्संकल्प पूर्ण हो प्राणियों में सद्भावना विश्व का कल्याण हो चिंतन चरित्र और आचरण में परिवर्तन लाओ अपने अंतर सोई है शक्ति उसको तुम विकसाव बोलो जय गायत्री मां बोलो जय गायत्री मां के आधार पर अपने जीवन को धन्य बनाए।मानव को जीवन में समझदारी जिम्मेदारी ईमानदारी और बहादुरी से अपने कार्य कर्त्तव्य का निर्वाहन करनी चाहिए। सामाजिक समरसता प्रेम भाईचारा सौहार्द पूर्ण वातावरण बना रहे इसका ध्यान रखना हम सब की उत्तरदायित्व है।

रविवार को आयोजन में राम लक्ष्मण जानकी गायत्री ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव सचिव ललित शर्मा रामसेवक जयसवाल अमरेन्द्र चौरसिया गायत्री परिवार राखी कुमारी शांति देवी शीला देवी परिवाचक मंजु मिश्रा अनिता देवी सैकड़ों माताएं बहनें भाईयों ने भाग लिया।

## पीयूसीएल नागरिक स्वतंत्रता और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध : नंदकिशोर

### मानवाधिकार, पीयूसीएल और हम विषय पर वार्ता




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** रामदयालु सिंह महाविद्यालय में पीयूसीएल मुजफ्फरपुर इकाई के तत्वावधान में ₹मानवाधिकार, पीयूसीएल और हम₹ विषय पर आयोजित वार्ता में पीयूसीएल बिहार राज्य इकाई के प्रमुख श्री नंदकिशोर ने बिहार में पीयूसीएल की गतिविधि और सांगठनिक विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पीयूसीएल नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अनवरत प्रयास करता है। नागरिकों में अपने मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा करता है। दमनकारी कानून को वापस लेने और निरस्त करने के लिए संघर्ष करता है। इतना ही नहीं मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों में विशेष रूप से हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए कानूनी सहायता भी प्रदान करता है। निष्पक्ष न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना पीयूसीएल की प्राथमिकता में होता है।

पीयूसीएल बिहार इकाई के सचिव कृष्ण मुरारी ने कहा कि बिहार में पीयूसीएल को मजबूत करने का मुख्य उद्देश्य राज्य में नागरिक स्वतंत्रताओं, मानवाधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना है। बिहार में पीयूसीएल की सक्रियता को बढ़ाना मुख्य उद्देश्य है। अब पीयूसीएल से छात्र और शिक्षकों का जुड़ाव बढ़ा है। पीयूसीएल मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ संघर्ष, नफरत की भाषणों पर रोक, पुलिस ज्यादती, हिरासत में मौत और फर्जी मुठभेड़ की जांच कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करती है। नागरिकों के स्वतंत्रता की रक्षा, कानूनी सहायता और हस्तक्षेप एवं इसके साथ ही लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने का अनवरत पहल पीयूसीएल करता है।

पीयूसीएल बिहार इकाई की उपाध्यक्ष प्रीति कुमारी ने कहा कि पीयूसीएल महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आज पीयूसीएल पुलिस हिंसा, हिरासत में यौन शोषण और अन्य गंभीर मामलों में जांच और हस्तक्षेप करता है। पीयूसीएल इस बात को सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को हिंसा मुक्त और गरिमा पूर्ण जीवन जीने का अधिकार मिले।

वार्ता में पीयूसीएल मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष प्रो के के झा, शाहिद कमाल, प्रो के के कौशिक, सुरेंद्र कुमार, सिनेट सदस्य प्रो संजय कुमार सुमन, डॉ नीरज मिश्रा, मुंद्रिका दास, महेश्वर प्रसाद बौद्ध, डॉ ललित किशोर, रंजीत कुमार, विष्णुदेव यादव, अभय कुमार, दिनकर कुमार, आशुतोष कुमार, अमरेंद्र कुमार, हरे राम महतो, मुन्ना कुमार पंकज कुमार, शंभू शरण आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मंच संचालन व विषय प्रवेश डॉ एम एन रजवी ने किया।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर(मुंगेर)।** प्रखंड के इंद्ररुख पश्चिमी पंचायत पिछले कई सालों से पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य अधर लटका हुआ था वह अब अधिकारियों के निरीक्षण के बाद कार्य शुरू होने वाला है। पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर जिला पंचायती राज्य पदाधिकारी कमल नयन यादव अधिकारियों के टीम के साथ इंद्ररुख पश्चिमी पंचायत के चिन्हित जगह पर पहुंची।

पंचायत सरकार भवन को लेकर चिन्हित जगह पर जनता जनप्रतिनिधि से पूछताछ के बाद चिन्हित जगह का माफी करवाया गया। पंचायत सरकार भवन से संबंधित तमाम अधिकारियों के उपस्थिति में हुई माफी के बाद अधिकारी ने कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। इधर पंचायत सरकार भवन बनाने को लेकर दिए गए निर्देश के बाद पंचायत के जनता जनप्रतिनिधियों में खुशी देखी गई। विदित हो कि पिछले कई वर्ष से पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ था। जिसे अधिकारियों के स्थलीय निरीक्षण के बाद तमाम तरह की बढ़ाओ को दूर किया गया। मौके पर कई अधिकारी सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि पैक्स अध्यक्ष चिंटू कुमार, वार्ड सदस्य दिनेश, प्रभात कुमार सहित कई मौजूद थे।

## भाकपा माले का तीन दिनी 12वां राज्य सम्मेलन 16 से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिन वादी (भाकपा माले) का 12 वां राज्य सम्मेलन 16 से 18 मई तक दरभंगा के पोलो मैदान स्थित प्रेक्षा गृह में होगा। जिसमें राज्यभर के एक हजार प्रतिनिधि, पर्यवेक्षक और अतिथि भाग लेंगे। सम्मेलन की तैयारी को लेकर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाकपा माले पोलित ब्यूरो के सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में केंद्रीय कमिटी की ओर पर्यवेक्षक के रूप में तमिलनाडु से कामरेड वी शंकर आ रहे हैं।

भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य तीनों दिन सम्मेलन में रहेंगे और सम्मेलन को राजनीतिक दिशा देंगे। सम्मेलन स्थल का नामकरण रेणु नागार्जुन नगर, रामदेव वर्मा - लक्ष्मी पासवान सभागार, मधु मिश्रा - दयमंती सिन्हा - शहीदा खातून मंच किया गया है। श्री झा ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन 16 मई को प्रथम सत्र खुला अधिवेशन के रूप में होगा जिसमें माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, मंगनी लाल मंडल, राजेश राम, आई पी गुप्ता, बाल गोबिंद बिंद, उमेश सहनी, रामनरेश पांडे, ललन चौधरी, सांसद राजाराम सिंह, सुदामा प्रसाद आदि भाग लेंगे। खुला अधिवेशन में भाग लेने के लिए शहर के बुद्धिजीवियों और नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया है। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाकपा माले पोलित ब्यूरो के सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा ने कहा कि बिहार के अन्दर भाजपा जबरदस्ती सत्ता कब्जा कर आज छात्र युवाओं पर लाठियाँ बरसा रही है। सरकार के घोषणा के अनुरूप ही छात्र अपना रोजगार मांग रहा थे। लेकिन रोजगार देने के बदले सरकार छात्र - युवाओं से अपराधी की तरह व्यवहार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सम्मेलन में छात्र युवाओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज और प्रवासी मजदूरों की दिल्ली सहित अन्य जगहों पर हो रही हत्याओं को मुद्दा बनाया जायेगा। बुलडोजर राज के खिलाफ प्रतिरोध की रणनीति बनाई जायेगी। मौके पर माले के जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने कहा कि सम्मेलन की तैयारी जोर शोर से चल रही है। स्वागत समिति के गठन की तैयारी चल रही है। संवाददाता सम्मेलन को माले के वरिष्ठ नेता आर के सहनी, राज्य कमिटी सदस्य नेयाज अहमद, एवं नंदलाल ठाकुर ने भी संबोधित किया।

## ट्रेन में बढ़ती भीड़ को ले चलाया जागरूकता अभियान

**जमालपुर(मुंगेर)।** विक्रमशिला एक्सप्रेस में अत्यधिक भीड़ और सीट विवाद के मद्देनजर आरपीएफ ने जमालपुर स्टेशनों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया है। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों को हेल्पलाइन नंबर 139 के उपयोग, उचित टिकट के साथ यात्रा करने और अनारक्षित डिब्बों में भीड़ कम करने के लिए जागरूक करना है। जागरूकता अभियान का नेतृत्व कर रहे आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि जागरूकता अभियान यात्रियों को सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हेल्पलाइन 139 का उपयोग करने और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान आफ की टीम ने स्टेशन पर विशेष चेकिंग की, जिसमें दिव्यांग और महिला बोगियों में अनधिकृत यात्रियों को हटाया गया। आरपीएफ ने यात्रियों को अवैध रूप से आरक्षित डिब्बों में न घुसने की सलाह दी है। मौके पर सब इंस्पेक्टर विकास कुमार सिंह,समीर दास, सुमन लता मीणा, अनुज यादव सहित कई मौजूद थे।

## समारोहपूर्वक मनायी गयी कवि गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की जयंती




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल की वंदना सभा में कवि गुरु रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। समारोह का उद्घाटन निदेशक डॉ. संजय प्रधान के साथ अन्य वरीय शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

निदेशक ने अपने उद्बोधन में कवि गुरु को विश्व गुरु, विश्व कवि,सफल दार्शनिक, संगीतकार, नाटककार, लेखक और साहित्यकार कहा। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन कुमार झा ने कवि गुरु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जन्म, अध्ययन अध्यापन,दर्शन और संगीत से जुड़े घटनाओं का वर्णन किया। गीतांजलि को श्रेष्ठ रचना के रूप में 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ।

शिक्षित घराने में जन्मे लेकर शिक्षा के महत्व को पूर्ण स्थान देते हुए उन्होंने बंगाल में शांति निकेतन शिक्षण संस्थान की स्थापना की। इसी कड़ी में कई छात्रों ने भी अपना भाषण दिया और उनके जीवन चरित्र तथा कृतियों पर प्रकाश डाला। समारोह के अंत में वरीय शिक्षक सिविक घोष जी ने उनके अमर कृति ₹शांति निकेतन₹ की चर्चा करते हुए अपने को उसका भाग्यशाली छात्र भी माना। चुकी उनकी शिक्षा दीक्षा भी इस संस्थान में हुई है। आज वह विश्व भारती विद्यालय के रूप में भी जाना जाता है। इस समारोह में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं भी उपस्थित थे।

सभी शिक्षकों ने छात्रों के साथ पुष्पार्चन किया। बाल शिशुओं आराध्या कुमारी, बोस, प्रियांशी कुमारी, दिव्यंका कुमारी, कनिष्का राय,सृष्टि सुमन,गुड्डू चौधरी, प्रतीक्षा कुमारी,आदर्श कुमार, अभिषेक कुमार सोम कुमार, प्रशांत कुमार, कार्तिक कुमार, बंटी कुमार,आदित्य कुमार, वैभव कुमार ने रवींद्र संगीत पर नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया। बाल नृत्य और बांग्ला गान ने समा बांध बच्चों को दिया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

### मदर्स डे पर क्रिकेट टूर्नामेंट

**नगरनौसा(नालंदा)।** दाहा बिगहा खेल मैदान में मदर्स डे के मौके पर क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन स्टेट खिलाड़ी चंदन भारती, खेल संचालक बब्लू कुमार ने संजयुक्त रूप से मिलकर किया।अध्यक्षता सूरज आर्यन ने किया। टूर्नामेंट में एएस एकेडमी विशुनपुर नगरनौसा ने डीपीएस स्कूल हिलसा को 6 रन से हरा दिया।मैन ऑफ द मैच आदित्य कुमार को दिया गया। इस मौके पर डॉक्टर विशाल, शिक्षक गुंजन कुमार, रंजीत कुमार, नीरज यादव,डॉक्टर दीपक, अभिषेक पांडेय,आदि लोग उपस्थित थे।

## बेगूसराय में राष्ट्रीय लोक अदालत से 3480 मामलों का निष्पादन, 4 करोड़ 12 लाख रुपये के दावों पर समझौता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय कोर्ट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेगूसराय के तत्वावधान में शनिवार को वर्ष 2026 की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। बेगूसराय सिविल कोर्ट परिसर, गांधी स्टेडियम, तेघड़ा, मंझौल, बलिया, बखरी अनुमंडलीय न्यायालय तथा रेलवे कोर्ट बरौनी सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित इस लोक अदालत में कुल 3480 मामलों का निष्पादन आपसी समझौते के आधार पर किया गया। विभिन्न मामलों में कुल लगभग 4 करोड़ 12 लाख रुपये पर समझौता हुआ।

राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष ऋषिकांत, डीएलएसए सचिव करुणा निधि प्रसाद आर्य, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजीत कुमार, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ध्रुव महतो, डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी मनीष एवं परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश विजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने कहा कि जिला प्रशासन, न्यायिक पदाधिकारियों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समन्वय से राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न्याय पाने का सरल, सुलभ और कम खर्चीला माध्यम है, जिससे वर्षों पुराने विवादों का त्वरित समाधान संभव हो पाता है।




राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 20 बेंचों का गठन किया गया था। इन बेंचों के संचालन की जिम्मेदारी न्यायाधीश विजेंद्र कुमार, संजय कुमार तृतीय, रविशंकर कुमार, अरुण कुमार, श्रीराम झा, मनोज कुमार पंचम, नवीन कुमार श्रीवास्तव, कविता कुमारी, विवेक चंद्र वर्मा, रंजन कुमार, सुशांत कुमार, पप्पू कुमार पंडित, राकेश कुमार, आशुतोष कुमार, सत्य प्रकाश, रणधीर कुमार, रंजन देव, अवनेंद्र प्रकाश, मनोज कुमार सिंह एवं लीला को सौंपी गई थी।

इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य आकर्षण ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का निष्पादन रहा। ट्रैफिक चालान मामलों के लिए गांधी स्टेडियम बेगूसराय में विशेष रूप से पांच बेंचों का गठन किया गया था।

बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचे। मामलों की अधिकता को देखते हुए ट्रैफिक चालान से संबंधित सुनवाई रात 9 बजे तक जारी रही। शाम 7 बजे तक ट्रैफिक चालान के 688 मामलों का निष्पादन कर कुल 16 लाख रुपये की वसूली की गई। साथ ही आम लोगों को ट्रैफिक चालान राशि में 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ भी दिया गया।

लोक अदालत में समझौतावादी आपराधिक मामलों, पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण वसूली, बिजली विभाग, मोटर दुर्घटना दावा, रेलवे कोर्ट एवं अन्य मामलों का निपटारा किया गया। आंकड़ों के अनुसार 1729 आपराधिक मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं बैंकों ने 1759 मामलों में लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपये पर समझौता किया। बिजली विभाग के 56 मामलों में करीब 44 लाख रुपये पर समझौता हुआ।

दुर्घटना दावा के एक मामले में 15 लाख 38 हजार रुपये का निष्पादन किया गया। परिवार न्यायालय के 13 मामलों का निपटारा किया गया। रेलवे कोर्ट बरौनी में 679 मामलों का निष्पादन हुआ। अनुमंडल न्यायालय मंझौल में 34, बखरी में 93, बलिया में 60 तथा तेघड़ा में 76 मामलों का निष्पादन किया गया। डीएलएसए सचिव करुणा निधि प्रसाद आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोगों को त्वरित एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ भी कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। लोक अदालत के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के लिए न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, सहायक कर्मियों, ऑर्डरली, पीएलवी एवं अधिकार मित्रों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सिविल कोर्ट परिसर एवं गांधी स्टेडियम में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया था, जहां लोगों को आवश्यक सहायता एवं जानकारी उपलब्ध कराई गई।

इस दौरान डीएलएसए कर्मी इंद्रसेन शर्मा, सौरभ कुमार, उदय कुमार, संगम मिश्रा, शशि कुमार, आलोक कुमार, अधिकार मित्र हरेराम दास, मुरारी कुमार, हाई कोर्ट अधिवक्ता दीपक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**नावकोठी।** प्रखण्ड स्थित द्वारिका पैलेस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग रविवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले भर से आए भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग में कुल 12 सत्र आयोजित किए गए। जिसमें संगठन, राष्ट्रवाद, कार्यकर्ता विकास, पार्टी की विचारधारा, सोशल मीडिया की भूमिका, सेवा कार्य, भारतीय जनता पार्टी के इतिहास एवं विकास, सैद्धांतिक अधिष्ठान, एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, पंचनिष्ठा, विचार परिवार तथा देश के समक्ष राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन सत्रों को संबोधित करने के लिए प्रदेश के अलग-अलग जिलों से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रशिक्षक पहुंचे, जिन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति और वैचारिक दिशा की जानकारी दी। प्रशिक्षण अभियान में ढाई सौ से अधिक प्रमुख कार्यकर्ता प्रशिक्षित हुए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की संगठनात्मक शक्ति को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में शामिल होने पहुंचे बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेंद्र कुमार ने देश के समक्ष राजनीतिक एवं सामाजिक चुनौतियों विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए समाज को एकजुट करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व निभाने वाला राष्ट्रसेवक होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं एवं संगठन की विचारधारा पहुंचाने का आह्वान किया। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास एवं विकास विषय पर तेघरा विधायक रजनीश कुमार ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। जिसका आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता और राष्ट्रवादी विचार हैं। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा तक की यात्रा संघर्ष, त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित रही है। सैद्धांतिक अधिष्ठान, एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं पंचनिष्ठा विषय पर प्रदेश प्रवक्ता प्रीति शेखर ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का वैचारिक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानव दर्शन भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों पर आधारित विचारधारा है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की बात करती है।विचार परिवार विषय पर प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा ने कहा कि विचार परिवार राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के उद्देश्य से कार्य करने वाले संगठनों का व्यापक समूह है। उन्होंने कहा कि विचार परिवार से जुड़े संगठन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा, शिक्षा, जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहे हैं।
समापन सत्र में प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने में लगे हुए सभी भाजपा कार्यकर्ता को धन्यवाद देते हुए जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने कहा भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ताओं का निरंतर प्रशिक्षण पार्टी की सबसे बड़ी विशेषता है।
कार्यक्रम के अंत में नगर विधायक कुंदन कुंदन कुमार ने सभी प्रशिक्षकों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।
प्रशिक्षण में भाजपा नेता कृष्णमोहन पप्पू, नवीन कुमार,पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कुमार, डॉ सुरेश राय ,जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार, विकास कुमार, मृत्युंजय कुमार वीरेश,सुमित सनी, सुनील कुमार मुन्ना, राकेश रोशन, बेबी रजक, जिला मंत्री शुभम कुमार, पल्लवी कुशवाहा, पुष्पा राम, शशांक शेखर, निरंजन सिंह, रेखा राम, शालिनी देवी, आभा सिंह, ऋचा सिंह, कामिनी कंचन, चंदा चौहान सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता प्रशिक्षण अभियान में शामिल हुए।

# नौकरी मांगने पर जेल, लोकतंत्र की हत्या: माले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय नगर।** पटना की सड़कों पर अभ्यर्थियों को दौर -दौराकर बर्बरतापूर्वक पिटाई के विरोध में रविवार को भाकपा माले ने सीएम का पुतला जलाया। इस दमनात्मक कार्रवाई के खिलाफ भाकपा माले, आईसा, आरवाइए के संयुक्त बैनर तले भाकपा माले कार्यालय कमलेश्वरी भवन से मार्च निकाला गया जो समाहरणालय द्वार पर सभा में परिणत हो गया और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला फूंककर विरोध जताया। अभ्यर्थियों की मांग को पूरा करने की मांग की। सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा लाठी चार्ज भाजपा -जदयू सरकार की दमनकारी मानसिकता का खुला प्रदर्शन है। महिला अभ्यर्थियों के साथ क्रूरतापूर्ण और अमानवीय व्यवहार किया गया। यह केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं बल्कि रोजगार और अधिकार की मांग उठाने वाले नौजवानों के खिलाफ राज्य प्रायोजित दमन है। इस घटना की तीखे शब्दों में निन्दा करते हुए आन्दोलन में गिरफ्तार किए गए शिक्षक अभ्यर्थी नेताओं को जेल से तत्काल रिहाई और फर्जी मुकदमा रद्द करने की मांग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरवाइए के राज्य पार्षद रामकुमार तांती ने कहा बिहार में लाखों पद खाली पड़े हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। लेकिन सरकार बहाली के बजाय युवाओं पर लाठी बरसा रही है। भाजपा -जदयू सरकार रोजगार देने में विफल साबित हुई है। घटना की निन्दा करते हुए लाठीचार्ज में दोषी अफसरों पर कार्रवाई करने की मांग की। कार्यक्रम में चन्द्रदेव वर्मा, बैजू सिंह, नवल किशोर सिंह, राजेश श्रीवास्तव, संजय ठाकुर, राजाराम पासवान, जयजयराम पासवान,कलदेव पासवान, मदन सहनी, कन्हैयालाल साह,श्रवेंद्र राय,महेंद्र साह, बिपत साह, बीकेस साह, मोहम्मद मुर्तुजा शामिल थे।

# भाकपा अंचल परिषद की बैठक

**नावकोठी/नबिटा संवाददाता।** भाकपा अंचल परिषद की बैठक पहसारा में रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया गणेश महतो ने की। अंचल प्रभारी ने कहा कि देश के समक्ष विषम परिस्थिति है। एक ओर आम आवाम मूलभूत आवश्यक्ताओं की पूर्ति हेतु त्राहिमाम कर रही है तो दूसरी ओर केन्द्र की सत्तारूढ भाजपा सरकार बनाने के लिए तोड़ जोड़ की राजनीति में मशगूल है। राज्य के अंदर रोज, रोज हत्यायें, दुष्कर्म आदि हो रही है। शासन व्यवस्था पूरी तरह असफल है। आम नागरिक को कौन कहे ? यहां अधिकारी भी अपराधियो की गोलियों का शिकार हो रहें हैं। चारो ओर जनता त्राहिमाम है। केन्द्र की सरकार योजनाओं तथा स्थानों के नाम बदलने में महारत है। मजदूरों को 100 दिनों के काम की गारंटी योजना का नाम बदलकर जी बीबी राम जी कर 125 दिनों का काम देने का वायदा किया गया। विडंबना यह है कि इस योजना के संचालन के लिए राशि ही नहीं है। पूर्व में इस योजना के तहत कराये गए कार्य की राशि भुगतान के लिए जनप्रतिनिधि तथा मजदूर भटक रहे हैं। इसके लिए प्रत्येक पंचायत के मनरेगा भवन, पंचायत भवन पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। किसानों के फसल क्षति मुआवजा भुगतान सहित कई अन्य ज्वलंत सवालों के समाधान हेतु 25 मई को जिला समाहरणालय पर आयोजित प्रदर्शन में अधिकाधिक संख्या में कार्यकर्ताओं तथा किसानों को शिरकत करने की अपील की गई। पार्टी के सांगठनिक ढांचा को मजबूत करने के लिए केशव कुमार अनुभव को महेशवाड़ा,पहसारा पश्चिमी,पहसारा पूर्वी तथा डफरपुर,अंचल मंत्री चन्द्र भूषण चौधरी को नावकोठी,रजाकपुर तथा समसा, अमरेश पोद्दार टुनटुन को विष्णुपुर,सिसौनी तथा हसनपुर बागर का पंचायत प्रभारी बनाया गया है। नौ सदस्यीय अंचल कमिटी का गठन किया गया। केशव कुमार अनुभव को सहायक अचल मंत्री बनाया गया। इसके अतिरिक्त गणेश महतो, अमरेश पोद्दार टुनटुन, जितेंद्र कुमार, आनंद मोहन प्रसाद सिंह, श्रवण महतो, नसीम रब्बानी आदि को भी अंचल कार्यकारिणी में जगह मिली है। बैठक में अमर कुमार सिंह, महेन्द्र महतो, सत्यनारायण पोद्दार, राजेन्द्र ठाकुर, मो असफाक, सुशील कुमार सिंह सहित कई कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# अंतिम संस्कार में गया इकलौता पोता गंगा में डूबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर (आरा)।** थाना क्षेत्र के सुहियां गांव में उस समय मातम और चीख-पुकार का माहौल गहरा गया, जब दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गया 17 वर्षीय किशोर गंगा नदी में डूबकर लापता हो गया। रविवार को दोपहर में करीब 65 घंटे की कठिन खोजबीन के बाद एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की संयुक्त टीम ने किशोर का शव बरामद किया। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक सूरज कुमार सुहियां गांव निवासी दिलीप सिंह उर्फ छोटे सिंह का इकलौता पुत्र था। सूरज इंटर का छात्र था और उसके पिता भारतीय सेना में कार्यरत हैं। वर्तमान में वो कोलकता में तैनात है। परिवार में दादी के निधन के बाद शुक्रवार की शाम अंतिम संस्कार के लिए सभी लोग बक्सर जिले के नैनीजोर बिहार घाट स्थित श्मशान घाट पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार अंतिम संस्कार संपन्न होने के बाद परिवार के सदस्य गंगा स्नान और तिलांजलि देने नदी में उतरे थे। इसी दौरान अचानक चार लोग गहरे पानी की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों की सतर्कता और त्वरित प्रयास से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। लेकिन सूरज तेज धारा और गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ और एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमों को खोज अभियान में लगाया गया। लगातार 65 घंटे तक चले रेस्क्यू आपरेशन के बाद गोताखोरों ने सूरज का शव बरामद किया। एक ही परिवार में पहले दादी की मौत और फिर इकलौते पोते की असमय मौत ने परिवार को पूरी तरह तोड़ दिया है। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के मुखिया सोनू सिंह भी पिछले दो दिनों से परिवार के साथ डटे रहे और हरसंभव सहयोग में जुटे रहे। सुहियां गांव में इस हृदयविदारक घटना के बाद मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव के लोग स्तब्ध हैं और हर आंख नम है। सूरज की असमय मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 3480 मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय कोर्ट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेगूसराय के तत्वावधान में दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। बेगूसराय सिविल कोर्ट परिसर, गांधी स्टेडियम, तेघड़ा, मंझौल, बलिया, बखरी अनुमंडलीय न्यायालय तथा रेलवे कोर्ट बरौनी सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित इस लोक अदालत में 3480 मामलों का निष्पादन आपसी समझौते के आधार पर किया गया। विभिन्न मामलों में कुल लगभग 4 करोड़ 12 लाख रुपये पर समझौता हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष ऋषिकांत, डीएलएसए सचिव करुणा निधि प्रसाद आर्य, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजीत कुमार, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ध्रुव महतो, डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी मनीष एवं परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश विजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने कहा कि जिला प्रशासन, न्यायिक पदाधिकारियों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समन्वय से राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न्याय पाने का सरल, सुलभ और कम खर्चीला माध्यम है, जिससे वर्षों पुराने विवादों का त्वरित समाधान संभव हो पाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 20 बेंचों का गठन किया गया था। इन बेंचों के संचालन की जिम्मेदारी न्यायाधीश विजेंद्र कुमार, संजय कुमार तृतीय, रविशंकर कुमार, अरुण कुमार, श्रीराम झा, मनोज कुमार पंचम, नवीन कुमार श्रीवास्तव, कविता कुमारी, विवेक चंद्र वर्मा, रंजन कुमार, सुशांत कुमार, पप्पू कुमार पंडित, राकेश कुमार, आशुतोष कुमार, सत्य प्रकाश, रणधीर कुमार, रंजन देव, अवनेंद्र प्रकाश, मनोज कुमार सिंह एवं लीला को सौंपी गई थी। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य आकर्षण ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का निष्पादन रहा। ट्रैफिक चालान मामलों के लिए गांधी स्टेडियम बेगूसराय में विशेष रूप से पांच बेंचों का गठन किया गया था। बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचे। मामलों की अधिकता को देखते हुए ट्रैफिक चालान से संबंधित सुनवाई रात 9 बजे तक जारी रही। शाम 7 बजे तक ट्रैफिक चालान के 688 मामलों का निष्पादन कर कुल 16 लाख रुपये की वसूली की गई। साथ ही आम लोगों को ट्रैफिक चालान राशि में 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ भी दिया गया।लोक अदालत में समझौतावादी आपराधिक मामलों, पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण वसूली, बिजली विभाग, मोटर दुर्घटना दावा, रेलवे कोर्ट एवं अन्य मामलों का निपटारा किया गया। आंकड़ों के अनुसार 1729 आपराधिक मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं बैंकों ने 1759 मामलों में लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपये पर समझौता किया। बिजली विभाग के 56 मामलों में करीब 44 लाख रुपये पर समझौता हुआ। दुर्घटना दावा के एक मामले में 15 लाख 38 हजार रुपये का निष्पादन किया गया। परिवार न्यायालय के 13 मामलों का निपटारा किया गया। रेलवे कोर्ट बरौनी में 679 मामलों का निष्पादन हुआ। अनुमंडल न्यायालय मंझौल में 34, बखरी में 93, बलिया में 60 तथा तेघड़ा में 76 मामलों का निष्पादन किया गया। डीएलएसए सचिव करुणा निधि प्रसाद आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोगों को त्वरित एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ भी कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। इस दौरान डीएलएसए कर्मी इंद्रसेन शर्मा, सौरभ कुमार, उदय कुमार, संगम मिश्रा, शशि कुमार, आलोक कुमार, अधिकार मित्र हरेराम दास, मुरारी कुमार, हाई कोर्ट अधिवक्ता दीपक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिहार में भाजपा के बुलडोजर के खिलाफ एकजुट हो : माले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** अगिआंव के बडगांव में भाकपा-माले ने जनप्रतिरोध सभा आयोजित किया। बडगांव के स्थानीय लोगों द्वारा अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित की गई। लेकिन जातिवादी अपराधियों द्वारा मात्र 15 दिनों के अंदर तोड़ दिया गया। जिसके खिलाफ आज प्रतिरोध सभा मे शामिल हो बाबा साहेब के विचारों के आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और कहा कि तुम एक मूर्ति तोड़ोगे हम हजारों मूर्ति लगाएंगे। सभा को सम्बोधित करने वालों में भाकपा - माले जिला सचिव अभ्युदय, केंद्रीय कमिटी सदस्य राजू यादव, अगिआंव पूर्व विधायक शिवप्रकाश रंजन, इंसाफ मंच राज्य अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी, पूर्व विधायक पीरो चन्द्रदीप सिंह, राज्य कमिटी सदस्य व तरारी प्रखण्ड सचिव उपेन्द्र भारती आरवाइए प्रखड अध्यक्ष अप्पू यादव, सचिव अखिलेश कुमार गुप्ता, आरवाईए सहार प्रखंड सचिव अजित पासवान, मूर्ति स्थापना कमिटी के अध्यक्ष दिनेश राम, सचिव जय कुमार राम सदस्य राम सहेनी सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया। जन प्रतिरोध सभा की अध्यक्षता भाकपा - माले प्रखण्ड सचिव भोला यादव और संचालन जिला कमिटी सदस्य दसई राम ने किया। प्रतिरोध सभा ने प्रस्ताव पास किया जिसमे डॉ अम्बेडकर की मूर्ति तोड़ने वाले जातिवादी अपराधियों को अबिलम्ब गिरफ्तार किया जाए।

# पूर्व के विवाद में युवक ने चला दी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौंटा गांव में शनिवार की शाम आवास योजना को लेकर चल रहे पुराने विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। हमलावरों ने उसकी कनपटी पर पिस्टल सटाकर गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन मिसफायर होने से उसकी जान बच गई। घटना पिरौंटा गांव निवासी मनलाल यादव के साथ हुई। पीड़ित के बयान पर गांव के ही शिवजी यादव, उनके पुत्र सत्येंद्र यादव और वीरेंद्र यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी के अनुसार, शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे मनलाल यादव अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी शिवजी यादव अपने पुत्र सत्येंद्र यादव के साथ पहुंचे और उनके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान वीरेंद्र यादव भी वहां पहुंचा और कथित रूप से पिस्टल निकालकर मनलाल यादव की कनपटी पर सटा दी तथा जान से मारने की नीयत से फायर किया। हालांकि गोली मिसफायर हो गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के दौरान पीड़ित की बहन धानमुनी देवी ने साहस का परिचय देते हुए आरोपित पर झपट्टा मारकर पिस्टल छीन ली। इसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस को हथियार सौंप दिया गया।

# धीरज पांडेय बने इंडियन अमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** शाहपुर प्रखंड के भरौली गांव निवासी धीरज कुमार पांडेय इंडियन अमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन (आईएबीएफ) बिहार का प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनके मनोनयन पर राजनीतिक, सामाजिक एवं खेल जगत से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। धीरज कुमार पांडेय लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों एवं संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। अब उन्हें खेल संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से युवाओं में भी उत्साह देखा जा रहा है। उनके चयन को बिहार में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। धीरज पाण्डेय समाजसेवी शशि कांत पांडेय के पुत्र एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता है। मनोनयन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए धीरज कुमार पांडेय ने कहा कि बिहार की धरती प्रतिभाओं से भरी हुई है। यहां के युवाओं में अपार क्षमता है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच और बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि इंडियन अमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के माध्यम से बिहार में बॉक्सिंग खेल को नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। श्री पांडेय ने कहा, "बिहार अपने गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ खेलकूद, विशेषकर बॉक्सिंग के क्षेत्र में भी अपनी सशक्त और गौरवशाली छाप छोड़ेगा। उपाध्यक्ष बनने पर भरौली गांव सहित पूरे शाहपुर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं, खेल प्रेमियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

# अभाविप बिहारशरीफ नगर इकाई का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिहारशरीफ नगर इकाई के गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की भावी कार्ययोजना, छात्रहित से जुड़े मुद्दों एवं संगठन विस्तार पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।
बैठक में सर्वसम्मति से बिहारशरीफ नगर इकाई का गठन किया गया तथा विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस दौरान संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अभाविप नालंदा के विभाग प्रमुख डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रहित, राष्ट्रहित एवं शिक्षा के विकास के लिए कार्य करती रही है और आगे भी छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत रहेगी। जिला संयोजक प्रतीक राज ने कहा कि शिक्षा, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। परिषद छात्रों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक चेतना तथा राष्ट्रीय मूल्यों के संवर्धन के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल मेहता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अदिति एवं विभाग छात्रा प्रमुख गुड़िया कुमारी भी उपस्थित रहीं। नगर इकाई में सूर्यकांत वर्मा को नगर अध्यक्ष, अविनाश कुमार को नगर मंत्री तथा विवेक कुमार, संग्राम कुमार, अनीषा कुमारी, बिट्टू कुमार एवं पीयूष राज को नगर सह मंत्री बनाया गया। नेहा कुमारी को नगर छात्रा प्रमुख एवं रौशनी कुमारी तथा ऋषिका कुमारी को सह छात्रा प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा राहुल उपाध्याय को नगर मीडिया प्रमुख, लभ गोप को सोशल मीडिया प्रमुख, अभिजीत कुमार को सह सोशल मीडिया प्रमुख, अनमोल कुमार को एसएफडी प्रमुख, ऋतिक कुमार को सह एसएफडी प्रमुख, रोहित कुमार को खेलो भारत प्रमुख, शिवम कुमार को सह खेलो भारत प्रमुख, रजनीश कुमार को एसएफएस प्रमुख तथा प्रिंस कुमार को सह एसएफएस प्रमुख बनाया गया। विक्रम जैक को राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में प्रिंस कुमार, हिमांशु कुमार, प्रियांशु कुमार, अंकित कुमार, आशीष कुमार, धीरज कुमार, रवि कुमार, आकाश कुमार, बिट्टू अभिषेक कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं परिषद कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परिषद से जोड़ने का संकल्प लिया।

# हत्या के मामले में फरार महिला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** सहार थाना पुलिस द्वारा हत्या के मामले में फरार चल रहे महिला को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र इलाके में स्थित उसके मायके से की। वह सहार थाना क्षेत्र के नाढ़ी गांव निवासी धर्मवीर राम की पत्नी रिंकी देवी है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। बता दे कि बीते 21 अप्रैल की रात संदेश थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी रामदुलार राम का पुत्र भीम राम बाइक द्वारा सहार थाना क्षेत्र के नाढ़ी गांव जाने के लिए निकला था। इसी बीच गला रेतकर उसकी हत्या कर दी गई थी। इसके बाद उसकी शव 22 अप्रैल की सुबह थाना क्षेत्र के ननउर पुल से 200 मीटर दूर स्थित बधार में बुधवार की सुबह बरामद किया गया था। तब प्रेम-प्रसंग को लेकर हत्या करने की बात सामने आई थी। इसके पश्चात मृतक के पिता राम दुलार राम के द्वारा धर्मवीर राम एवं उसके सदोहर भाई रंजन राम के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अनुसंधान के क्रम में रिंकी देवी का नाम आया था। उसी समय से वह फरार चल रही थी।

## आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** नवादा थाना पुलिस द्वारा शराब कांड मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी अजीमाबाद थाना क्षेत्र के कमरिया गांव से की। गिरफ्तार आरोपित अजीमाबाद थाना क्षेत्र के कमरिया गांव निवासी राणा प्रताप सिंह का पुत्र बूढ़ा कुमार उर्फ रविकांत कुमार है। उक्त आरोपित फरार चल रहा था।

# सात निश्चय योजना में जहानाबाद की बड़ी उपलब्धि, राज्य में दूसरा स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार सरकार द्वारा जारी अप्रैल 2026 की रैंकिंग रिपोर्ट में सात निश्चय पार्ट-1 एवं पार्ट-2 योजनाओं के क्रियान्वयन में जहानाबाद जिले ने पूरे राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है। सात निश्चय के अंतर्गत संचालित 10 योजनाओं में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। डीआरसीसी के तहत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में 90.2 प्रतिशत, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना में 90.8 प्रतिशत तथा कुशल युवा कार्यक्रम में 89.3 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है। वहीं, सात निश्चय पार्ट-2 के अंतर्गत "हर खेत तक सिंचाई का पानी" (जल संसाधन विभाग), "हर घर नल का जल" (शहरी) के अनुरक्षण तथा "ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन–शहरी" योजनाओं में जिले ने 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा "हर खेत तक सिंचाई का पानी" (लघु जल संसाधन विभाग), "हर घर नल का जल" (ग्रामीण) अनुरक्षण तथा "ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन–ग्रामीण" योजनाओं में भी 95 प्रतिशत से अधिक प्रगति दर्ज की गई है। सभी गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापना योजना में भी जिले ने 98.7 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। जिला प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सतत मॉनिटरिंग एवं विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों को दिया है।

# कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : अम्बरीष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। घंटो चली बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में गिरफ्तारी, लंबित कांडों के निष्पादन, कुर्की, वारंट एवं इश्तिहार के तामिला सहित अन्य महत्वपूर्ण पुलिस कार्यों का भी गहन मूल्यांकन किया गया। शांति व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए संवेदनशील इलाकों में अपराधियों पर पैनी नजर रखने एवं सघन चेकिंग अभियान चलाने की पुलिस अधीक्षक ने हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने जिले के थानों में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उसके गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निष्पादन के लिए कड़े निर्देश दिए। अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, बिक्री तथा अवैध खनन में संलिप्त माफियाओं और शराब तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का आदेश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी माह के लिए आवश्यक लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने, विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित रखने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की मामलों में तेजी लाने तथा रात्रि गश्ती को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। थाना क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी रखने और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने यह स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों से ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की अपील की। अंत में अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का संदेश दिया गया। इस गोष्ठी में सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडे, दाउदनगर एसडीपीओ अशोक दास, मदनपुर एसडीपीओ चंदन कुमार, नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार, दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार, गोह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह, हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार, फ़ेसर थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी, जम्होर सूर्यवीर कुमार गुप्ता, देव थानाध्यक्ष कुमार सौरभ, सभी अंचल निरीक्षक, सभी थानाध्यक्ष तथा जिले के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# अवैध खनन मामले में चर्चित बालू कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अवैध बालू उत्खनन पर लगाम कसने के तहत उपहारा पुलिस ने हामिदनगर के चर्चित बालू कारोबारी भोला यादव को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि इस अवैध धंधे के यह पुराने खिलाड़ी हैं और पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा हैं। भोला लंबे समय से अवैध उत्खनन के धंधे में सक्रिय था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भोला रात के अंधेरे में अवैध उत्खनन कर बड़े पैमाने पर बालू भंडारण किया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर त्वरित छापेमारी की। यह कार्रवाई बीते रविवार को की गई थी जिसमें 1100 सीएफटी बालू जब्त कर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। साथ ही 1 लाख 47 हज़ार 475 रूपये जुर्माना लगाया गया था। जबकि यह मामले में फरार था। इसी क्रम में रविवार को यह पकड़ा गया। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत पुनपुन नदी से अवैध बालू उठाव को लेकर लगातार सूचना मिल रही थी। बालू माफिया की सक्रियता इस इलाके में बढ़ गई थी। बालू कारोबारी पर नकेल कसने के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में हामिदनगर गांव में 11000 सीएफटी बालू अवैध रूप से डंप किया गया था। जांच पड़ताल से पता चला उक्त बालू भोला यादव का है, जो नदी से चोरी-छिपे बालू उठाकर भंडारण किया है तथा आसपास के इलाकों में ऊंचे कीमत पर बेचने का काम करता है। मामले में खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष के द्वारा 3 मई 2026 को प्राथमिकी दर्ज की गई तथा 1 लाख 47 हज़ार 475 रुपए जुर्माना लगाया गया। छानबीन के दौरान भोला रविवार को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि इस बालू के खेल में शामिल अन्य माफिया की तलाश जारी है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की यह कार्रवाई अवैध बालू माफियाओं के लिए कड़े संदेश के रूप में देखी जा रही है।

# पारंपरिक लोकगीतों को बचाने के लिए प्रतियोगिता का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आधुनिकता की दौड़ में शादी-विवाह के पारंपरिक गीत धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं। विवाह की रस्मों में अब फिल्मों और धारावाहिकों का प्रभाव अधिक देखने को मिल रहा है। ऐसे में पारंपरिक लोकगीतों को बचाने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनेश्वर विकास केंद्र द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर रविवार को अधिवक्ता संघ भवन में रामजी सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। संचालन कला कौशल विभाग के अध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 मई को आदर्श विवाह सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें दहेज रहित विवाह कराने वाले संस्थानों एवं उनके प्रमुखों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही वैसे दंपतियों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने बिना दहेज के विवाह किया है। जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष सिद्धेश्वर विद्यार्थी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, वरिष्ठ कवि एवं लेखक लवकुश प्रसाद तथा आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि दहेज समाज के लिए अभिशाप है। इसे समाप्त करने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में मातृ शक्ति को समर्पित भव्य मदर्स डे समारोह आयोजित

# संस्कारों की आधारशिला होती है मां : धनंजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर के जसोइया स्थित लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में रविवार को मदर्स डे के अवसर पर भव्य, भावनात्मक एवं प्रेरणादायी समारोह का आयोजन किया गया। लॉर्ड बुद्धा एजुकेशनल डेवेलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम विद्यालय के सिद्धार्थ सभागार में संपन्न हुआ जहां कक्षा नर्सरी से तीन तक के छात्र-छात्राओं की माताओं की गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे वातावरण को मातृत्व के स्नेह और ऊर्ज़ा से आलोकित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाउंडेशन के चेयरपर्सन डॉ धनंजय कुमार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की माताओं एवं मुख्य अतिथि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर मातृ शक्ति को नमन किया। दीप की लौ के साथ पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंज उठा। अपने प्रेरणादायी संबोधन में डॉ. धनंजय कुमार ने कहा कि मां केवल जन्म देने वाली नहीं होती बल्कि वह बच्चे की प्रथम शिक्षिका, प्रथम गुरु और उसके संस्कारों की आधारशिला होती है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की माता राजमाता जिजाबाई, स्वामी विवेकानंद की माता भुवनेश्वरी देवी, एपीजे अब्दुल कलाम की माता आशियम्मा तथा नेपोलियन बोनापार्ट की माता लेटिज़िया रामोलिनो के उदाहरण देते हुए माताओं की भूमिका को समाज और राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। उन्होंने कहा कि एक संस्कारित एवं जागरूक मां ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है। उनके ओजस्वी विचारों ने उपस्थित माताओं के भीतर आत्मविश्वास और नई ऊर्ज़ा का संचार किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार, एचएम राहुल रंजन एवं कैंपस मैनेजर गौतम कुमार ने सभी माताओं का पुष्प एवं शब्दों के माध्यम से स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय और अभिभावकों के समन्वय से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक क्षण तब आया जब विद्यालय के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने भाषण, कविता, नाटक, समूह नृत्य एवं संगीत की रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। उनकी मासूम अदाओं और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भावुक, उल्लासपूर्ण और जीवंत बना दिया। सभागार बार-बार तालियों की गूंज से गूंजता रहा। मातृ सम्मान को समर्पित यह आयोजन केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहा बल्कि मां के त्याग, प्रेम, संस्कार और समर्पण के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का अनुपम अवसर बन गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित माताओं एवं अभिभावकों ने विद्यालय परिवार के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे अत्यंत भावनात्मक, प्रेरणादायी और यादगार आयोजन बताया। विद्यालय परिवार ने सभी आगंतुक माताओं एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग, स्नेह और सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मातृ दिवस पर पूर्व सांसद सुशील सिंह ने मां को बताया सबसे बड़ा गुरु



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मातृ दिवस के अवसर पर पूर्व सांसद सुशील सिंह ने सभी माताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां जीवन की सबसे बड़ी गुरु होती है। उन्होंने कहा कि प्रेम, करुणा, त्याग और धैर्य की प्रतिमूर्ति मातृशक्ति अपने अनुपम वात्सल्य और स्नेह से परिवार एवं समाज को सदैव अभिसिंचित करती है। सुशील सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति और धर्मग्रंथों में मां को सबसे ऊंचा स्थान दिया गया है। मां को गुरु, तीर्थ और देवताओं से भी श्रेष्ठ माना गया है। उन्होंने कहा कि मां का आशीर्वाद मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी शक्ति होती है और उनकी सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि मां के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और समर्पण व्यक्त करने का दिन है। समाज में माताओं की भूमिका अतुलनीय है, क्योंकि वे अपने त्याग, ममता और संस्कारों से नई पीढ़ी का निर्माण करती हैं। पूर्व सांसद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी को अपनी मां के प्रति सदैव आदर, सम्मान और सेवा का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां पुष्पलता सिंह का स्नेह जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और उनके आशीर्वाद से ही परिवार तथा समाज मजबूत बनता है। अंत में उन्होंने समस्त मातृशक्ति को मातृ दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।




# यादव समाज पर कथित टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** यादव समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक दाउदनगर अनुमंडल कार्यालय मैदान में रविवार को आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से सामाजिक एकजुटता और शैक्षणिक उत्थान पर चर्चा की गई। बैठक के उपरांत समाज के लोग भखरुआं मोड़ पर एकत्रित हुए और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

# पुलिस की कार्रवाई में 16 लोग गये जेल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 10, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 6 तथा अन्य मामलों में 21 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 42 लीटर देसी, 16.125 लीटर विदेशी, 1 साइकिल, 150 किलोग्राम महुआ बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1314 वाहनों की जांच की गई जिसमें 82000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 19 वारंट का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साईबर पुलिस द्वारा 12000 रूपये रिकवरी किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।




